ठाणे - मुंबई से प्रकाशित
शनिवार, 16 मई 2026
वर्ष - 19, अंक-150
मुल्य-2, पृष्ठ-8+4

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

www.tarunmitra.in

संपादक- स्वतंत्र कुमार

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

e-mail-tarun.thana@gmail.com

महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित



## पुणे के अस्पताल में बम रखने वाला आरोपित नागपुर से हुआ गिरफ्तार

तरुणमित्र, नागपुर

महाराष्ट्र में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुणे के हडपसर इलाके में अस्पताल में बम जैसी संदिग्ध वस्तु रखने के मामले के मुख्य आरोपित को नागपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान शिवाजी राठौड़ के रूप में हुई है, जिसे महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने उस समय पकड़ा जब वह ट्रेन से फरार होने की कोशिश कर रहा था।



सूत्रों के अनुसार पुणे के हडपसर स्थित उषाकिरण अस्पताल के पहले मंजिल के शौचालय में बुधवार शाम लगभग 7 बजे टाइमर बम जैसी संदिग्ध वस्तु मिलने से अफरा-तफरी मच गई थी। घटना सामने आते ही अस्पताल परिसर में दहशत फैल गई और प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।हडपसर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, फायर ब्रिगेड और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। इसके बाद सुरक्षा कारणों से अस्पताल में मौजूद मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ को बाहर निकाल दिया गया, जिससे कुछ समय के लिए पूरे इलाके में भय का माहौल बन गया। जांच के दौरान बम निरोधक दस्ते ने पाया कि संदिग्ध वस्तु में जिलेटिन की छड़ें और डिजिटल टाइमर जुड़े हुए थे। इसके बाद इस सामग्री को सुरक्षित रूप से हटाकर नियंत्रित तरीके से नष्ट कर दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एटीएस और क्राइम ब्रांच ने संयुक्त जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपित की पहचान शिवाजी राठौड़ के रूप में की गई। जांच में सामने आया कि आरोपित पुणे से फरार होकर नागपुर की ओर भाग रहा था। इसके बाद एटीएस ने नागपुर रेलवे जंक्शन पर जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल एटीएस यह जांच कर रही है कि इस साजिश में और कौन लोग शामिल हैं और क्या आरोपित के किसी आतंकी संगठन या बाहरी नेटवर्क से संबंध हैं।

## अमृतसर एयरपोर्ट पर 2.58 करोड़ का सोना पकड़ा, यात्री गिरफ्तार

**एजेंसी, अमृतसर ।** श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने एक यात्री से 2.58 करोड़ रुपये कीमत का सोना बरामद किया है। यह यात्री मलेशिया एयरलाइंस की फ्लाइट एमएच-119 से अमृतसर से कुआलालंपुर जा रहा था। कस्टम अधिकारियों को यात्री की गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसे रोका गया। अधिकारियों ने उसकी गहन जांच की, जिसमें यात्री के पास से 1,676 ग्राम 24 कैरेट सोना बरामद किया गया। यह सोना कड़ा और गोल्ड बिस्किट के रूप में छिपाकर रखा गया था। बरामद सोने की कुल कीमत करीब 2.58 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कस्टम विभाग ने सोने को कस्टम एक्ट के संबंधित प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया है। यात्री को गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी गई है।

## ब्रिक्स देशों ने वैश्विक दक्षिण के महत्व और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था पर दिया जोर

एजेंसी, नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 14 और 15 मई को नई दिल्ली में आयोजित की गई। पश्चिम एशिया के घटनाक्रम के बीच हो रही इस बैठक के बाद कोई संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया गया। हालांकि अध्यक्षीय वक्तव्य और परिणाम दस्तावेज़ जारी किया गया। मंत्रियों ने कहा कि ब्रिक्स अब वैश्विक दक्षिण के लिए प्रभावशाली मंच बन चुका है और भविष्य में इसका संस्थागत विस्तार तथा सहयोग और मजबूत किया जाएगा। इसमें बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था, संयुक्त राष्ट्र सुधार, आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता, गाजा में युद्धविराम, विकासशील देशों की मजबूत भागीदारी और वैश्विक शासन को अधिक न्यायसंगत, लोकतांत्रिक तथा संतुलित बनाने पर सबसे अधिक जोर दिया गया।



विदेश मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी में बताया गया है कि ब्रिक्स विदेश मंत्रियों ने वैश्विक राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और बहुपक्षीय सहयोग से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में भारत की 2026 ब्रिक्स अध्यक्षता 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' विषय के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, कूटनीति और संवाद को प्राथमिकता देने की बात कही गई। मंत्रियों ने गाजा, लेबनान, सूडान, सीरिया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए युद्धविराम, मानवीय सहायता और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन का समर्थन किया। फिलिस्तीन के लिए दो-राष्ट्र समाधान तथा संयुक्त राष्ट्र में उसकी पूर्ण सदस्यता के समर्थन को दोहराया गया।

## मप्र हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, धार की ऐतिहासक भोजशाला को माना वाग्देवी मंदिर

- मुस्लिमों को नमाज के अधिकार का एएसआई के आदेश को किया खारिज


एजेंसी, इंदौर



मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला के धार्मिक स्वरूप को लेकर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अपना फैसला सुना दिया। उच्च न्यायालय ने भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि भोजशाला परिसर मंदिर ही है। मस्जिद पक्ष को अलग जमीन दी जाएगी। इसके लिए मस्जिद पक्ष सरकार से याचिका करे। मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ ने अपने फैसले में कहा कि केंद्र सरकार और एएसआई यह फैसला लें कि भोजशाला मंदिर का मैनेजमेंट कैसा रहेगा। 1958 एक्ट के तहत इस प्रॉपर्टी का पूरा मैनेजमेंट एएसआई के हाथ में ही रहेगा। पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक और संरक्षित जगह देवी सरस्वती का मंदिर है। न्यायालय ने एएसआई का 2003 का वह आदेश भी रद्द कर दिया, जिसमें एएसआई ने भोजशाला में हिंदुओं को पूजा का अधिकार नहीं दिया था। न्यायालय ने इस आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें मुस्लिमों को नमाज पढ़ने का अधिकार दिया गया था।

## पेट्रोल-डीजल तीन रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा

एजेंसी, नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 3-3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। सीएनजी के दाम भी दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाए गए हैं। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। करीब चार साल बाद पेट्रोल-डीजल की कीमत में इजाफा किया गया है।

दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये से बढ़कर 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.67 रुपये से बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में भी ईंधन की कीमतों में उछाल आया है। कोलकाता में पेट्रोल 3.29 रुपये बढ़कर अब 108.74 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 3.14 रुपये बढ़कर 106.68 रुपये प्रति लीटर में मिल रहा है। दक्षिण भारत के बड़े शहर चेन्नई में पेट्रोल के दामो में 2.83 रुपये का उछाल आया है और नई कीमत 103.67 रुपये प्रति लीटर हो गई है। कोलकाता में डीजल की कीमत में 3.11 रुपये का इजाफा हुआ है। वहां एक लीटर डीजल 95.13 रुपये में मिल रहा है।

मुंबई में भी डीजल 3.11 रुपये महंगा होकर 93.14 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। चेन्नई में डीजल की कीमत में 2.86 रुपये का इजाफा किया गया है। वहां डीजल अब 95.25 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली के प्रीत विहार स्थित भारत पेट्रोलियम के पंप पर एक ग्राहक ने इस पर कहा, "हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं? ये सभी चीजें दूसरे देशों से आती हैं।

## युद्ध का मैदान बदल रहा इसलिए आने वाली जंगें हवा में हुआ करेंगी : एयर चीफ

एजेंसी, नई दिल्ली



युद्ध का मैदान बदल रहा है इसलिए आने वाली जंगें हवा में हुआ करेंगी। यही वजह रही कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में पहली बार भारत-पाक संघर्ष के दौरान ड्रोन सबसे पसंदीदा हथियार बने। ड्रोन आने वाले रोबोटिक युद्ध का सिर्फ शुरुआती एक्शन हैं। आने वाले समय में तीनों सेनाएं एक ही एयर में ऑपरेट करेंगी। इसके लिए अंतरिक्ष में भी आपसी तालमेल होना चाहिए। हवा में युद्ध करने से ऑपरेशन के दौरान इंसानों की जान का खतरा कम होता है और कम कीमत ही युद्ध लड़ा जा सकता है। इस तरह के विचार नई दिल्ली के एयरफोर्स ऑडिटोरियम में एक एयरोस्पेस पावर सेमिनार में शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने रखे हैं। स्वायत्त रक्षा थिंक टैंक सेंटर फॉर एयरपावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज के सहयोग से यह संयुक्त गोष्ठी आयोजित की गई। इस सेमिनार में वरिष्ठ सैन्य हस्तियों, क्षेत्र के विशेषज्ञों और विशिष्ट प्रतिभागियों को एयरोस्पेस क्षमता बढ़ाने में रखरखाव दक्षता और आत्मनिर्भरता की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाया गया। इस सेमिनार में भारत की वायु सेना को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई गई नीतिगत रूपरेखाओं पर केंद्रित पैनल चर्चाएं हुईं। विशेषज्ञों ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के राष्ट्रव्यापी विजन के अनुरूप रखरखाव रणनीतियों को अपनाने पर अपने विचार साझा किए।



## ऊर्जा की बचत ही है ऊर्जा उत्पादन का सबसे बड़ा और बेहतर विकल्प

# राजस्थान में निवेश फायदे का सौदा, सरकार का मिलेगा पूरा साथ : मुख्यमंत्री

- ईंधन के संयमित उपभोग की आदत से ही प्रशस्त होगी आत्मनिर्भरता की राह
- पेट्रोल-डीजल की बचत है सामूहिक जिम्मेदारी

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता, प्रभावी और स्थायी विकल्प है। संसाधनों के विवेकपूर्ण और संयमित उपभोग की आदत ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह को प्रशस्त करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और आने वाले समय में ऊर्जा प्रदाता राज्य के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा। गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के विकास की असीम संभावनाओं के साथ प्रदेश हरित ऊर्जा क्रांति का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना पर आधारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईंधन की एक-एक बूंद बचाने का मंत्र को अपनाते हुए सरकार ने राजकीय वाहनो के सीमित और संयमित उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक व्हीकल से पहुंचे और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने का सशक्त एवं प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन की बचत जनभागीदारी से जुड़ा एक व्यापक जनआंदोलन है। पेट्रोल-डीजल की बचत समय की आवश्यकता है और स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाकर ही भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों का समाधान संभव है। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आने के साथ-साथ पर्यावरण





संरक्षण को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप राजस्थान को ऊर्जा का पावरहाउस बनाने में भागीदारी निभाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने कहा कि निवेश की दृष्टि से भी राजस्थान देश के सबसे अनुकूल राज्यों में शामिल है। सरकार उद्योगों और निवेशकों को हर संभव सहयोग एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रगतिशील नीतियों का ही परिणाम है कि राज्य में सौर, पवन, बायो ऊर्जा, पंप स्टोरेज और ग्रीन हाइड्रोजन की परियोजना में निवेश के प्रस्ताव मिले हैं, जो कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकल्प लिया है कि भारत वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के साथ ही, वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य भी प्राप्त करेगा। राजस्थान सरकार इस लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रही है। राज्य में 828 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा की संभावनाएं हैं। अब तक राज्य में 47 गीगावाट से अधिक की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित हो चुकी है और राजस्थान सौर परियोजना स्थापना में देश में अग्रणी है। हमारी सरकार के कार्यकाल में 24 हजार 410 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा, बायो फ्यूल, ऊर्जा भंडारण एवं ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024 जारी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि विद्युत भार को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने के लिए कुसुम योजना के अंतर्गत लघु सौर परियोजनाएं कृषि भूमि पर स्थापित की जा रही हैं। योजना के तहत 4 हजार मेगावाट से अधिक की परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं तथा 6500 मेगावाट की परियोजनाएं आवंटित की जा चुकी हैं। साथ ही, राज्य में राजकीय उपक्रमों एवं संयुक्त उपक्रमों द्वारा 4 हजार 670 मेगावाट के सोलर पार्क स्थापित हो चुके हैं 12 हजार मेगावाट से अधिक के सोलर पार्क निर्माणाधीन हैं। राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में 1000 से अधिक राजकीय भवनों पर सौर्यकरण किया जा चुका है। वर्चुअल एवं नेट मीटरिंग के माध्यम से 600 मेगावाट के प्लांट लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत राज्य में 250 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक 115 गीगावाट अक्षय ऊर्जा तथा 10 गीगावाट की ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे वर्ष 2047 तक 290 गीगावाट किया जाएगा। 6 हजार मेगावाट बैट्री स्टोरेज क्षमता का आवंटन किया जा चुका है और 6 हजार 400 मेगावाट की परियोजना प्रक्रिया में हैं। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत हमारी जिम्मेदारी है। नागरिकों को जागरूक करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना, सोलर ऊर्जा का विस्तार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा रही है। वहीं, प्रधानमंत्री कुसुम जैसी दूरदर्शी योजनाओं के चलते प्रदेश ऊर्जा आत्मनिर्भता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, ऊर्जा क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों, निवेशकों सहित अन्य गणमान्य प्रतिभागियों ने शिरकत की।

# अखिल भारतीय केवट सेना के तत्वावधान में केवट जयंती मनाई


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो चीफ टोंक डॉ नरेन्द्र मेहरा



**टोंक** । अखिल भारतीय केवट सेना के तत्वावधान में महर्षि कश्यप स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूनी में केवट जयंती मनाई गई महाविद्यालय उप निदेशक आदित्य कश्यप ने बताया की त्रेतायुग में जब श्रीराम वनवास जा रहे थे तब केवट महाराज ने श्रीराम के पेर धोकर अपनी नाव में बिठा कर नदी पार करवाई थी जब श्रीराम उतराई मे सीता जी की अंगूठी दे रहे थे तब अंगूठी नही ली थी इस अवसर पर महाविद्यालय संस्थापक एवं दूनी ग्राम सेवा सहकारी समिति लि के चेयरमैन मोतीलाल मेहरा, निदेशक डॉ नरेन्द्र मेहरा, प्राचार्य डॉ पी आर मीणा, प्रबंध निदेशक राजेन्द्र मेहरा, डिप्टी डायरेक्टर आदित्य कश्यप, उपाचार्य अजय कुमार सिंह, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा, विकास देवतवाल, परमानन्द मेहरा, श्रीमती लक्ष्मी मेहरा, नीरज मेहरा, तेजवर्धन सिंह कश्यप सहित छात्र एवं छात्राएं मोजूद थे टोंक छावनी में केवट सेना के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र धीवर के प्रतिष्ठान आनन्दम टेंट हाउस पर केवट जयंती मनाई गई इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राजूलाल धीवर ASI, मुकेश कश्यप पार्षद, मोहनलाल कम्पाउंडर सहित अन्य मोजूद थे कहार कीर-केवट-कश्यप-मेहरा स्वजातीय समाज विकास मंच की और से केवट कुंज कोटा में प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार की अध्यक्षता में केवट जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और केवट महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष हरिनंद कहार ने कहा की केवट जयंती के अवसर पर हम सब को संकल्प लेना चाहिए की हमारे समाज की राजनीतिक मे पहचान बनाने के लिए हमारे समाज को संगठित होना पडेगा आज के युग में राजनीतिक पहचान के बीना कोई समाज तरक्की नही कर सकते हैं इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष फूलचंद कहार एडवोकेट, मोहनलाल कश्यप, जिलाध्यक्ष हरिमोहन कहार, मांगीलाल कहार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश कहार, छात्रावास अध्यक्ष राजेश सिकरवाल, प्रदेश प्रचार-प्रसार मंत्री राजेन्द्र कहार, मीडिया प्रभारी दानमल कहार, ओम शंकर कहार, कोषाध्यक्ष चेतन मलिया, युवा नेता आशु कहार, दिपांशु कहार सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मोजूद थे।

# श्री कालका मित्र मंडल देसूरी ने किया जोरदार स्वागत

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली





**मुंबई ,देसूरी**। कालका माता मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद विजय होने पर मीरा भायंदर महानगरपालिका महापौर डिंपल विनोद मेहता ने अपने परिवार सहित श्री कालका मंदिर पर पूजा अर्चना करवाकर आरती कर दर्शनों का लाभ लिया,श्री कालिका मित्र मंडल देसूरी समस्त ट्रस्ट कमेटी ने मीरा भायंदर महानगरपालिका (मुंबई) महापौर श्रीमती डिंपल विनोद मेहता का मारवाड़ी परंपरा के अनुसार साफा व शॉल व मोमेंटो दुपट्टा पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया गया, महापौर डिंपल मेहता विनोद मेहता ने माताजी के दरबार में आशीर्वाद प्राप्त करने के समय उन्होंने अपने प्रदेश और महाराष्ट्र प्रदेश की खुशहाली की कामना की गई, महापौर डिंपल विनोद मेहता ने कहा मुझे माताजी के आशीर्वाद से महाराष्ट्र प्रदेश में की जिम्मेदारी मिली है कि मैं अपने क्षेत्रवासियों और प्रवासी भाइयों के विकास और उनको बनते अधिकार दिलाने के लिए इस राजनीति के क्षेत्र में आने का जनसेवा ही एकमात्र लक्ष्य है, उन्होंने चर्चा करते हुए कहा आज महिला शक्ति कमजोर नहीं है वह जागरूक होकर अपने परिवार के साथ-साथ देश सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की हिम्मत रखनी है, उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे महिला शक्ति को भी राजनीति में भारतीय जनता पार्टी ने बेहतरीन मौका दिया है, उन्होंने कहा नारी शक्ति दुर्गा और महाकाली का स्वरूप है, उन्होंने कहा महिलाओं को भी राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देने के लिए आगे आने की जरूरत है। भामाशाह विनोद मेहता ने बहुत ही खुशी का इजहार करते हुए कहा हमें बहुत खुशी होती है जब हम अपने गांव में आते हैं जहां हमारे दादा परदादा की विरासत आज भी एक यादगिरी बनी हुई है, साथ में गांव की शांति और जंगल पहाड़ हमारे को बहुत ही सुंदर लगते हैं, आज माताजी के दरबार में आकर मन को शांति मिली है माताजी जो सदियों से ही विराजमान माता जी के आशीर्वाद से ही देश प्रदेश में भी बहुमान मिला है। उन्होंने श्री कालिका मित्र मंडल समस्त ट्रस्ट सदस्यों का धन्यवाद आभार प्रकट करते हुए शुभकामनाएं दी। जिस सभी ट्रस्ट मंडल के लोग मौजूद थे उपाध्यक्ष रमेश सुथार ,नरसिंह वैष्णव, घनश्याम छिपा, बाबूलाल सुथार, श्रवण सीसोदिया ,धनराज चौधरी, मुकेश सुथार, योगेश सेन ,भावेश दवे, पुजारी तुलसीदास वैष्णव, बड़ी संख्या में महिला शक्ति भी मौके पर उपस्थिति रही।

# राजकीय प्राथमिक विद्यालय भील बस्ती देसूरी में शिक्षण सामग्री वितरित

कर्मपालसिंह सवाली



**देसूरी 15मई**। स्थानीय राजकीय प्राथमिक विद्यालय भील बस्ती देसूरी में अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजयसिह माली के सानिध्य में समस्त 67विद्यार्थियों को भामाशाह विंची सोबिन के सौजन्य से शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

संस्था प्रधान शिवराम राईका ने बताया कि शिक्षक प्रकाश चंद्र मोबारसा की प्रेरणा से भामाशाह विंची सोबिन के सौजन्य विद्यालय की कक्षा 1से 5तक अध्ययनरत सभी 67विद्यार्थियों को कापियां,रबर,पेन पेंसिल स्केल आदि शिक्षण सामग्री अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली के करकमलों से वितरित की गई।इस अवसर पर माली ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रुप से विद्यालय आने व पढ़ाई करने का आह्वान किया।शिक्षक प्रहलाद गर्ग ने भामाशाह का आभार व्यक्त किया। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विजय सिंह माली ने भामाशाह मुकेश कुमावत व रोहित कुमावत के साथ उनके द्वारा विद्यालय में निर्माणाधीन जल गृह का अवलोकन किया तथा भामाशाह का आभार व्यक्त किया। संस्था प्रधान ने भामाशाह से विद्यालय के लिए प्रिंटर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जिसे भामाशाह ने तुरंत स्वीकार कर लिया।तत्पश्चात माली ने विद्यालय का शाला संबलन के तहत निरीक्षण कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक सहशैक्षणिक प्रगति जानी व अभिलेखों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# गो माता के साथ मनाया जन्म दिन,गो शाला संचालक मंडल ने दी शुभकामना

ब्यूरो चीफ,अखेराज



**फलोदी बाप** : आधुनिकता की होड़ में सनातन संस्कृति को जीवित रखने के लिए कई परिवार लगे हैं।गो भक्त धुंड चंद जी कोठारी की सुपुत्री सुमन धर्मपत्नी राजकुमार सावना ने अपने लाडले प्रणव का जन्म दिन गो माता को भोजन करवाकर बाप गो शाला में मनाया। कोठारी ने कहा कि होटलों में जाकर फूहड़ डांस कर केक काट कर जन्मदिन मनाने की हमारी परम्परा नहीं है। हम गरीबों को भोजन, बच्चो का मुंह मीठा, गो माता का पूजन कर भोजन करवाना,दीपक जलाकर,यज्ञ कर मनाने की हमारी सनातनी परम्परा है।हमारे बच्चे केक काटकर आपस में कटना नहीं दीपक जलाकर पथ को चमकाने वाले बने।इसी लिए हम पाश्चात्य संस्कृति नहीं वैदिक संस्कृति की तरफ बढ़े यही समय की मांग है।

**गो शाला संचालक मंडल ने दी बधाई** : बाप ऋषि गोपाल गो शाला मनसुख पालीवाल, मूल चंद, डीसी कोठारी,भवर कोठारी,अशोक चाण्डक ,रमेश सेन, श्री बल्लभ व्यास, अखेराज, मोहन भैया, अमृत लाल भूतड़ा, दामोदर मेहता, जगदीश शर्मा,इमरती,ओम राठी, तिलोक राठी, ने शुभकामना देते स्वस्थ, मस्त रहने की कामना की।

# नजीर: भीषण गर्मी में शिक्षक ने घर-घर जाकर जगाई अलख, 'सांसियों का तला' गांव ने की 100% स्व-जनगणना



**बाड़मेर/बालोतरा तरुणमित्र (जिला ब्यूरो चीफ असरफ मारोठी) बाड़मेर** | राष्ट्रीय जनगणना 2027 को लेकर बाड़मेर तहसील के राजस्व गांव 'सांसियों का तला' से जागरूकता की एक सुखद तस्वीर सामने आई है। प्रगणक व स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा 'अमन' के निरंतर प्रयासों के चलते इस छोटे से गांव ने स्व-जनगणना (Self-Enumeration) के चरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है। गांव के सभी 75 परिवारों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पोर्टल पर खुद का विवरण दर्ज कर दिया है।

### धोरों में पसीना बहाया, तब आई जागरूकता

शिक्षक मुकेश अमन ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार जनगणना के प्रारंभिक चरण में आमजन को स्वयं डेटा फीड करने का विकल्प दिया गया है। इसे सफल बनाने के लिए उन्होंने रेतीले धोरों और भीषण गर्मी के बीच ढाणी-ढाणी जाकर ग्रामीणों को प्रेरित किया। ग्रामीणों को समझाया गया कि जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं का आधार है। इसी का परिणाम रहा कि गांव के हर तबके ने इसमें बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

**जिम्मेदारी का परिचय: बाड़मेर तहसील में अग्रणी बना गांव** : शिक्षक अमन के अनुसार, ग्रामीणों ने अपनी नागरिक जिम्मेदारी को समझा और प्रक्रिया की जानकारी मिलने के बाद तुरंत स्व-जनगणना पूर्ण की। बाड़मेर तहसील में सांसियों का तला उन चुनिंदा राजस्व गांवों में शामिल हो गया है, जहाँ यह कार्य इतनी शीघ्रता और सटीकता से पूरा हुआ है। शासन के निर्देशों की अनुपालना में यह उपलब्धि अन्य गांवों के लिए भी एक मिसाल बनकर उभरी है।

# मेघवाल समाज रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 16 मई से

पाली ब्यूरो चीफ भरत शर्मा

**रानी-पाली**। मेघवाल शिक्षण संस्था रानी व श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्था शाखा रानी/वरकाणा के संयुक्त तत्वावधान में मेघवाल समाज रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 16 मई से 20 मई 2026 तक धर्मवीर मैदान, रानी में किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर समाज एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। मेघवाल शिक्षण संस्था रानी के अध्यक्ष सवाराम मेघवाल व श्री मारवाड़ शिक्षण संस्था वरकाणा के अध्यक्ष दीपाराम बागरेचा ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51,000रूपये उपविजेता को 21,000रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11,000 रूपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 16 मई को शाम 6 बजे आयोजित होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मारवाड़ जंक्शन विधायक केसा राम चौधरी एवं उपखंड अधिकारी शिवा जोशी , पूर्व आयुर्वेदिक राज्य मंत्री अचलाराम मेघवाल, पूर्व विधायक संजना आगरी, तहसील मोहनलाल राठौड़,सी.आई. पुलिस थाना रानी आंनद कुमार, अधिशाषी अधिकारी मगराज चौधरी,नगर पालिका निवर्तमान अध्यक्ष भरत जैन, निवर्तमान उपाध्याय डाल चंद चौहान, भाजपा रानी मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत, पूर्व अध्यक्ष जयन्ति लाल वैष्णव उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी भी समारोह में शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 20 मई को रात्रि 8 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन रात्रिकालीन मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें क्षेत्र की विभिन्न टीमें भाग लेंगी।

# ऐसीबीईओ देसूरी ने सादड़ी के विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

कर्मपालसिंह सवाली/अमरपूरी गोस्वामी दादाई




**सादड़ी 15मई**। अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिह माली ने स्थानीय सेठ फुटरमल हिम्मतमल बाफना राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल सादड़ी,राजकीय प्राथमिक विद्यालय मीणो का अरट व राजकीय प्राथमिक विद्यालय खूणी बावड़ी का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संस्था प्रधान इंदुबाला ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिह माली ने प्रार्थना सभा का अवलोकन कर सराहा।माली ने विद्यालय पहुंच कर भामाशाह द्वारा कक्षा 1से 3के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी तत्पश्चात दूध वितरण ,एमडीएम, मूवमेंट रजिस्टर ,पुस्तक अवदान रजिस्टर,एस एच डब्ल्यू रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माली ने कक्षाओं का अवलोकन कर संबलन प्रदान किया तथा विद्यार्थियों से संवाद किया।इस अवसर पर बसंती , युवराज गौड़ व गिरधारीलाल रैगर समेत समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इससे पहले माली ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय मीणो का अरट व राजकीय प्राथमिक विद्यालय खूणी बावड़ी का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माली ने कार्यवाहक संस्था प्रधान प्रमोद बावल व अमित गुप्ता से विद्यार्थियों की शैक्षणिक सहशैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।माली ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। माली ने विद्यालयों में निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, कार्यपुस्तिका वितरण, लर्निंग आउटकम फ्लेक्स, स्वगणना, की प्रगति की जानकारी ली व मिशन मानस की चर्चा की ।

# 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जानवी सिंह ने बढ़ाया परिवार व विद्यालय का गौरव

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली



**आबूरोड**। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 2026 में सेन्ट ऐन्सलम् सीनियर सैकण्डरी स्कूल आबूरोड की होनहार छात्रा जानवी सिंह ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। जानवी की इस उपलब्धि से परिवार एवं विद्यालय में खुशी का माहौल है। जानवी सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय परिवार ने उनकी सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। संस्था प्रधानाचार्य फादर जोजो, उप-प्रधानाचार्य सिस्टर अरूणा एवं मैनेजर फादर जोशी ने जानवी सिंह को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। जानवी की सफलता पर उनके दादा जयप्रकाश सिंह, पिता जितेन्द्र सिंह एवं माता निशा सिंह ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा बेटी को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।क्षेत्रवासियों एवं परिजनों ने भी जानवी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# महिलाएं निवारक स्वास्थ्य और जांच पर ज्यादा ध्यान दें यामी

### सूर्या हॉस्पिटल्स में "ऐम्बर विंग" का किया उद्घाटन

तरुणमित्र, अभिषेक पोद्दार



**मुंबई, 15 मई 2026:** महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता की पहचान बन चुके सूर्या हॉस्पिटल्स ने आज "ऐम्बर विंग" का उद्घाटन किया। यह महिलाओं के लिए समर्पित एक अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा है, जिसे महिलाओं के लिए विशेष, निवारक और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उद्घाटन समारो ह में अभिनेत्री और स्वास्थ्य जागरूकता की पैरोकार श्रीमती यामी गौतम धर के साथ सूर्या हॉस्पिटल्स के वरिष्ठ डॉक्टर, स्वास्थ्य पेशेवर और नेतृत्व टीम मौजूद रही।

डॉ. भूपेंद्र एस.अवस्थी, संस्थापक, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, सूर्या हॉस्पिटल्स ने कहा,"महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक समर्पित इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए जो न केवल निवारक और डायग्नोस्टिक जरूरतों को पूरा करे, बल्कि विशेष सर्जिकल सेवाएं भी दे सके। ऐम्बर विंग को महिलाओं के लिए एक उन्नत सर्जिकल सेंटर के रूप में तैयार किया गया है, जो हमारी मौजूदा यूनिट की क्षमता को काफी बढ़ाएगा और विशेष सर्जरी, क्रिटिकल केयर तथा एकीकृत उपचार सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराएगा। हमारा विजन है कि महिलाओं को समय पर निदान, उन्नत सर्जिकल विशेषज्ञ और संवेदनशील देखभाल एक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य तंत्र के जरिए मिल सके।"

ऐम्बर विंग की परिकल्पना भारत में महिलाओं के लिए एकीकृत और विशेष स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं शामिल हैं। 55 अतिरिक्त बेड, जिससे सांताक्रुज स्थित महिलाओं एवं बच्चों के समर्पित स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर की कुल क्षमता 250 से अधिक बेड हो जाएगी जिसमें विशेष परामर्श कक्ष, उन्नत डायग्नोस्टिक और स्क्रीनिंग सुविधाएं, कार्डियोलॉजी एवं कार्डियक सर्जरी, एम्बुलेटरी और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी, न्यूनतम चीरफाड़ वाली गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी, अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर सुविधाएं, रोबोटिक सर्जरी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (जल्द शुरू होने वाला), महिलाओं के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ स्क्रीनिंग कार्यक्रम।

यामी गौतम धर, अभिनेत्री ने कहा,"महिलाओं की सेहत अक्सर पीछे रह जाती है क्योंकि वे अपने परिवार की देखभाल को हमेशा पहले रखती हैं। ऐम्बर विंग जैसी समर्पित स्वास्थ्य पहले समय पर परामर्श, नियमित स्क्रीनिंग, निवारक देखभाल के प्रति जागरूकता और जरूरत पड़ने पर विशेष सर्जिकल उपचार को बढ़ावा देने में बहुत जरूरी हैं। मुझे खुशी है कि मैं ऐसी पहल का समर्थन कर रही हूं जो महिलाओं के स्वास्थ्य और जल्दी निदान पर ध्यान केंद्रित करती है।"

डॉ. भुवन डी, जोनल डायरेक्टर, सूर्या हॉस्पिटल्स ने कहा,"नया ऐम्बर विंग मुंबई भर के मरीजों के लिए उन्नत सर्जिकल देखभाल को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह सुविधा हमें आधुनिक बुनियादी ढांचे और बहु विषयक विशेषज्ञता के सहयोग से कार्डियक साइंसेज, कार्डियक सर्जन, ऑर्थोपेडिक और रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी जैसी प्रमुख विशेषताओं को पेश करने और बढ़ाने में मदद करेगी। इस विस्तार के साथ हमारा लक्ष्य तकनीकी, विशेषज्ञता और समन्वित चिकित्सा सहायता के जरिए उन्नत नैदानिक सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाना है।"

इस लॉन्च के तहत सूर्या हॉस्पिटल्स ने 'द ऐम्बर प्रॉमिस फॉर विमेंस हेल्थ' भी पेश किया। यह एक प्रतीकात्मक जागरूकता-आधारित पहल है जिसका मकसद महिलाओं को निवारक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित जांच और समय पर चिकित्सा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करना है। इस पहल ने मेहमानों, डॉक्टरों, स्वास्थ्य पेशेवरों और उपस्थित लोगों को महिलाओं के स्वास्थ्य और निवारक देखभाल के बारे में अपने संदेश और प्रतिबद्धताएं साझा करने का मौका दिया, जिससे महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति मजबूत जागरूकता और सक्रिय सोच को बल मिला।

## फोन नहीं उठाने पर आशिक ने प्रेमिका को उतारा मौत के घाट शव जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश आरोपी गिरफ्तार

तरुणमित्र / ब्यूरो






**भिवंडी** : भिवंडी में प्रेम प्रसंग को लेकर एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। प्रेम संबंध में महिला द्वारा प्रतिक्रिया न देने और फोन न उठाने से नाराज एक व्यक्ति ने महिला की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने के इरादे से शव को सुनसान इलाके में ले जाकर जला दिया। भिवंडी क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय मुकादम उर्फ द्वारकाप्रसाद वर्मा (42) के रूप में हुई है, जबकि मृत महिला का नाम सरितादेवी विकास महतो (33) बताया गया है। पुलिस के अनुसार पद्मानगर इलाके में रहने वाली सरितादेवी की आरोपी से पहचान थी। महिला आरोपी के साथ प्रेम संबंध नहीं रखना चाहती थी और उससे बातचीत भी बंद कर दी थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने 11 मई को महिला को अपने घर बुलाया। वहां मोबाइल फोन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने गुस्से में महिला की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को घर में ही छिपाकर रखा और देर रात करीब ढाई बजे प्लास्टिक के पोते में भरकर पद्मानगर स्थित दुर्गा प्रसाद होटल के पास मैदान में ले गया। वहां भंगार कपड़ों और धागों की मदद से शव को जलाकर सबूत मिटाने की कोशिश की गई। इस मामले की जांच भिवंडी शहर पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शीतल राऊत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके में पूछताछ, गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली। इस कार्रवाई में सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीराज माली, मिथुन भोईर, पुलिस उपनिरीक्षक रविंद्र पाटील समेत क्राइम ब्रांच की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नवी मुंबई के एपीएमसी बाजार में खाद्य तेल की कीमतों में भारी उछाल

### आम जनता और व्यापारियों की बढ़ी चिंता

तरुणमित्र/ब्यूरो



**नवी मुंबई**। नवी मुंबई स्थित एपीएमसी बाजार समिति में पिछले कुछ दिनों से खाद्य तेल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसने व्यापारियों और आम नागरिकों की नींद उड़ा दी है. सोयाबीन, सूरजमुखी और पाम तेल के दामों में लगातार हो रहे इजाफे का सीधा असर अब खुदरा बाजार पर भी नजर आने लगा है।

बाजार के विशेषज्ञों और व्यापारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव, आयात शुल्क और परिवहन लागत में वृद्धि इस महंगाई के मुख्य कारण हैं. थोक बाजार में तेल की कीमतों में प्रति लीटर कई रुपयों की वृद्धि दर्ज की गई है, और आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में कीमतें और भी ऊपर जा सकती हैं. इस अचानक हुई दरवाढ के कारण खुदरा विक्रेताओं को अब ऊंचे दामों पर माल खरीदना पड़ रहा है. इसका सबसे बड़ा खामियाजा आम आदमी को भुगतना होगा, क्योंकि रसोई का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है. पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अब खाना पकाने का तेल खरीदना एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है. व्यापारियों का मानना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो बाजार में मांग और आपूर्ति का संतुलन और भी बिगड़ सकता है।

### भिवंडी तालुका के दह्याले गांव में 100 प्रतिशत स्वगणना पूरी

तरुणमित्र / ब्यूरो

**भिवंडी** : महाराष्ट्र दिवस 1 मई से राज्यभर में जनगणना के पहले चरण के तहत स्वगणना अभियान की शुरुआत की गई है। भिवंडी तालुका में तहसीलदार अभिजित खोले के नेतृत्व में सभी गांवों में स्वगणना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम महसूल अधिकारी साझा काटई हद्द अंतर्गत आने वाले मौजे दह्याले गांव में 100 प्रतिशत स्वगणना पूरी कर ली गई है। गांव में कुल 59 घर हैं और यहां की अनुमानित जनसंख्या करीब 300 बताई जा रही है। तहसीलदार अभिजित खोले ने जानकारी देते हुए बताया कि दह्याले गांव में स्वगणना का कार्य पूरी तरह सफल रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी नागरिक इस अभियान को अच्छा प्रतिसाद दे रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से आगे भी जनगणना कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

## नवी मुंबई के एनआरआई कॉम्प्लेक्स में गुलाबी मेहमानों की दस्तक

### खाड़ी के पानी पर बिखरी कुदरत की लाली

तरुणमित्र/ब्यूरो



**नवी मुंबई**। नवी मुंबई के नेरुल स्थित एनआरआई कॉम्प्लेक्स के पीछे वाला खाड़ी क्षेत्र इन दिनों किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा नजर आ रहा है. हर साल की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में फ्लेमिंगो (मराल) पक्षियों ने यहां अपना बसेरा डाल दिया है, जिससे पूरे इलाके की रंगत ही बदल गई है।

सुबह और शाम के वक्त जब सूरज की किरणें खाड़ी के शांत पानी और इन गुलाबी पक्षियों के झुंड पर पड़ती हैं, तो नजारा बेहद जादुई हो जाता है. इस मनमोहक दृश्य को अपनी आंखों में कैद करने और कैमरे में उतारने के लिए शहर के कोने-कोने से पक्षी प्रेमी और फोटोग्राफर्स यहां पहुंच रहे हैं. हालाँकि, पर्यावरण प्रेमियों ने इस प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने आने वाले नागरिकों से एक खास अपील की है. विशेषज्ञों का कहना है कि ये पक्षी बेहद संवेदनशील होते हैं, इसलिए उन्हें देखने के दौरान शोर-शराबा न करें और परिसर में गंदगी फैलाने से बचें. खाड़ी की स्वच्छता बनाए रखना इन विदेशी मेहमानों की सुरक्षा और उनके हर साल वापस आने के लिए बेहद जरूरी है. अगर आप भी प्रकृति के इस अनोखे उपहार का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो नेरुल की यह खाड़ी आपका स्वागत करने के लिए तैयार है।

## भिवंडी के दो नवयुवकों की मुंबई वडोदरा महामार्ग पर दर्दनाक मौत

तरुणमित्र / अनिल वर्मा



**भिवंडी** : भिवंडी के दो युवकों की मुंबई-वडोदरा महामार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। उद्घाटन से पहले ही इस महामार्ग पर लगातार हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं। शुक्रवार को दुगाड इलाके में सड़क निर्माण कार्य में लगे एक डंपर से बाइक टकरा जाने के कारण यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान जिशान अंसारी (20) निवासी पिरानी पाडा और इमरान अंसारी (25) निवासी पटेल कंपाउंड, धामणकर नाका के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि दोनों युवक वॉलपेपर लगाने का काम करते थे और काम के सिलसिले में अंबाडी इलाके गए हुए थे। काम खत्म कर वापस भिवंडी लौटते समय मोहिली-दुगाड के पास उनकी बाइक डंपर से जा भिड़ी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव होने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गणेशपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिवंडी के सरकारी उपजिला अस्पताल भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतकों के परिवार और इलाके में शोक की लहर फैल गई है।

## अंतराष्ट्रीय बाजार में स्थिरता, डिमांड की सुस्ती से खाद्य तेलों में सिमित घट बढ़ : सुरेशभाई ठक्कर

तरुण मित्र ब्यूरो



**ठाणे**। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ के अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा यूएस-चीन बैठक से बाजार को कोई बड़ा समर्थन नहीं मिलने पर CBOT सोयाबीन में तेज गिरावट रही। अमेरिकी ट्रेजरी ने कहा कि चीन की मौजूदा सोयाबीन खरीद प्रतिबद्धताएं फिलहाल पर्याप्त हैं। चीन की ओर से नई बड़ी खरीद घोषणा नहीं होने से बाजार निराश दिखा।कमजोर चीनी मांग और सस्ते ब्राजीलियन सोयाबीन से अमेरिकी निर्यात पर दबाव बना हुआ है। CBOT सोयाबीन वायदा 36.5 सेंट टूटकर 11.92 प्रति बुशल पर बंद हुआ। सोया तेल वायदा भी 0.66 सेंट गिरकर 73.66 सेंट/पाउंड पर बंद हुआ। कल भारतीय सोयाबीन और सोयामील बाजार में कुछ सट्टेबाजी देखने को मिली।KLC 4450 के महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर के नीचे फिसल गया। साप्ताहिक क्लोजिंग 4450 के नीचे रहने पर पाम तेल में और कमजोरी आ सकती है।फंडामेंटल बहुत ज्यादा कमजोर नहीं हैं, लेकिन मांग की चिंता बनी हुई है। ऊंचे लैंडिंग कॉस्ट, स्थिर अंतरराष्ट्रीय बाजार और मजबूत डॉलर से आज खाद्य तेलों में स्थिरता रह सकती है। सरसों तेल को छोड़कर बाकी खाद्य तेलों में ऊपर की संभावना सीमित दिख रही है। ट्रेडर्स को सोया और पाम तेल में केवल जरूरत अनुसार खरीद करनी चाहिए। बाजार में आगे की दिशा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है और लंबी तेजी के स्पष्ट संकेत नहीं हैं।

## सावधान नवी मुंबई! दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें

### भीषण गर्मी के चलते मनपा ने जारी किया हीट अलर्ट

तरुणमित्र/ब्यूरो



**नवी मुंबई**। चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान ने नवी मुंबईकरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. भीषण गर्मी और लू की गंभीरता को देखते हुए नवी मुंबई मनपा के आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने कड़ा कदम उठाया है. प्रशासन ने एक विशेष परिपत्र जारी कर न केवल सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों, बल्कि आम जनता और निजी क्षेत्र के कामगारों के लिए भी सख्त हिदायत दी है। शहर में गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके घातक प्रभाव को देखते हुए दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक का समय डेंजर जोन घोषित किया गया है. आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में काम करने वाले मनपा के कर्मचारी अपनी फील्ड ड्यूटी या तो सुबह 11 बजे से पहले खत्म करें या फिर शाम 4 बजे के बाद शुरू करें. आपातकालीन परिस्थितियों के अलावा इस समय अवधि में धूप में निकलना पूरी तरह वर्जित करने की सलाह दी गई है. मनपा ने अपनी इस नियमावली के दायरे में सड़कों पर काम करने वाले मज़दूरों, सफाईकर्मियों और बागवानी विभाग के कर्मचारियों को भी रखा है. साथ ही, शहर के सभी बिल्डरों, निजी कार्यालयों और ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि वे दोपहर की तपिश में मज़दूरों से काम न कराएं. यदि कोई बहुत ज़रूरी काम हो, तो उन्हें बचाव के सभी साधन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने एक खास वीडियो अपील के जरिए लोगों से सीधे जुड़ते हुए कहा कि नवी मुंबईकर अपनी सेहत से समझौता न करें. बाहर जाते समय टोपी, रुमाल या छाते का इस्तेमाल ज़रूर करें और प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें. कार्यस्थलों पर ठंडे पानी और ओआरएस की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि उष्माघात जैसी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके. प्रशासन का कहना है कि यदि किसी को चक्कर आने, जी मिचलाने या कमजोरी महसूस होने जैसे लक्षण दिखें, तो वे बिना देरी किए डॉक्टरी सलाह लें।

## पालघर: चारोटी के पास चांदी ले जा रही वैन दुर्घटना ग्रस्त

### वाहन चालक समेत एक की मौत,एक घायल।

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी





**पालघर**। जिले से गुजरने वाली मुंबई- अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग ४८ पर स्थित चारोटी फ्लाईओवर के गुजरात लेन पर शुक्रवार,१५ मई की सुबह चांदी की ईंटें ले जा रही एक वैन भीषण दुर्घटना का शिकार हो गयी। जिसमें वैन चालक समेत एक अन्य की मौके पर मौत की तथा एक को गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। दुर्घटना इतना भयावह था कि वैन के परखच्चे उड़ गये। यही नहीं कुछ समय के लिए आवाजाही बंद करनी पड़ी। आनन-फानन में इलाके की कासा थानाक्षेत्र की पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर आकर सुव्यवस्थता में जुट गई और घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुंबई -अहमदाबाद राजमार्ग के गुजरात लेन पर शुक्रवार की सुबह तकरीबन ०६.२० बजे मुंबई की नाकोडा बुलियन कंपनी से गुजरात के वापी जीआईडीसी स्थित मोदी संस लिमिटेड के लिए क्रमांक एमएच-४८/बीएम-३००१ नामक वैन में ६०० किलोग्राम चांदी की ईंटें ले कर जा रहा वाहन चालक का चारोटी फ्लाईओवर पर अचानक वाहन से नियंत्रण छुटा गया जिससे तेजी से दौड़ रही वैन डिवाइडर से कुदकर मुंबई लेन में जा घुसी और मुंबई की ओर जा रही ट्रेलर नं.जीजे-३९/टीए-९२४२ से जबर्दस्त भीड़ गयी।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय कासा पुलिस और यातायात पुलिस ने दुर्घटना स्थल पर आकर स्थिति को नियंत्रण में किया एवं चांदी की ईंटों को सुरक्षित दुसरे वाहन में शिफ्ट भी कराया। दुर्घटना ग्रस्त वैन में रखें ६०० किलों चांदी के कुल २० ईंटों की कीमत १७ करोड़ ६६ लाख रुपयें आंकी गई है। हालांकि कासा पुलिस आगे की विधि सम्मत कारवाई में जुट गई है।

## नवी मुंबई पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल : दीपक साकोरे बने जॉइंट सीपी

### पांच नए डीसीपी की एंट्री

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई**। महाराष्ट्र सरकार के गृह विभाग ने पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर पदोन्नति और तबादलों का आदेश जारी किया है, जिसका व्यापक असर नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय पर पड़ा है. शासन द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, नवी मुंबई के अपर पुलिस आयुक्त दीपक साकोरे को पदोन्नति देते हुए अब इसी शहर का पुलिस सह-आयुक्त नियुक्त किया गया है. वहीं, वर्तमान सह-आयुक्त संजय येनपुरे का तबादला विशेष पुलिस महानिरीक्षक (वीआईपी सुरक्षा) के पद पर मुंबई कर दिया गया है। नवी मुंबई की कानून-व्यवस्था को नई मजबूती देने के लिए शासन ने सात नए पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) की नियुक्ति की है. इनमें विजय खरात, राहुल खाड़े, योगेश चव्हाण, विशाल ठाकुर और तानाजी चिखले जैसे अनुभवी अधिकारी शामिल हैं. दूसरी ओर, शहर में कार्यरत रहे कुछ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. संजय सरगौंडा पाटील को पिंपरी-चिंचवड, पंकज डहाणे को बृहन्मुंबई और प्रशांत मोहिते को छत्रपति संभाजीनगर का पुलिस उपायुक्त बनाया गया है. इसके अलावा, ट्रैफिक विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे तिरुपति काकडे अब रायगड में महामार्ग सुरक्षा के पुलिस अधीक्षक होंगे. इन तबादलों के बाद अब शहर के पुलिस गलियारों में इस बात की उत्सुकता बढ़ गई है कि नवागत उपायुक्तों में से किसे महत्वपूर्ण परिमंडलों की कमान मिलेगी और किसे ट्रैफिक या मुख्यालय जैसे विभागों का प्रभार सौंपा जाएगा. दीपक साकोरे के सह-आयुक्त बनने और नई टीम के आगमन से नवी मुंबई पुलिस की कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है।

# पत्थर की पूजा

संत नामदेव के जीवन से जुड़ी यह चर्चित कथा है। उनके पिता दामाशेट दर्जी थे। वह चाहते थे कि नामदेव उनका कारोबार आगे बढ़ाएं पर नामदेव तो दिन भर मंदिर में कीर्तन करते रहते थे। इससे दामाशेट दुखी रहते थे। एक दिन उन्होंने नामदेव को कपड़ों का एक गट्ठर सौंप दिया और कहा कि इसे वह बाजार में बेच आएं। नामदेव बाजार पहुंचे। वहां गट्ठर सामने रख विट्ठल के ध्यान में मग्न हो गए। सभी की कमाई हुई, पर नामदेव खाली ही रहे।

वहीं पास में खेत में कुछ पत्थर पड़े थे। उन्होंने पत्थरों को कपड़ों से ढक दिया और एक बड़े पत्थर से कहा कि आठ दिन बाद फिर आऊंगा, पैसे दे देना, ताकि पिता को हिसाब दे सपूं। पिता ने पूछा तो कहा कि आठ दिन बाद पैसे मिलेंगे। आठ दिन बाद नामदेव उस बड़े पत्थर के पास गए। पैसे मांगने लगे। पर वह कहां से देता! उन्होंने गुस्से में उसे उठाया और पंढरपुर के विट्ठल मंदिर ले आए। बोले- यहीं बापू को जवाब दे देना। दामाशेट बौखला रहे थे- कपड़ों के बदले पत्थर! नजदीक आकर देखा तो वह पूरा पत्थर सोने का हो गया था। यह समाचार सब ओर फैल गया।

स किसान के खेत का पत्थर था, वह आकर सोने का पत्थर मांगने लगा। नामदेव ने अपने कपड़े के पैसे मांगे व पत्थर उसे दे दिया। घर जाकर किसान ने देखा कि वह तो फिर पत्थर बन गया। वह गुस्से में नामदेव जी के घर वह पत्थर रख गया। आज भी उस पत्थर की पूजा नामदेव के मंदिर में होती है।

# ज्ञान, विज्ञान और मानवता का प्रकाश

**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष 16 मई को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस मनाया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि यह दिवस विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति, ऊर्जा, चिकित्सा, संचार जैसे क्षेत्रों में और देश व समाज के सतत विकास(सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के क्रम में प्रकाश के महत्व को समझाने और प्रकाश के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल मनाया जाता है। वास्तव में प्रकाश से तात्पर्य केवल और केवल भौतिक रोशनी से नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, जागरूकता, आशा, नवाचार और मानव प्रगति का प्रतीक भी है। धर्म, भाषा और सीमाओं से परे प्रकाश सार्वभौमिक(यूनिवर्सल) है तथा कला से लेकर दर्शन तक इसे सदैव ज्ञान और सकारात्मकता के प्रतीक के रूप में देखा गया है। सच तो यह है कि आधुनिक जीवन की रीढ़ ही प्रकाश है और बिना प्रकाश विज्ञान के आज डिजिटल इंडिया, वैश्विक कनेक्टिविटी तथा आधुनिक तकनीक की कल्पना भी संभव नहीं है। वास्तव में, अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि यानी लेज़र के सफल संचालन का ही उत्सव नहीं है, बल्कि यह मानवता के अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने की यात्रा का भी प्रतीक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह दिवस विज्ञान और मानवता के बीच एक सेतु का कार्य करता है तथा हमें ज्ञान, विज्ञान और सकारात्मक सोच का प्रकाश फैलाने की प्रेरणा देता है।

पाठक जानते होंगे कि भारतीय संस्कृति में भी प्रकाश को अत्यंत पवित्र और ज्ञानदायी माना गया है। उपनिषदों का प्रसिद्ध मंत्र तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात् हे प्रभु! हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो के बारे में आखिर कौन है जो नहीं जानते ? प्रकाश केवल बाहरी अंधकार से उजाले की ही बात नहीं करता है, बल्कि यह मनुष्य के अज्ञान, भय, भ्रम और नकारात्मकता से ज्ञान, सत्य और सकारात्मकता की ओर लगातार बढ़ने का संदेश देता है और आज के समय में तो यह संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। हमारे यहां दिवाली प्रकाश का सबसे बड़ा त्योहार है, जबकि लोक संस्कृति में लालटेन उत्सव भी उजाले, आशा और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक माना जाता है। इतना ही नहीं, सामाजिक जीवन में शिक्षा, जागरूकता और नैतिक मूल्यों का प्रकाश समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करता है।

बहरहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस के मुख्य उद्देश्यों की बात करें तो, अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रकाश विज्ञान और ऑप्टिकल तकनीकों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, विज्ञान और तकनीक को समाज के विकास से जोड़ना, ऊर्जा, स्वास्थ्य, इंटरनेट और संचार में प्रकाश आधारित तकनीकों के योगदान को रेखांकित करना, युवाओं को विज्ञान एवं अनुसंधान के प्रति प्रेरित करना तथा देशों के बीच वैज्ञानिक सहयोग और शांति को बढ़ावा देना है। यूनेस्को के अनुसार यह दिवस विज्ञान, संस्कृति, कला, शिक्षा और सतत विकास में प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। वास्तव में यह दिवस इस बात की याद दिलाता है कि विज्ञान और तकनीक का सही उपयोग मानव कल्याण, शांति और सतत विकास के लिए कितना आवश्यक है। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पहली बार यह दिवस 16 मई 2018 को मनाया गया था। 16 मई 1960 को अमेरिकी वैज्ञानिक थियोडोर मैमन ने पहली बार सफलतापूर्वक लेज़र का संचालन किया था और इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस के रूप में चुना गया। सरल शब्दों में कहें तो यह दिन भौतिक विज्ञानी और इंजीनियर थियोडोर मैमन द्वारा लेज़र के पहले सफल संचालन की वर्षगांठ का प्रतीक है। गौरतलब है कि लेज़र का आविष्कार चिकित्सा, संचार और तकनीक के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी मोड़ साबित हुआ तथा वर्ष 2015 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रकाश एवं प्रकाश-आधारित प्रौद्योगिकी वर्ष घोषित किया गया था तथा इसके बाद वर्ष 2017 में यूनेस्को ने आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय प्रकाश दिवस घोषित किया।

अन्य दिवसों की भांति हर वर्ष इस दिवस की भी एक विशेष थीम/विषय-वस्तु रखी जाती है।इस साल यानी कि वर्ष 2026 की थीम प्रकाश, विज्ञान और समाज : नवाचार और प्रभाव को आगे बढ़ाना रखी गई है। यह थीम समाज में विज्ञान और प्रकाश आधारित तकनीकों के सकारात्मक प्रभाव को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। वहीं वर्ष 2025 की थीम सतत भविष्य के लिए प्रकाश रखी गई थी, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि प्रकाश आधारित तकनीकें सौर ऊर्जा और ऊर्जा-कुशल लाइटिंग के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन से निपटने में कैसे मदद कर सकती हैं। बहरहाल, यदि हम यहां पर प्रकाश की बात करें तो वास्तव में प्रकाश एक प्रकार की ऊर्जा है, जो हमें वस्तुओं को देखने में सक्षम बनाती है। यह विद्युतचुंबकीय तरंगों(इलैक्ट्रोमैग्नेटिक वेब्स) के रूप में यात्रा करता है तथा सूर्य इसका(प्रकाश) सबसे बड़ा प्राकृतिक स्रोत है। सरल शब्दों में कहें तो जब किसी वस्तु से निकलने वाली रोशनी हमारी आंखों तक पहुंचती है, तब हम उस वस्तु को देख पाते हैं। प्रकाश की प्रमुख विशेषताओं में यह शामिल है कि प्रकाश सीधी रेखा में चलता है, तथा इसकी गति लगभग 3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड होती है। इतना ही नहीं, यह निर्वात यानी वैक्यूम में भी यात्रा कर सकता है। परावर्तन और अपवर्तन इसके(प्रकाश के) महत्वपूर्ण गुण हैं तथा इन्हीं के कारण हमें रंग दिखाई देते हैं। प्रकाश के प्राकृतिक स्रोतों में सूर्य, तारे, जुगनू और बिजली की चमक शामिल हैं, जबकि बल्ब, मोमबत्ती, ट्यूबलाइट, टॉर्च और एलईडी इसके कृत्रिम स्रोत हैं। प्रकाश न केवल देखने के लिए आवश्यक है, बल्कि पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए भी अत्यंत जरूरी है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग 8 मिनट 20 सेकंड लेता है तथा इंद्रधनुष प्रकाश के सात रंगों से बनता है। लेज़र भी प्रकाश का एक विशेष रूप है।

आज के समय में प्रकाश आधुनिक जीवन की आधारशिला बन चुका है। सच तो यह है कि बिना प्रकाश विज्ञान के आज का हाई-स्पीड इंटरनेट संभव नहीं हो सकता है। दरअसल, फाइबर ऑप्टिक केबलों में प्रकाश संकेतों के जरिए इंटरनेट चलता है और यही आधुनिक वैश्विक संचार प्रणाली की सबसे बड़ी ताकत है।सरल शब्दों में कहें तो इंटरनेट भी एक प्रकार से प्रकाश की देन है। आज के समय में चिकित्सा क्षेत्र में लेज़र सर्जरी, आंखों के ऑपरेशन, कैंसर के इलाज और एक्स-रे जैसी तकनीकों में प्रकाश आधारित विज्ञान का उपयोग जीवनरक्षक उपकरण के रूप में हो रहा है। यहां तक कि अंतरिक्ष अनुसंधान, उपग्रह संचार और वैज्ञानिक खोजों में भी प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि क्षेत्र में विशेष एलईडी प्रकाश आधुनिक खेती और ग्रीनहाउस तकनीकों में पौधों की वृद्धि के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहा है। इतना ही नहीं, ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रकाश की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सौर ऊर्जा आज स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य की सबसे बड़ी आशा बन चुकी है। एलईडी जैसी ऊर्जा-कुशल तकनीकें बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं। वास्तव में, आज प्रकाश आधारित तकनीकें संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ये तकनीकें गरीबी दूर करने, शिक्षा सुधारने और ऊर्जा दक्षता बढ़ाने में भी खास मदद कर रही हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि प्रकाश आधारित तकनीकें जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी सहायक मानी जाती हैं। इस प्रकार यह दिवस सतत विकास का प्रमुख आधार भी माना जाता है। प्रकाश ने कला, फोटोग्राफी, चित्रकला, सिनेमेटोग्राफी और वास्तुकला जैसे क्षेत्रों को भी गहराई से प्रभावित किया है। फोटोग्राफी शब्द का शाब्दिक अर्थ ही प्रकाश से लिखना है। मंच सज्जा, दृश्य प्रभावों और आधुनिक वास्तुकला में प्रकाश की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। हालांकि, आधुनिक समय में प्रकाश प्रदूषण भी एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। शहरों में अत्यधिक कृत्रिम रोशनी के कारण रात का प्राकृतिक आकाश और तारे कम दिखाई देने लगे हैं। इसका नकारात्मक प्रभाव प्रवासी पक्षियों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। ऐसे में यह दिवस हमें सही रोशनी के सही उपयोग का संदेश भी देता है।




धन के लोभी के पास सच्चाई नहीं रहती और व्यभिचारी के पास पवित्रता नहीं रहती।
- चाणक्य

ना तो कोई किसी का मित्र है ना ही शत्रु है। व्यवहार से ही मित्र या शत्रु बनते हैं।
- हितोपदेश




शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, 30 अमावस्या, शनिवार, भरणी नक्षत्रे, शोभन योगे, वल करणे, मेष की चंद्रमा, अमावस्या वट सावित्री व्रत, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम प्रकृति वाला, जिद्दी-हठी, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपल, उत्तम व्यापारी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, लेखक-कवि, राजदूत एवं प्रशासनिक अधिकारी होगा।

मेष राशि :- मनोबल उत्साहवर्धक रहेगा, कार्यगति में सुधार, शुभ समाचार अवश्य मिलेगा।

वृष राशि :- कुछ बाधायें कष्टप्रद रखें, शरीर कष्ट, कारोबार में बाधा अवश्य बनेगी, ध्यान दें।

मिथुन राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष, परिश्रम सफल होगा, स्त्री से सुख प्राप्त होगा।

कर्क राशि :- समय पर सोचे हुए कार्य होंगे, व्यवसाय क्षमता में वृद्धि होगी।

सिंह राशि :- कुटुम्ब की समस्याएं सुलझें तथा सुख शांति से समय व्यतीत होवेगा।

कन्या राशि :- स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, आशानुकूल सफलता का हर्ष, बिगड़े कार्य बनेंगे।

तुला राशि :- योजनाएं पूर्ण होंगी, सतर्कता से कार्य निपटा लेवें, रुके कार्य बन जायेंगे।

वृश्चिक राशि :- कार्यगति उत्तम, चिन्ताएं कम हों, प्रभुत्व एवं प्रतिष्ठा अवश्य मिलेगी।

धनु राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, कार्यगति उत्तम, भावनाएं संवेदनशील रहेंगी।

मकर राशि :- अधिकारी वर्ग के तनाव से क्लेश, मानसिक अशांति, कार्य अवरोध होगा।

कुंभ राशि :- मनोबल बनाये रखें किन्तु आपके हाथ से कुछ नया कार्य अवश्य ही होगा।

मीन राशि :- दैनिक कार्यगति उत्तम, कुटुम्ब में सुख, समय उत्तम ही बीतेगा।

# 16 राज्यों में 36 करोड़ मतदाताओं का महासत्यापन चुनाव आयोग के लिए चुनौती


**सनत जैन**

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव हाल ही में खत्म हुए हैं। इसके तुरंत बाद भारत निर्वाचन आयोग ने 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 36 करोड़ मतदाताओं के सत्यापन के लिए एसआईआर की अधिसूचना जारी कर दी है। अभी तक चुनाव आयोग ने दो चरणों में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 59 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन का काम किया है। इसमें अभी तक 5.50 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये हैं। इसको लेकर लगातार विवाद देखने में मिलते रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, अभी तक इस पर सुप्रीम कोर्ट से कोई निर्णय नहीं आया है। चुनाव आयोग जो एसआईआर करा रहा है, उसका अधिकार उसे है या नहीं, अभी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले से इसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। इसी बीच बिहार सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी हुए हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल भी शामिल था। पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। चुनाव आयोग ने यहां के लिए जो नियम बनाए थे, वह बिहार एवं अन्य राज्यों के नियमों से अलग थे। पश्चिम बंगाल में करीब 1 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। करीब 63 लाख मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची में होते हुए भी स्पेलिंग या अन्य कारणों से हटाए गए थे। इसमें से करीब 28000 मतदाताओं ने ट्रिब्यूनल में अपील भी की है। उन मतदाताओं को मतदान में भाग नहीं लेने दिया गया। पिछले तीन माह में एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों और उन नागरिकों के बीच में तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उनका अधिकार छीन लिया गया है। प. बंगाल में एसआईआर के बाद ममता सरकार बुरी तरह से पराजित हुई है।

जितने नाम एसआईआर में हटाये गए, उससे कम मतों से टीएमसी के उम्मीदवार पराजित हुए हैं। यह विवाद चल रहा था, इस बीच रही-सही कसर बिहार और पश्चिम बंगाल की सरकार ने जलती हुई आग में घी डालने का काम किया है। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें नागरिक नहीं माना जाएगा। जो मतदाता सूची में नहीं है, उन्हें सरकारी स्तर पर जो सुविधाएं मिल रहीं थीं, वह आगे नहीं मिलेंगी। इसी बीच चुनाव आयोग द्वारा 36 करोड़ मतदाताओं को एसआईआर के दायरे में लाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसे आसानी से स्वीकार किया जाएगा, इसमें संदेह है। सुप्रीम कोर्ट से अभी तक चुनाव आयोग को एसआईआर को लेकर एक तरह का संरक्षण मिलता रहा है। अब जिस तरह से प्रतिक्रिया हो रही है, उससे चुनाव आयोग की चुनौतियां भविष्य में बढ़ती हुई दिख रही हैं। सुप्रीम में जो सुनवाई चल रही है, उसमें न्यायपालिका के ऊपर याचिकाकर्ताओं का दबाव बनना शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग एसआईआर का काम करा पाएगा या नहीं, इसमें संदेह है। विपक्ष इस मामले में जिस तरह से एकजुट हुआ है। महंगाई और बेरोजगारी का असर अब आम जनता को सीधे प्रभावित कर रहा है। यह मामला अब केवल चुनाव आयोग तक सीमित नहीं रह गया है। इसे नागरिक अधिकार से भी जोड़कर देखा जाने लगा है। नागरिकता तय करने का अधिकार चुनाव आयोग के पास नहीं है। यह अधिकार भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पास है। ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग मतदाता को भारतीय नागरिक है, या नहीं, इस आधार पर मतदाताओं के नाम कैसे काट सकता है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल और बिहार सरकार ने राज्य सरकार की सुविधायें बंद करने और नागरिक नहीं मानने की बात कहना शुरू कर दी है, इसके बाद सुप्रीम कोर्ट पर इस मामले में निर्णय देने का दबाव बनेगा। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर विपक्षी दलों को विश्वास नहीं है।

## अनमोल वाणी

**" सम्बन्ध "**



प्रा जितेन्द्र शंकर पाण्डेय
प्रबंध संपादक, तरुणमित्र थाणे

सम्बन्ध कभी भी जीतकर
नहीं निभाए जा सकते,
सम्बन्धों की खुशहाली झुकने
और सहने से बढती है।
रिश्तों को अकड़ की नहीं,
प्यार व विश्वास की पकड़ चाहिए।।

# राष्ट्रहित पर राजनीति और कांग्रेस की दोहरी मानसिकता

**कांतिलाल मांडोत**

भारत के राजनीतिक इतिहास में ऐसे कई अवसर आए हैं जब देश ने कठिन परिस्थितियों का सामना किया और जनता ने अपने नेतृत्व पर भरोसा करते हुए त्याग किया। आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक युद्ध संकट, बढ़ती तेल कीमतों और विदेशी मुद्रा पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, सोने की खरीद कम करने और अनावश्यक विदेश यात्राएं टालने की अपील की, तब कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी इसे सरकार की विफलता बताने लगे। यह वही कांग्रेस है जो अपने इतिहास के सबसे बड़े उदाहरणों को भी भूल चुकी है।

देश को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ने संकट के समय हमेशा सामूहिक त्याग और अनुशासन के बल पर विजय प्राप्त की है। वर्ष 1965 में जब देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देशवासियों से सप्ताह में एक दिन उपवास रखने की अपील की थी। उस समय अमेरिका भारत को शर्तों के साथ अनाज देने को तैयार था, लेकिन शास्त्री जी ने इसे देश के स्वाभिमान के खिलाफ माना। उन्होंने पहले अपने परिवार पर प्रयोग किया और फिर पूरे देश से कहा कि एक समय भोजन छोड़कर राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करें। उस दौर में जनता ने बिना सवाल किए इस अपील को स्वीकार किया। गांवों से लेकर शहरों तक लोगों ने एक वक्त का भोजन त्याग दिया ताकि देश विदेशी दबाव के सामने झुके नहीं।

यह घटना केवल इतिहास नहीं बल्कि भारतीय समाज की राष्ट्रभक्ति और अनुशासन का सबसे बड़ा प्रमाण है। उस समय कांग्रेस के नेताओं और विपक्ष ने इसे "विफलता" नहीं कहा था। किसी ने यह आरोप नहीं लगाया था कि प्रधानमंत्री जनता पर बोझ डाल रहे हैं। क्योंकि उस समय राजनीति से ऊपर राष्ट्रहित था। लेकिन आज कांग्रेस की राजनीति इतनी संकुचित हो चुकी है कि यदि देशहित में कोई अपील की जाती है तो उसे भी राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से जो अपीलें की हैं, उनका उद्देश्य किसी पर बोझ डालना नहीं बल्कि वैश्विक संकट से देश को सुरक्षित रखना है। दुनिया इस समय युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में यदि प्रधानमंत्री लोगों से ईंधन की बचत करने, कारपूलिंग अपनाने, मेट्रो का उपयोग बढ़ाने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की बात करते हैं तो यह दूरदर्शिता है, विफलता नहीं।

कांग्रेस की समस्या यह है कि वह हर राष्ट्रीय मुद्दे में केवल राजनीतिक लाभ खोजती है। जब देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब कांग्रेस उसे रोकने का प्रयास करती दिखाई देती है। मोदी सरकार ने पिछले वर्षों में भारत को जिस ऊंचाई तक पहुंचाया है, वह पूरी दुनिया देख रही है। आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। देश डिजिटल क्रांति में अग्रणी बन चुका है। करोड़ों गरीबों के बैंक खाते खुले, गांवों तक बिजली पहुंची, मुफ्त राशन योजना से गरीबों को सुरक्षा मिली और भारत वैश्विक मंचों पर मजबूत आवाज बनकर उभरा।

कांग्रेस के शासनकाल में भारत को हर छोटे संकट में विदेशी संस्थाओं और देशों के सामने झुकना पड़ता था। कभी अमेरिका के दबाव में निर्णय लिए जाते थे तो कभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की शर्तों पर देश की नीतियां तय होती थीं। लेकिन आज भारत दुनिया को आंखों में आंखें डालकर जवाब देता है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भरता की बात करते हैं। वे चाहते हैं कि भारत विदेशी निर्भरता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए।

सोने के आयात को कम करने की अपील भी इसी सोच का हिस्सा है। भारत हर वर्ष भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा सोने के आयात पर खर्च करता है। यदि संकट के समय कुछ समय के लिए संयम बरता जाए तो उससे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। इसी तरह पेट्रोल और डीजल की बचत केवल आर्थिक नहीं बल्कि पर्यावरणीय आवश्यकता भी है। दुनिया के विकसित देश भी ऊर्जा बचत के लिए जनता से अपील करते हैं। लेकिन भारत में कांग्रेस हर सकारात्मक प्रयास का मजाक उड़ाने लगती है।

राहुल गांधी का यह कहना कि "देश चलाना मोदी के बस की बात नहीं" वास्तव में उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। जनता जानती है कि मोदी सरकार ने कठिन परिस्थितियों में भी देश को मजबूत बनाया है। कोरोना महामारी के समय भारत ने न केवल अपने नागरिकों को वैक्सीन दी बल्कि दुनिया के कई देशों की मदद भी की। सीमाओं पर भारत की ताकत बढ़ी है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आई है। अंतरिक्ष से लेकर तकनीक तक भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह सब किसी कमजोर नेतृत्व में संभव नहीं होता।

सच्चाई यह है कि कांग्रेस आज भी पुराने राजनीतिक ढर्रे से बाहर नहीं निकल पाई है। उसे लगता है कि केवल आलोचना करके जनता का समर्थन मिल जाएगा। लेकिन देश अब बदल चुका है। जनता समझती है कि राष्ट्रहित में कभी-कभी सामूहिक जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। जिस तरह लालबहादुर शास्त्री की अपील को देश ने स्वीकार किया था, उसी तरह आज भी लोग समझते हैं कि संकट के समय देश के साथ खड़ा होना आवश्यक है।

विडंबना यह है कि कांग्रेस अपने ही नेताओं की विरासत भूल चुकी है। यदि शास्त्री जी आज जीवित होते तो शायद कांग्रेस उन्हें भी "विफल प्रधानमंत्री" कह देती। क्योंकि आज की कांग्रेस का उद्देश्य राष्ट्रहित नहीं बल्कि केवल सत्ता प्राप्ति रह गया है। वह हर उस कदम का विरोध करती है जिससे भारत मजबूत बनता है।

भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वह आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा है। दुनिया भारत को नई आशा के रूप में देख रही है। वैश्विक संस्थाएं भारत की आर्थिक क्षमता की सराहना कर रही हैं। विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है। भारतीय तकनीक, उद्योग और युवाशक्ति दुनिया में अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसे समय में देश को नकारात्मक राजनीति नहीं बल्कि सकारात्मक सोच की आवश्यकता है। राष्ट्र निर्माण केवल सरकार का काम नहीं होता। उसमें जनता की भी भूमिका होती है। यदि देशहित में कुछ समय के लिए संयम बरतने की अपील की जाती है तो उसे राजनीति का मुद्दा बनाने के बजाय राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। भारत ने हमेशा त्याग, अनुशासन और एकता के बल पर चुनौतियों को हराया है और आगे भी हर संकट से मजबूती के साथ बाहर निकलेगा।

# दवा नहीं, जहर का कारोबारः भारत की साख पर संकट

**ललित गर्ग**

पिछले दिनों सामने आई खबरों ने पूरे देश को चिंता और बेचैनी में डाल दिया कि जीवनरक्षक और सामान्य उपयोग की अनेक दवाइयां गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा जारी ड्रग अलर्ट में जिन दवाओं के नमूने फेल पाए गए, उनमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मिर्गी, संक्रमण, विटामिन सप्लीमेंट और कफ सिरप जैसी आम उपयोग की दवाएं भी शामिल थीं। यह कोई सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि मानव जीवन के साथ किया जा रहा ऐसा खतरनाक खिलवाड़ है, जिसने देश की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जिस दवा को रोगी जीवन बचाने की आशा में खरीदता है, वही यदि उसके शरीर में जहर का काम करने लगे तो यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के पतन की पराकाष्ठा है। विडंबना यह है कि दवाओं के निर्माण और वितरण के लिए देश में कठोर नियम, निरीक्षण और परीक्षण की व्यवस्थाएं मौजूद हैं। कच्चे माल की गुणवत्ता से लेकर उत्पादन प्रक्रिया तक कई स्तरों पर जांच होती है, फिर भी बड़ी-बड़ी नामी कंपनियों की दवाइयां यदि अमानक पाई जाती हैं तो यह साफ संकेत है कि कहीं-न-कहीं मुनाफे की अंधी दौड़ ने नैतिकता और मानवता को कुचल दिया है। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन लोगों पर समाज की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी दवा उत्पादन शक्तियों में शामिल है। भारतीय दवाइयां अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और मध्य-पूर्व के अनेक देशों में निर्यात होती हैं। भारत को "फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड" कहा जाता है क्योंकि सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन और आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति कर पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता और मानवीय प्रतिबद्धता का परिचय दिया था। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की प्रतिष्ठा को धक्का लगता है और दुनिया भारतीय दवा उद्योग को संदेह की दृष्टि से देखने लगती है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आ रही है जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का सपना साकार करने की दिशा में अनेक नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से देश वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि नैतिकता, गुणवत्ता और विश्वसनीयता से भी जुड़ा हुआ है। यदि जीवनरक्षक दवाओं में ही मिलावट और घटियापन सामने आएगा, तो यह सारे सकारात्मक प्रयासों पर धब्बा लगाने जैसा होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार दवा नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाए। केवल औपचारिक निरीक्षण और समय-समय पर जारी होने वाले ड्रग अलर्ट पर्याप्त नहीं हैं। दवा निर्माण इकाइयों की नियमित और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। जिन कंपनियों की दवाएं बार-बार मानकों पर फेल होती हैं, उनके लाइसेंस तुरंत रद्द किए जाएं और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। दवा माफिया और नकली दवा बनाने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। यह भी जरूरी है कि दोषियों को केवल आर्थिक जुर्माने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें कठोर कारावास की सजा दी जाए ताकि दूसरों के लिए भी कड़ा संदेश जाए। यह भी एक गंभीर चिंता का विषय है कि कई बार राज्य सरकारें और नियामक एजेंसियां प्रभावशाली दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती दिखाई देती हैं। धनबल और प्रभाव के कारण जांच प्रक्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं और अंततः आम जनता ही इसकी कीमत चुकाती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक शासन और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों के लिए खतरनाक है। रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। दवा उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह विश्वास का उद्योग है। यहां नैतिकता का महत्व सबसे अधिक होना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से आज लालच और मुनाफाखोरी ने इस क्षेत्र में भी गहरी जड़ें जमा ली हैं। नकली इंजेक्शन, मिलावटी दवाएं, एक्सपायरी दवाओं की री-पैकेजिंग और घटिया कच्चे माल के उपयोग जैसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि समाज में संवेदनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इंसान केवल अपने लाभ के लिए दूसरों की जिंदगी से खेलने को तैयार हो गया है। यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का भी संकेत है। आवश्यकता इस बात की भी है कि आम जनता को दवाओं के प्रति जागरूक बनाया जाए। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग और निर्माण तिथि की जांच करना, संदिग्ध दवाओं की शिकायत संबंधित विभागों को करना और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं का सेवन न करना, ये सब छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं। मेडिकल स्टोरों की भी नियमित निगरानी होनी चाहिए ताकि नकली या घटिया दवाओं की बिक्री रोकी जा सके।

# शादी की उम्र नहीं तो लिव-इन को सुरक्षा भी नहीं

## हाई कोर्ट ने खींची कानूनी लक्ष्मण रेखा

पिंकी राजगुरु




न्यायाधीश गरिमा प्रसाद की एकल पीठ ने इस फैसले के जरिए एक लक्ष्मण रेखा खींच दी है कोर्ट का मानना है कि आपसी सहमति से साथ रहने का अधिकार अपनी जगह है, लेकिन न्यायपालिका अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल ऐसे रिश्तों को ढाल देने के लिए नहीं कर सकती जो अप्रत्यक्ष रूप से बाल विवाह को बढ़ावा देते हों।

आइए आसान भाषा में समझते हैं इस पूरे मामले की कानूनी बारीकियां, कोर्ट के तर्क और इसके सामाजिक मायने। मामला बिजनौर के एक अंतरधार्मिक जोड़े से जुड़ा था, जिसमें लड़की की उम्र 20 वर्ष (मुस्लिम) और लड़के की उम्र 19 वर्ष (हिंदू) थी दोनों अपने परिवारों के विरोध के कारण घर से भागकर लिव-इन में रह रहे थे। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि पुलिस और उनके परिवार उनके शांतिपूर्ण जीवन में दखल न दें और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।.

हाई कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया अदालत ने स्पष्ट किया कि 21 साल से कम उम्र का लड़का "कानून की नजर में इतना परिपक्व नहीं होता" कि वह विवाह जैसा बड़ा फैसला ले सके इसलिए, कोर्ट ऐसी कोई रिट या सुरक्षा आदेश जारी नहीं करेगा जो उनके इस सहजीवन को परोक्ष रूप से कानूनी मान्यता देता हो। कोर्ट के मुख्य तर्कः न्यायाधीश ने क्या कहा?

**अदालत ने अपने फैसले के पीछे ठोस कानूनी और सामाजिक तर्क दिएः** कानून को बाईपास करने की कोशिशः हिंदू विवाह अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (2006) के तहत पुरुषों के लिए शादी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तय है । कोर्ट ने कहा कि अगर कोई जोड़ा सिर्फ इसलिए लिव-इन में रह रहा है क्योंकि लड़का अभी शादी की कानूनी उम्र का नहीं हुआ है, तो ऐसे रिश्ते को सुरक्षा देना "अवैध बाल विवाह जैसी व्यवस्था" को अदालत द्वारा बढ़ावा देने जैसा होगा ।

सहमति की कानूनी सीमाः कोर्ट ने एक कड़ा उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह 18 साल से कम उम्र की लड़की की 'सहमति' का कानून में कोई मूल्य नहीं होता, उसी तरह 21 साल से कम उम्र के लड़के की सहमति के आधार पर संसद द्वारा बनाए गए आयु सीमा के कानून की अनदेखी नहीं की जा सकती

महिलाओं की सुरक्षा और भविष्य की चिंताः फैसले में महिला साथी की सामाजिक और वित्तीय सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई गई । कोर्ट ने टिप्पणी की कि ऐसे अपरिपक्व रिश्तों में महिलाएं अपना सब कुछ दांव पर लगा देती हैं । यदि लड़का कल को रिश्ते से पीछे हट जाता है, तो महिला के पास गुजारा भत्ता या पत्नी के रूप में मिलने वाले कोई कानूनी अधिकार नहीं बचेंगे

## मधुर डेयरी के स्वचालित दूध प्रसंस्करण और पैकेजिंग संयंत्र का उद्घाटन करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह


तरूण मित्र



**गांधीनगर।** गांधीनगर जिले के दशेला गांव में स्थित गांधीनगर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड की मधुर डेयरी के आधुनिक पूर्णतः स्वचालित दुग्ध प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग संयंत्र का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार, 17 मई, 2026 को करेंगे। लगभग 128 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक संयंत्र की प्रतिदिन 25 लाख लीटर दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता है, जिसे आवश्यकतानुसार प्रतिदिन 5 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। इस संयंत्र के उद्घाटन के बाद मधुर डेयरी की कुल दुग्ध प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग क्षमता बढ़कर प्रतिदिन 5 लाख लीटर हो जाएगी। नए डेयरी संयंत्र के माध्यम से मधुर डेयरी से जुड़े दूध उत्पादकों और उपभोक्ताओं को कई तरह से लाभ होगा, मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि मधुर डेयरी जिले के सभी दूध उत्पादकों के दूध का प्रसंस्करण कर सकेगी। जिले के सभी दूध उत्पादकों को किफायती दामों पर दूध मिल सकेगा। ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण दूध और विभिन्न प्रकार के दूध उत्पाद प्राप्त होंगे। अमूल फेडरेशन (GCMMF) के लिए नए दूध उत्पादों के उत्पादन की क्षमता में वृद्धि होगी। मधुर डेयरी हमेशा से दूध उत्पादक सदस्यों के कल्याण और सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। गांधीनगर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, मधुर डेयरी, अमूल फेडरेशन (GCMMF) से संबद्ध एक सहकारी डेयरी है। यह जिले के दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक विकास के लिए निरंतर कार्यरत है और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण मधुर और अमूल ब्रांड के दूध उत्पाद उपलब्ध कराती है। मधुर डेयरी की स्थापना 6 फरवरी 1971 को केवल 4 दुग्ध समितियों द्वारा सहकारी कार्यकर्ताओं की सहायता से की गई थी। प्रारंभ में, ये समितियाँ औसतन प्रतिदिन केवल 6433 लीटर दूध की खरीद करती थीं। यह धीरे-धीरे बढ़कर वर्तमान में प्रतिदिन 276000 लीटर दूध की खरीद हो रही है। शुरुआती दिनों में मधुर डेयरी का वार्षिक कारोबार मात्र 7 लाख रुपये था। लेकिन निरंतर परिश्रम, गुणवत्तापूर्ण सेवा और ग्राहकों के भरोसे के कारण मधुर डेयरी ने आज अभूतपूर्व प्रगति की है। वर्तमान में मधुर डेयरी का वार्षिक कारोबार बढ़कर लगभग 628 करोड़ रुपये हो गया है। यह इसकी सफलता और विकास की कहानी बयां करता है। मधुर डेयरी ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापार और सहयोग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। दीर्घकालिक विकास रणनीति के तहत, डेयरी कई अवसंरचना परियोजनाओं और नई योजनाओं के माध्यम से तेजी से विस्तार कर रही है। इसके परिणामस्वरूप, जिले के दूध उत्पादकों के जीवन में आर्थिक समृद्धि बढ़ रही है।

## धोलेरा के बीच 220 की गति से चलेगी सेमी-हाई स्पीड ट्रेन, धोलेरा एसआईआर बनेगा अब वैश्विक केंद्र

तरूण मित्र



**अहमदाबाद।** गुजरात की महत्वाकांक्षी परियोजना 'धोलेरा एसआईआर' को गति देने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में अहमदाबाद-सरखेज-धोलेरा सेमी हाई स्पीड रेल परियोजना की घोषणा की है। अहमदाबाद रेलवे के डीआरएम वेद प्रकाश, मुख्य सचिव मनोज दास और धोलेरा एसआईआर के एमडी कुलदीप आर्य ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस अनूठी परियोजना का विस्तृत विवरण दिया।

डीआरएम वेद प्रकाश के अनुसार, यह रेलवे लाइन कवच 5.0 तकनीक पर आधारित होगी। एक आधुनिक ट्रैक नेटवर्क तैयार किया जाएगा जिस पर ट्रेन 220 किमी/घंटा की रफ्तार से चल सकेगी। खास बात यह है कि इस ट्रैक पर यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ी भी चलेगी, जिसमें एक कोच में 100 टन से अधिक माल ढोया जा सकेगा। भारत में इस तरह का बहुउपयोगी नेटवर्क पहली बार बनाया जा रहा है। राज्य के मुख्य सचिव मनोज दास ने कहा कि यह परियोजना भूमि, समुद्री और हवाई मार्गों को जोड़ेगी। यह नेटवर्क धोलेरा में निर्मित सेमीकंडक्टर उत्पादों को बंदरगाह तक पहुंचाने में बेहद मददगार साबित होगा। परियोजना पूरी होने के बाद यहां लगभग 20 लाख लोग बसेंगे, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस परियोजना को अगले चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है और इसके लिए 80% भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है। परियोजना का 55% हिस्सा एलिवेटेड होगा। भविष्य में भावनगर को इस नेटवर्क से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। धोलेरा में 1500 फ्लैटों का निर्माण कार्य चल रहा है और सरकार द्वारा इसके लिए 12 करोड़ रुपये का विशेष बजट आवंटित किया गया है।

## राज्य में मनाया जायेगा सप्ताह में एक बार मोटर वाहन दिवस, सरकारी कर्मचारियों से कारों को साझा करने का किया गया आग्रह

तरूण मित्र

**गांधीनगर।** सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी की ईंधन बचाने की अपील को अमल में लाने के लिए कदम उठा लिए हैं। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले मंत्रीगण कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों से गांधीनगर सचिवालय पहुंचे थे। अब राज्यपाल ने सभी कलेक्टरों और आयुक्तों को पत्र लिखकर गुजरात में सप्ताह में एक दिन मोटर वाहन दिवस मनाने का निर्देश दिया है। सरकारी कर्मचारियों से कार पूलिंग को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया है। साथ ही, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने पर जोर देने को भी कहा गया है। गुजरात सरकार ने ईंधन बचाने के लिए सक्रिय कदम उठा लिए हैं। प्रधानमंत्री की अपील के बाद गुजरात में पर्यावरण संरक्षण अभियान को और गति मिलेगी। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी जिला कलेक्टरों और नगर आयुक्तों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च विनिमय दरों पर विदेशों से आयातित पेट्रोल और डीजल के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को रोकने के लिए ईंधन की खपत कम करने के उपाय करने की अपील की है। इस अपील के मद्देनजर राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने स्वयं कुछ संकल्प लिए हैं। जैसे कि हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना; यह निर्णय लिया गया है कि लोक भवन के सभी



कर्मचारी सप्ताह में एक दिन पैदल, साइकिल या सार्वजनिक परिवहन से कार्यालय जाएंगे। राज्यपाल का मानना है कि ईंधन की बचत के लिए राज्य में सभी स्तरों पर विभिन्न कदम उठाए जाने चाहिए। इससे युवाओं में राष्ट्रवाद और पर्यावरण जागरूकता का संदेश जाएगा। इसके लिए, आपके अधीन सभी कार्यालयों के सभी कर्मचारियों को साइकिल, पैदल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करके आने का संकल्प लेना चाहिए और सप्ताह में एक दिन को मोटर वाहन निषेध दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। इसके अलावा, वाहनों के साझा उपयोग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठकें आयोजित करके भी ईंधन की बचत की जा सकती है। कलेक्टर और नगर आयुक्तों से ईंधन बचत पर मासिक रिपोर्ट भी मांगी गई है।

## घरों में सेंधमारी और चोरी में शामिल कुख्यात 'डफर गैंग' के 3 सदस्य गिरफ्तार, 9 अपराध की गुत्थी सुलझी

तरूण मित्र



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस की स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सूचना के आधार पर कुख्यात 'डफर गैंग' के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो लंबे समय से सानंद, विरमगाम, कड़ी और कलोल पंथकों में आतंक मचा रहे थे। इन गिरफ्तारियों के साथ, पुलिस ने कुल 9 अनसुलझे अपराधों को सुलझा लिया है।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से चोरी के अपराध में इस्तेमाल की गई और प्राप्त की गई वस्तुएं जब्त की हैं, जिनमें 3 मोटरसाइकिलें, सोने और चांदी के आभूषण और नकदी शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 1,99,091 रुपये है। इस गिरोह के मुख्य आरोपी की पहचान हनीफ उर्फ बंधो के रूप में हुई है। पुलिस जांच में पता चला है कि हनीफ पहले भी 'बलात्कार के साथ डकैती' जैसे गंभीर अपराधों में शामिल था और उसे आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई थी। सजा पूरी करने के बाद वह फिर से अपराध के रास्ते पर लौट आया। अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर नकेल कसने के सख्त निर्देशों का पालन करते हुए, एलसीबी के निजी जांचकर्ता आर.एन. करामातिया और उनकी टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की मदद से यह अभियान चलाया। फिलहाल, पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## जन्मदिवस बन गया 'मौत का दिवस' जन्मदिन मना रहे युवक की हुई हत्या, पुलिस जांच में जुटी

तरूण मित्र



**नवसारी जिला।** नवसारी शहर में एक ऐसी घटना सामने आई है जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। देर रात रिंग रोड इलाके में अज्ञात लोगों द्वारा एक युवक की हत्या के बाद शहर में भय और मातम का माहौल छा गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक यासीन मेमन रिंग रोड इलाके में अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मना रहा था। इसी दौरान अचानक तीन-चार अज्ञात लोग कार में सवार होकर वहां पहुंचे। कार से उतरे हमलावरों ने यासीन को कुछ समझ आने से पहले ही उस पर लाठी से अंधाधुंध हमला करना शुरू कर दिया। हमलावर यासीन को खून से लथपथ छोड़कर अपनी कार में भाग गए। गंभीर रूप से घायल यासीन को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन सौभाग्य से कुछ ही समय के इलाज के बाद उनकी मृत्यु हो गई। अपने जन्मदिन की रात को इस युवक की मृत्यु की खबर से उनका परिवार गहरे शोक में डूब गया है। घटना की सूचना मिलते ही नवसारी टाउन पुलिस का काफिला घटनास्थल और अस्पताल पहुंचा। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हमलावर कौन थे और हत्या के पीछे क्या कारण है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की हैं और जांच तेज कर दी है।

## आज से शुरू की जाएगी 300 नई बसें, सरकारी कर्मचारियों को गांधीनगर में बैठकों के लिए नहीं बुलाया जाएगाः हर्ष संघवी

तरूण मित्र



**गांधीनगर।** सरकार ने ईंधन बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अपील को अमल में लाने के लिए कदम उठा लिए हैं। शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक से पहले मंत्रीगण कार पूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करते हुए गांधीनगर सचिवालय पहुंचे। उपमुख्यमंत्री भी अपनी कार छोड़कर मंत्री कौशिक वेकारिया की कार से आए। अन्य मंत्रीगण भी इलेक्ट्रिक वाहनों से आए। अब सरकारी कर्मचारियों के लिए भी कार पूलिंग और ऑनलाइन बैठकें लागू की जाएंगी।

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आज से 300 नई बसें चलाई जाएंगी। राज्य के लोगों की सुविधा के लिए नई अनुसूचित जनजाति (एसटी) बसें चलाई जाएंगी। ये बसें बिना किसी औपचारिकता के सीधे केंद्र सरकार के लिए चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पेट्रोल और डीजल बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री की अपील को जनता का भरपूर समर्थन मिला है।

गांधीनगर में किसी भी बैठक में सरकारी कर्मचारियों को बुलाया नहीं किया जाएगा। विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठकें ऑनलाइन माध्यम से आयोजित करें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की अपील को सहर्ष स्वीकार किया है। सरकारी अधिकारियों को कार पूलिंग के निर्देश भी दिए गए हैं। अन्य जिलों के सरकारी कर्मचारियों को गांधीनगर में किसी भी बैठक में आमंत्रित नहीं किया जाएगा। विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठकें ऑनलाइन माध्यम से आयोजित करें।


# वैश्विक चुनौतियों के दौर में सामूहिक जिम्मेदारी आवश्यक

- पेट्रोल वृद्धि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता की दिशा में संतुलित कदम : प्रवीन खंडेलवाल
- ऐसे अस्थायी निर्णय देश को वैश्विक चुनौतियों का मजबूती से सामना करने में सक्षम बनाएंगे": शंकर ठक्कर

तरुण मित्र ब्यूरो

**मुंबई।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में वृद्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यद्यपि इस निर्णय से उपभोक्ताओं पर कुछ अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, लेकिन इसे वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और देश के व्यापक आर्थिक हितों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

खंडेलवाल ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के बाजार में भारी अस्थिरता उत्पन्न हुई है, जिससे कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति संबंधी चुनौतियाँ सामने



आई हैं। भारत अपनी आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव घरेलू ईंधन व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है।

कैट के राष्ट्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने कहा कि 3 प्रति लीटर की वृद्धि एक संतुलित, व्यावहारिक और जिम्मेदार निर्णय प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश में ईंधन की निर्बाध उपलब्धता बनाए रखना तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना है। यदि लंबे समय तक ईंधन कीमतों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित रखा जाए तो इससे सरकारी वित्तीय व्यवस्था और तेल विपणन कंपनियों पर अत्यधिक दबाव पड़ सकता है, जिसका व्यापक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है।

खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखते हुए ईंधन कीमतों को संतुलित रखने का प्रयास किया है तथा समय-समय पर राहत भी प्रदान की है। वर्तमान परिस्थितियों में सीमित मूल्य वृद्धि ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम है।

शंकर ठक्कर ने स्वीकार किया कि ईंधन कीमतों में वृद्धि का प्रभाव परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स लागत पर पड़ सकता है, लेकिन कठिन वैश्विक परिस्थितियों में नागरिकों और व्यापार जगत दोनों को व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए ऐसे निर्णयों का समर्थन करना चाहिए।

शंकर ठक्कर ने आगे कहा "भारत की आर्थिक मजबूती और ऊर्जा स्थिरता सर्वोपरि है। दूरगामी दृष्टिकोण के साथ लिए गए ऐसे अस्थायी निर्णय देश को वैश्विक चुनौतियों का मजबूती से सामना करने में सक्षम बनाएंगे,"

## उल्हास नदी में कल्याण से बदलापुर तक चलेंगी जलपोत

तरुण मित्र ब्यूरो



**बदलापुर।** बदलापुर शहर के वरिष्ठ भाजपाई कार्यकर्ता, सिविल इंजीनियरिंग एवं पूर्व नगराध्यक्ष राम भाऊ पातकर ने मुख्यमंत्री देवेन्द्र फनडवीस को एक पत्र देकर उल्हास नदी का प्रयोग जलमार्ग के रूप में करने की मांग की है। इसके द्वारा यात्री के साथ साथ माल की ढुलाई की जा सकती है। इस नेक सुझाव को लेकर केंद्रीय (ट्रांसपोर्ट ) यातायात मंत्री नितिन गडकरी से भी चर्चा कर चुके है। उल्हास नदी को यदि जलमार्ग के रुप में प्रयोग किया जाता है तो कल्याण से बादलपुर के लोगों की यात्रा सुखमय होगी। पातकर ने पत्र में लिखा है कि उन्होंने अपने साथ ही अन्य विशेषज्ञों से विचार विनिमय कर इस नतीजे पर पहुंचे है कि उल्हास नदी का प्रयोग जलमार्ग के रूप में करने से रेल मार्ग, सड़क मार्ग पर से बढ़ता दबाव घटेगा। कल्याण से बदलापुर की दूरी 32 किलोमीटर है, जो घटकर आधी रह जाएगी। पातकर ने बताया कि जल्द ही वे मुख्यमंत्री से मिलकर उल्हास नदी " मेट्रो वॉटर" प्रकल्प शुरू करने पर विस्तृत चर्चा करेंगे 1 मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र में बताया गया है कि किस प्रकार से कल्याण से बदलापुर के बीच जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास जोरशोर से शुरू है। बढ़ते उद्योग के कारण सड़क मार्ग के साथ ही रेल मार्ग पर दबाव बढ़ रहा है। सड़क मार्ग पर आम वाहनों के अलावा ट्रक, टैंकर, टेलर, कंटेनर किस प्रकार से सड़क को जाम करते है 1 इसका पर्याय जलमार्ग ही हो सकता है। इसके लिए उल्हास नदी पर वॉटर मेट्रो प्रकल्प एक सस्ता, अच्छा यातायात का साधन होगा। जिससे माल के साथ ही यात्री का आवागमन हो सकता है।

## ख़ास ख़बर

### नासही बस्ती में फैला चेचक, बच्चे-बुजुर्ग समेत 32 लोग चपेट में, 15 दिनों से फैल रहा संक्रमण

▪ स्वास्थ्य विभाग बेखबर, नासही की दलित बस्ती में चेचक से 32 लोग पीड़ित

**तरुणमित्र। जफराबाद।** नगर पंचायत के नासही मोहल्ले की अनुसूचित बस्ती में चेचक का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। बस्ती के करीब 10 घरों में अब तक 32 लोग चेचक की चपेट में आ चुके हैं। हालत यह है कि एक-एक परिवार में कई सदस्य संक्रमित हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले 15 दिनों से लगातार चेचक का संक्रमण फैल रहा है। बीमारी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को तेजी से अपनी चपेट में ले रही है। संक्रमित लोगों में तेज बुखार, शरीर पर दाने और कमजोरी जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं। बस्ती निवासी शांति देवी के परिवार में उनकी बहू और पोते समेत चार लोग चेचक से पीड़ित हैं। माला देवी के घर तीन बच्चे संक्रमित हैं। परशुराम के परिवार के तीन सदस्य, पब्बर के घर चार लोग, घुन्नी देवी के परिवार के छह सदस्य, छेदीलाल के घर पांच लोग, अनिल कुमार और सुनील कुमार के परिवार के चार सदस्य तथा घूरे राम के घर तीन लोग बीमारी से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग और नगर पंचायत प्रशासन को अब तक इस गंभीर स्थिति की जानकारी नहीं है। बस्ती में न तो कोई मेडिकल टीम पहुंची है और न ही दवा या साफ-सफाई की कोई विशेष व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मेडिकल टीम भेजकर जांच, दवा वितरण और सैनिटाइजेशन कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्वास्थ्य विभाग ने ध्यान नहीं दिया तो चेचक का संक्रमण जफराबाद की अन्य बस्तियों में भी फैल सकता है।

### गाजे-बाजे के साथ राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा का भव्य स्वागत

**तरुणमित्र। जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक मुख्यालय पर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा का गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार लखनऊ से अपने गृह जनपद वाराणसी जाते समय श्री विश्वकर्मा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी क्रम में सिरकोनी ब्लॉक परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी बंसराज सिंह ने उन्हें बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत करने वालों में राधेश्याम विश्वकर्मा, हर्षित सिंह प्रधान, उद्योगपति उधव सिंह, प्रवीण सिंह, राहुल सिंह, मुन्ना सिंह, साधु सिंह, चंद्रप्रकाश चौबे, विनय सिंह, इंद्रप्रकाश शुक्ल, संजय सिंह, राजेश सिंह, अजय सिंह, अखिलेंद्र सिंह, डॉ. अखिलेश सिंह, दिनेश सोनकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि "भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ताओं को सबसे अधिक सम्मान मिलता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हमें पूरी निष्ठा एवं एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटना चाहिए।"

### गोलीकांड में मृत प्रेमचंद के घर पहुंचे विधायक, दुख की घड़ी में परिवार को बंधाया ढांढस

▪ गोसाईपुर पहुंचे विधायक जगदीश राय, बोले-प्रेमचंद के परिवार के साथ खड़ा हूं

**तरुणमित्र। जफराबाद।** क्षेत्र के गोसाईपुर गांव निवासी सीएससी संचालक प्रेमचंद यादव की गोलीकांड में हुई मौत के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। मृतक के घर पर संवेदना व्यक्त करने वालों का लगातार तांता लगा हुआ है। शुक्रवार को जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय मृतक प्रेमचंद यादव के आवास पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता दिनेश यादव 'फौजी', सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कमलेश यादव, राकेश यादव, नीरज यादव, जेपी यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### बरेली में नाबालिग आईटीआई छात्रा के साथ होटल में मिला युवक, पुलिस ने हिरासत में लिया

**तरुणमित्र। बरेली।** उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे स्थित एक होटल में नाबालिग छात्रा के साथ युवक के मिलने पर शुक्रवार तड़के हड़कंप मच गया। हिंदू संगठनों की सूचना पर पुलिस ने सुबह करीब पांच बजे होटल में छापा मारकर युवक को हिरासत में ले लिया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं होटल प्रबंधन की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। पुलिस के अनुसार वाराणसी की रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा बहेड़ी क्षेत्र में रहकर आईटीआई की पढ़ाई कर रही है। आरोप है कि मुजाहिद नाम का युवक छात्रा को अपने साथ होटल ले गया, जहां दोनों रातभर रुके। घटना की जानकारी हिंदू संगठनों को मिलने के बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बहेड़ी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और होटल में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान युवक और छात्रा को कमरे से बरामद किया गया। इसके बाद दोनों को थाने लाया गया, जहां छात्रा से पूछताछ की गई। पुलिस ने परिजनों को भी मामले की जानकारी दे दी है।घटना के बाद हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने होटल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। संगठन के जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल का कहना है कि होटल में बिना सही पहचान पत्र और सत्यापन के लोगों को कमरे दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि होटल में संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पुलिस अब होटल के रजिस्टर, आईडी प्रूफ और सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि छात्रा को होटल में किस आधार पर कमरा उपलब्ध कराया गया। साथ ही होटल कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक और छात्रा को होटल से बरामद किया। छात्रा के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### विधायक डॉ. नीलकंठ ने सीवर समस्या के लिए सत्रह करोड़ पचास लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**तरुणमित्र। वाराणसी।** वाराणसी के ईश्वरगंगी क्षेत्र में दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने सीवर की समस्या के निराकरण के लिए सत्रह करोड़ पचास लाख से ज्यादा लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि दक्षिणी विधानसभा के दो वार्डो ईश्वरगंगी एवं बागेश्वरी में सीवर की समस्या रहती है और बीते समय क्षेत्रीय लोगों ने समाधान के लिए कहा था। इस संबंध में आज से सीवर समस्या के पाइप लाइन बिछाने के विकास का शिलान्यास कर दिया गया है। जल्द ही सीवर समस्या का समाधान हो जाएगा। इस अवसर पर महापौर अशोक तिवारी, स्थानीय पार्षद विवेक चंद जायसवाल, भाजपा नेता अशोक यादव, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# भकुरा गांव में भावुक दृश्य, पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

## न्याय न मिलने पर फूटा दर्द, मृतक की मां ने मंत्री से लगाई गुहार

तरुणमित्र



**जौनपुर, सरायखाजा।** सरायखाजा थाना क्षेत्र के भकुरा गांव में सड़क हादसे में जान गंवाने वाले युवक शनि राजभर के परिजनों से मिलने पहुंचे पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के सामने गुरुवार को बेहद मार्मिक और भावुक दृश्य देखने को मिला। न्याय की आस लगाए बैठी मृतक की मां मंत्री के काफिले के सामने सड़क पर लेट गईं और फूट-फूटकर रोते हुए इंसाफ की गुहार लगाने लगीं। जानकारी के अनुसार, मंत्री ओमप्रकाश राजभर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनका काफिला गांव से निकलने लगा, उसी दौरान मृतक शनि की मां अचानक दौड़कर मंत्री की गाड़ी के सामने पहुंचीं और सड़क पर लेट गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना को एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और सुरक्षाकर्मियों ने महिला को समझाने और हटाने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार न्याय की मांग पर अड़ी रहीं। उनका कहना था कि अब तक कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी गांव आ चुके हैं, सभी ने केवल आश्वासन दिया, मगर परिवार को अभी तक न्याय नहीं मिला। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और भावुक माहौल बन गया। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता और शीघ्र न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात भी कही। गांव में इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश और दुख दोनों का माहौल बना हुआ है।

### नहाते समय सई नदी में डूबे दो युवक, अस्पताल पहुंचने से पहले बुझ गई जिंदगी

तरुणमित्र



▪ गहरे पानी में समा गई जिंदगी, सई नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सई नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार लाइनबाजार थाना क्षेत्र के सलखापुर गांव के पास शुक्रवार दोपहर जफराबाद के बैजाबाद गांव के करीब एक दर्जन युवक सई नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान नहाते समय दो युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ मौजूद अन्य युवकों ने शोर मचाते हुए दोनों की तलाश शुरू की। काफी देर की खोजबीन के बाद दोनों युवक नदी में बेहोशी की हालत में मिले। साथी युवक तत्काल उन्हें बाइक से जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन और साथी युवक दोनों को आनन-फानन में एक निजी चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने राजन चौहान पुत्र अनिल चौहान एवं रवि चौहान पुत्र राय चौहान, निवासी बैजाबाद, को मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

तरुणमित्र





**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बाला साहेब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में शुक्रवार को सम सेमेस्टर परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य का शुभारंभ हवन-पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने पहले दिन कॉमर्स विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू कराया। कहा कि कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह जी के दिशा निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर परीक्षाफल घोषित होगा। मूल्यांकन समन्वयक डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा के अनुरूप मूल्यांकन कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर उप समन्वयक डॉ. अजय कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र एवं डॉ. ममता सिंह, विशाल सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं कर्मचारी संजय शर्मा, श्याम त्रिपाठी, मनू मिश्रा, अरविंद, मनोज कुमार, गुलाब, शैलेश, आशीष एवं शिवम आदि उपस्थित रहे।

# पीयू के आठ छात्र केमिस्ट पद पर चयनित

## एमएससी केमिस्ट्री अंतिम वर्ष के छात्रों का कोडेल लाइफ साइंस में चयन

तरुणमित्र



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग के लिए गर्व का विषय है कि एमएससी रसायन विज्ञान अंतिम वर्ष के आठ छात्रों का चयन कोडेल लाइफ साइंस में केमिस्ट (क्वालिटी कंट्रोल) के पद पर हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में प्रशांत कुमार सिंह, छाया यादव, दीक्षा मौर्य, गुड़िया रानी मौर्य, श्रुति गुप्ता, सोनू यादव, गौरव यादव एवं मोनेन्द्र यादव शामिल हैं। इन सभी छात्रों ने अपनी मेहनत, लगन एवं प्रतिभा के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और रोजगारपरक शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी का परिणाम है कि यहाँ के छात्र विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित हो रहे हैं। वहीं, रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और विभाग की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतिफल है। विभाग विद्यार्थियों को अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में भी विभाग के कई विद्यार्थी कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन कर चुके हैं।

### सारा अली खान जुटी पति पत्नी और वो 2 के प्रमोशन में




**मुंबई।** अपनी आगामी ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान बेहद उत्साहित हैं। प्रमोशन में जुटी सारा अली खान ने फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के 'नीलोफर' नामक किरदार को लेकर मजेदार खुलासा किया है। अभिनेत्री का मानना है कि फिल्म का हर एक किरदार अपने आप में खास और महत्वपूर्ण है, मगर उनकी खासी दिलचस्पी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के निभाए गए 'नीलोफर' के किरदार में थी। बातचीत के दौरान, फिल्म के सह-कलाकार आयुष्मान खुराना ने सबसे पहले यह राज खोला। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में कई मुख्य किरदार होने पर क्या किसी को दूसरे का रोल ज्यादा पसंद आया, तो आयुष्मान ने बताया कि सारा अली खान को रकुल प्रीत सिंह का किरदार बहुत भाया। उन्होंने कहा कि सारा को लगता है कि नीलोफर के डायलॉग सबसे बेहतरीन और प्रभावशाली हैं। इस पर सारा अली खान ने भी अपनी बात रखते हुए रकुल प्रीत सिंह की कॉमिक टाइमिंग और अभिनय की खूब प्रशंसा की। सारा ने कहा, "मुझे नीलोफर का किरदार बहुत पसंद आया था। फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ते समय ही यह रोल मुझे बेहद आकर्षक लगा। लेकिन अब जब मैंने सामने से देखा कि रकुल ने इसे कैसे निभाया है, तो मुझे लगता है कि उनके लिए यह रोल बिल्कुल परफेक्ट था। रकुल इतनी मजेदार और स्वाभाविक लग रही हैं कि जो हुआ अच्छे के लिए ही हुआ। अगर कोई दूसरी दुनिया होती और मुझे मौका मिलता तो मैं जरूर नीलोफर का किरदार निभाना चाहती।" यह टिप्पणी उनके किरदार के प्रति उनके गहरे लगाव और रकुल के प्रदर्शन के प्रति उनके सम्मान को दर्शाती है।इसके साथ ही रकुल प्रीत सिंह ने भी अपने अनुभव साझा किए। आयुष्मान खुराना के साथ पहले भी काम कर चुकीं रकुल ने बताया कि दोस्तों और परिचित सह-कलाकारों के साथ दोबारा काम करना काफी आसान और मजेदार होता है।

# जौनपुर दूल्हा हत्याकांड : आरोपित के घर से 2.33 लाख रुपए की अवैध दवाएं बरामद, पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त छापेमारी में खुलासा

तरुणमित्र




**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित शाहगंज कोतवाली थाना के चर्चित दूल्हा हत्याकांड में एक नया खुलासा सामने आया है। मामले के आरोपित शुभम सिंह के घर पर गुरुवार देर रात पुलिस और ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध एलोपैथिक दवाएं बरामद की हैं। इसकी कीमत 2 लाख 33 हजार 860 रुपये है। कार्रवाई खेतासराय थाना क्षेत्र के सरवरपुर वार्ड नंबर-1 स्थित मकान नंबर 70 में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दूल्हा हत्याकांड के आरोपी शुभम सिंह के घर में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से दवाओं का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही खेतासराय पुलिस, ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार पांडेय तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और छापेमारी शुरू की। छापेमारी के दौरान आरोपित की मां संगीता सिंह घर पर मौजूद थीं। तलाशी के दौरान टीम को बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाएं मिलीं, जिनके संबंध में कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद अधिकारियों ने दवाओं को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार पांडेय और खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने मौके पर दवाओं के दो अलग-अलग सैंपल एकत्र कर जांच के लिए सरकारी प्रयोगशाला भेज दिए। वहीं ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत शेष दवाओं को सूचीबद्ध कर चार प्लास्टिक की बोरियों में भरकर सील कर दिया गया।इस संबंध में शुक्रवार को ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार पांडेय ने बताया कि बरामद दवाओं की लैब रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट प्राप्त होने तथा विभागीय जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में मामला दर्ज कराया जाएगा

### हर लड़की खुद को चिरैया से जोड़ रही है: दिव्या दत्ता



**मुंबई।** अभिनेत्री दिव्या दत्ता अपनी नई वेब सीरीज चिरैया को लेकर खूब वाहवाही बटोर रही हैं। जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के बाद से ही, यह सीरीज अपनी शानदार कहानी, सशक्त लेखन और सभी कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित यह 6-एपिसोड की भावनात्मक और मार्मिक सीरीज मैरिटल रेप और वैवाहिक दुर्व्यवहार जैसे बेहद गंभीर और संवेदनशील सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। सीरीज चिरैया को लेकर अभिनेत्री दिव्या दत्ता का मानना है कि यह एक ऐसी सीरीज है, जिससे आज की हर लड़की और महिला अपने आपको गहराई से जोड़ पा रही है, क्योंकि यह समाज के एक कड़वे सच को उजागर करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पॉडकास्ट का वीडियो साझा किया, जिसमें वे चिरैया को मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में बात कर रही थीं। वीडियो में दिव्या कहती हैं, हर कोई चिरैया देख रहा है और उससे प्रभावित हो रहा है। अभी हाल ही में मेरी मुलाकात एक मां से हुई, जिसे चिरैया देखने के बाद अपनी बेटी के ससुराल वालों से बात करने और उनका सामना करने की हिम्मत मिली है।दिव्या दत्ता ने उस महिला का वाकया बताते हुए अपनी बात जारी रखी जहां मैं योगा करने जाती हूं, वहां पर एक महिला मेरे पास आई और बोली कि क्या मैं आपसे कुछ बात कर सकती हूं, तो मैंने सोचा, योगा के बीच में कैसी बातें करें, तो मैंने उसे इंतजार करने के लिए बोला, लेकिन वह इसके लिए तैयार ही नहीं थी। वह मुझसे उसी वक्त बात करना चाहती थी। दिव्या ने आगे बताया कि उस महिला ने मुझसे कहा, मेरी बेटी को उसके ससुराल वालों ने छोड़ दिया है और मेरे अंदर बेटी के ससुराल वालों से बात करने की हिम्मत नहीं थी। फिर एक दिन मैंने चिरैया देखी और मैं उसे देखकर बहुत रोई।






## ख़ास ख़बर

### राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस पर दी बधाई



**तरुणमित्र। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों, विशेषकर सिक्किम के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने शुक्रवार को कहा कि सिक्किम अपनी अनुपम प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए देशभर में विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि राज्य ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए सतत विकास के उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिक्किम के नागरिक अपनी मेहनत, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के बल पर राष्ट्र निर्माण में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। उन्होंने सिक्किम के समस्त निवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बहराइच में चलती कार में अचानक लगी आग, जलकर राख



**तरुणमित्र। बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच जिले में शुक्रशार को बहराइच-लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मटेरा चौकी के समीप चलती कार आग का गोला बन गई। चालक की सूझबूझ के चलते यात्रियों की जान बच सकी लेकिन कार राख में तब्दील हो गई। कार संख्या UP 16 BS 6059 लखीमपुर से बहराइच की तरफ आ रही थी कि चलती कार में अचानक आग लग गई और देखते ही पूरी कार आग का गोला बन गई। सूचना पर मटेरा चौकी प्रभारी गोपाल तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से राहत कार्य शुरू कराया। अग्निशमन दल पहुँचने से पहले ही पूरी कार जलकर राख हो गई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### बहराइच में पुलिस कस्टडी से फरार 25 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार



**तरुणमित्र। बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच की मोतीपुर पुलिस ने शुक्रवार को 25 हजार के इनामी मादक पदार्थ तस्कर टेक बहादुर नेपाली को गिरफ्तार किया है। यह तस्कर करीब 15 दिन पहले पुलिस को चकमा देकर कस्टडी से फरार हो गया था । बीती 30 अप्रैल को मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलई गांव में पुलिस और सीमा सुरक्षा बल की टीम नेपाल से आने-जाने वालों की सघन चेकिंग कर रही थी। उसी समय पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के बांके जिला के कोहलपुर निवासी टेक बहादुर नेपाली को 18 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, कस्टडी के दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने फरार तस्कर पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को थानाध्यक्ष मोतीपुर को सूचना प्राप्त हुई कि फरार तस्कर फुट्टा चौराहा जंगल बलईगांव के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम एक्टिव हुई और घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। एएसपी ग्रामीण डी पी तिवारी ने बताया फरार नेपाली तस्कर को पुनः गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

### फिरोजाबाद में नो व्हीकल डे : पैदल कार्यालय पहुंचे जिलाधिकारी व सीडीओ सहित अन्य बड़े अधिकारी



**तरुणमित्र। फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को "नो व्हीकल डे" घोषित किए जाने की घोषणा के बाद आज पहले दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी, सीडीओ सहित कई अधिकारी पैदल ही कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आम लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। फिरोजाबाद के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन से सहयोग की अपील करते हुए जनपद में प्रत्येक शुक्रवार को 'नो व्हीकल डे' (वाहन मुक्त दिवस) मनाने की घोषणा की है। शुक्रवार को प्रथम दिन ही जिलाधिकारी की इस पहल का असर प्रशासनिक अधिकारियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। स्वयं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य पैदल कार्यालय पहुंचे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी पैदल चलकर पेट्रोल-डीजल बचाने का संदेश दिया। जिलाधिकारी दोपहर में भी कार्यालय से वापस आवास पैदल ही गए। उन्होंने आम लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को कम करने के लिए छोटे-छोटे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उनका मानना है कि यदि सप्ताह में केवल एक दिन भी लोग निजी वाहनों का उपयोग कम करें, तो इससे ईंधन की बचत होगी और पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिलेगा। प्रशासन का मानना है कि "नो व्हीकल डे" से लोगों में पैदल चलने और साइकिल का उपयोग करने की आदत को बढ़ावा मिलेगा, जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होगा।

### अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ आशुतोष महाराज की अवमानना याचिका खारिज

**तरुणमित्र। प्रयागराज।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दाखिल अवमानना याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह याचिका आशुतोष महाराज ने शंकराचार्य के खिलाफ कोर्ट की जमानत की शर्तों का उल्लंघनकरने का आरोप लगाते हुए दायर की थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद आज स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुक्तानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ दायर अवमानना याचिका खारिज कर दी। याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने कहा कि यदि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं, तो याचिकाकर्ता के पास इस अदालत की ओर से दी गई अग्रिम जमानत निरस्त कराने के लिए आवेदन दाखिल करने का वैधानिक उपाय उपलब्ध है। इससे पहले न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने इस अवमानना याचिका पर सुनवाई से स्वयं को यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहते। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने मामला न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की अदालत को सौंप दिया था। उल्लेखनीय है कि आशुतोष महाराज ने प्रयागराज में पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को अग्रिम जमानत देते समय लगाई गई शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का अनुरोध किया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती सभाएं कर रहे हैं और सार्वजनिक बयान दे रहे हैं, जो कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है।

# जेठ की तपिश में धूप में खड़े मिले गोवंश, निरीक्षण में खुली व्यवस्थाओं की पोल

## संयुक्त निदेशक ने लगाई फटकार, अतिरिक्त टिनशेड और ईयर टैग लगाने के निर्देश

तरुणमित्र



**मीरजापुर।** हलिया क्षेत्र के महोगढ़ी और गलरा स्थित गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण में शुक्रवार को व्यवस्थाओं की खामियां उजागर हो गईं। पशुपालन निदेशालय के संयुक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. प्रदीप कुमार ने निरीक्षण के दौरान अधिकांश गोवंश बिना ईयर टैग के पाए जाने पर नाराजगी जताई। वहीं जेठ की चिलचिलाती धूप में खड़े मिले पशुओं को देखकर अधिकारियों को फटकार लगाई। संयुक्त निदेशक ने बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी के साथ गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। महोगढ़ी गोशाला में भूसा और पोषाहार पर्याप्त मिला, लेकिन हरे चारे की व्यवस्था नहीं दिखी। वहीं गलरा गो आश्रय स्थल पर दोपहर में अधिकांश गोवंश खुले में धूप में खड़े मिले। इस पर संयुक्त निदेशक ने पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार, नीलम सिंह और ग्राम सचिव मनोज गौतम को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल अतिरिक्त टिनशेड लगाने और पशुओं के लिए छांव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जब हरे चारे के बारे में पूछा गया तो प्रधान पति अरुण मिश्र ने बताया कि सुबह-शाम हरा चारा दिया जाता है। हालांकि संयुक्त निदेशक ने चरनी और पशुओं की स्थिति देखकर इस दावे पर सवाल उठाया। इसके कुछ देर बाद कर्मचारी ज्वार का हरा चारा लेकर गोशाला पहुंचे। संयुक्त निदेशक ने कहा कि गोवंशों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिना ईयर टैग वाले पशुओं को जल्द टैग करने और धूप से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

### 91.4 % अंक पाकर इंटर कामर्स में जिले में दुसरे स्थान पर रहा अवनीत सिंह



तरुणमित्र

**राजापाकड़ कुशीनगर।** नव जीवन मिशन स्कूल कसया के छात्र अवनीत सिंह ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा इंटर मीडिएट कामर्स में 91.4 प्रतिशत् अंक पाकर अपने स्कूल का टापर बनने के साथ ही जिले में दुसरे स्थान पर रहा। इस उपलब्धि से अवनीत सिंह दिव्यांशु के घर में खुशी का माहौल है। अवनीत शुरू से ही अपने कक्षा में अव्वल रहा है। इस उपलब्धि पर डा बीएन सिंह, केदारनाथ सिंह, डा अश्विना सिंह, डा नितेश कुशवाहा, डा अमन सिंह, ज्योत्सना सिंह, स्वपनील सिंह, अभिषेक सिंह, अभिजीत सिंह अंशू, पवन जायसवाल, अभिषेक राजपूत, अमित मिश्रा, अंजनी सिंह, अनिल सिंह, सुनील सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अवनीत के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नीट पेपर लीक प्रकरण में छात्रों—युवाओं ने किया प्रदर्शन

तरुणमित्र




**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के सुभाष चौक पर समाजवादी पार्टी से जुड़े छात्र नेताओं के नेतृत्व में नीट पेपर लीक प्रकरण में छात्रों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया । इस दौरान छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष विजय रावत ने कहा की केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार छात्रों —नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बीआरडी पी जी कालेज के छात्र नेता सूरज यादव ने कहा भाजपा सरकार में जिस तरह से पेपर लीक हो रहे हैं। यह छात्र नौजवानों विरोधी सरकार है अब समय आ गया कि आने वाले चुनाव में छात्र- नौजवान मिल कर भाजपा सरकार को हटाने का काम करें। इस दौरान मुख्य रूप से रामप्रित यादव, राहुल सिंह, अभिषेक यादव, संजय प्रताप सिंह, दीपक चौहान, समिउल्लाह, राकेश सिंह ,कुबेर सिंह, अजय कुमार, अंश मिश्रा, आशुतोष ओझा, कुबेर नाथ सिंह, दीपक उपस्थित रहे ।

### गोशालाओं में होगी कृषि सखियों की तैनाती, महिलाओं को दिया जायेगा प्रशिक्षण

तरुणमित्र



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहली बार इतने बड़े स्तर पर व्यापक और संगठित मॉडल पर काम शुरू होने जा रहा है। योगी सरकार अब गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण और जैविक खेती से जोड़कर नए रोजगार मॉडल के रूप में विकसित करने जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों की साढ़े सात हजार से अधिक गोशालाओं में कृषि सखियों की तैनाती की जाएगी। इस पूरी योजना में उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन की महिलाओं को विशेष भूमिका सौंपी जा रही है। योगी सरकार की योजना है कि ग्रामीण क्षेत्र की माताएं और बहनें गो संरक्षण में भी सहभागी बनें और गोशालाओं को आत्मनिर्भरता व समृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करें। इसके लिए प्रदेश स्तर पर महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा, जो आगे गांव-गांव में अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित करेंगी।

**गोशालाओं से निकलेगा समृद्धि का रास्ताः**उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार की रणनीति के अनुसार प्रदेश की सभी गोशालाओं को रोजगार और जैविक कृषि के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। गोशालाओं से निकलने वाले गोबर का उपयोग बड़े पैमाने पर जैविक खाद तैयार करने में होगा। इसके लिए महिलाओं के माध्यम से खाद निर्माण इकाइयां संचालित की जाएंगी। इससे एक ओर जहां गो संरक्षण को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खासतौर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अभियान मील का पत्थर साबित हो सकता है।

**बदलेगी गांवों की तस्वीर, खेती की लागत घटेगीः**योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जैविक खाद के बड़े स्तर पर उत्पादन से किसानों को रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। इससे खेती की लागत घटेगी और मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होगी।जैविक खाद के उपयोग से किसानों की आय बढ़ेगी और प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य के लिहाज से सुरक्षित एवं बेहतर खाद्यान्न उपलब्ध हो सकेगा।

**महिलाओं की बड़ी भागीदारी से मजबूत होगा अभियानः**उत्तर प्रदेश आजीविका मिशन से जुड़ी कृषि सखियां इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनेंगी। योगी सरकार का उद्देश्य है कि गो संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे स्थायी आर्थिक गतिविधि के रूप में विकसित किया जाए। यही वजह है कि इस अभियान में महिलाओं की भूमिका केवल सहयोगी नहीं बल्कि नेतृत्वकारी होगी।

# जिलाधिकारी ने की प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

तरुणमित्र



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया के जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोबेशन एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी इकाइयों की समेकित समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसे मामलों में प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं बाल श्रम पर नियंत्रण हेतु कठोर कदम उठाए जाएं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए महिला एवं बाल अपराधों में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास करें। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि किसी भी निर्माण कार्य को सीधे न कराकर पीडब्ल्यूडी अथवा आरएलडी के माध्यम से कराया जाए। साथ ही बजट की उपलब्धता एवं व्यय का विवरण उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कन्या जन्मोत्सव, सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभाग की सभी योजनाओं में बेहतर प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, राजकीय बाल गृह (बालक), जिला प्रोबेशन कार्यालय, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड), उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित बच्चों हेतु लैपटॉप योजना, बाल सेवा योजना कोविड से आच्छादित बालिकाओं हेतु शादी अनुदान योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर एवं बाल कल्याण कार्यालय का निरीक्षण कर आधारभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर, बाल कल्याण अधिकारी जे.पी. तिवारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सावित्री राय, अमित उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पौधारोपण कर मनाया गया प्रिया मिश्रा का जन्मदिन

तरुणमित्र







**प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए शुक्रवार को अथर्वन संस्था की ओर से जौनपुर मूल की एवं वर्तमान में मास्को (रूस) में निवास कर रहीं प्रिया मिश्रा की सुपुत्री प्रियल मिश्रा के जन्मदिन पर पौधारोपण किया गया। प्रिया मिश्रा ने अपनी पुत्री के जन्मदिन को यादगार और पर्यावरण हितैषी बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण का संकल्प लिया था, जिसे अथर्वन संस्था ने पूरा किया। संस्था की ओर से ट्री गार्ड सहित एक पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था की सचिव डॉ. कंचन मिश्रा, प्रीति गोयनका एवं सुषमा सिंह ने पौधारोपण में विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों तथा दूरभाष के माध्यम से जुड़े शुभचिंतकों ने प्रियल मिश्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ती है और समाज को सकारात्मक संदेश मिलता है।

### नोएडा में कारों का शीशा तोड़ कर लैपटॉप और मोबाइल फोन चुराने वाले गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

तरुणमित्र



**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-142 पुलिस ने कारों का शीशा तोड़कर लैपटॉप और कीमती सामान चोरी करने वाले एक गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जबकि उनका एक साथी फरार है। पुलिस ने इनके पास से विभिन्न जगहों से चोरी किए हुए 18 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक टैबलेट ,एक इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने चोरी की दर्जनों वारदातें करनी स्वीकार की है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन शैलेंद्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि महेंद्र पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम नगली वाजिदपुर उम्र 27 वर्ष तथा जुनैद उर्फ बिट्टू पुत्र आलम निवासी जनपद सहरसा बिहार हाल निवासी ग्राम नगली बाजितपुर उम्र 22 वर्ष को थाना सेक्टर 142 पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशान देही पर पुलिस ने विभिन्न जगहों से कारों का शीशा तोड़कर चोरी किए हुए 18 मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, एक टैबलेट, घटना में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ पूर्व में दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज है। उन्होंने बताया कि इनका एक साथी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। डीसीपी ने बताया कि ये बदमाश सड़क किनारे पार्क कारों का शीशा तोड़कर उनमें रखे हुए कीमती सामान चोरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बदमाशों ने 100 से ज्यादा वारदातें करनी स्वीकार की है।-

# प्रधानमंत्री के खिलाफ सपा सांसद के बयान पर विरोध प्रदर्शन, लगाए गए मुर्दाबाद के नारे

तरुणमित्र




**बांदा।** देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ महोबा के सपा सांसद अर्जेन्द्र सिंह लोधी द्वारा की गई अशोभनीय व अमर्यादित और असंसदीय टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं व पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों का एक जुलूस राइफल क्लब मैदान से शुरू होकर संकट मोचन, अशोक लाट चौराहा, जजी चौराहा होते हुए कलक्ट्रेट प्रांगण में समाप्त हुआ जहां कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ सपा नेताओं द्वारा की जा रही अभद्र, अशोभनीय एवं स्तरहीन टिप्पणियां उनकी राजनीतिक हताशा, मानसिक दिवालियापन का प्रमाण है। यह प्रधानमंत्री का अपमान नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं, लोकतान्त्रिक जनादेश और भारत के गौरव का अपमान है। जनता अब ऐसे बिसैले और संस्कारहीन राजनीतिक चरित्र को भलीभांति पहचान चुकी है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं बल्कि पूरे देश का गौरव होता है उनके खिलाफ की गई असंसदीय टिप्पणी केवल अशोभनीय और अक्षम्य है बल्कि भारतीय लोकतान्त्रिक मर्यादाओं पर पर भी गंभीर आघात है । कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मालती बासू, ममता मिश्रा, अर्चना शुक्ला, जाग्रति वर्मा, प्रभा गुप्ता, निर्मला गौतम, अर्चना मिश्रा, विनीता कौशल, रंजना श्रीवास्तव, पार्वती गुप्ता, मंजू सिंह, रूपा सिंह, सुमन तिवारी के आलावा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, विवेकानंद गुप्ता, अजय पटेल, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, अमित सेठ भोलू, दुर्गा चौरसिया, निखिल सक्सेना, अशोक गुप्ता, संतोष राजपूत, राजेश गुप्ता, संतू गुप्ता, सुधीर कुशवाहा सहित सैकड़ो महिलाएं व पदाधिकारी शामिल रहे ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
www.tarunmitra.in





# आखिरकार अंबरनाथ में शिवसेना-भाजपा गठबंधन की घोषणा की गई

तरुण मित्र ब्यूरो



**अंबरनाथ**। अंबरनाथ में पिछले चार महीनों से चल रहा शिवसेना और भाजपा के बीच का राजनीतिक संघर्ष आखिरकार समाप्त हो गया है। दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं के आदेशानुसार स्थानीय स्तर पर गठबंधन बनाने का निर्णय लिया गया है, जिसकी घोषणा गुरुवार को अंबरनाथ के सांसद कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल लांडगे और भाजपा जिला अध्यक्ष नंदू परब उपस्थित थे।

जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने कहा कि यह निर्णय अंबरनाथ शहर के विकास और मतदाताओं की इच्छा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र और राज्य में गठबंधन है। अंबरनाथ में गठबंधन न होने के कारण शहर के विकास में बाधाएँ न आए इसके लिए दोनों नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि यह गठबंधन उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के सुझाव पर बना है और अब कोई मतभेद नहीं रह गया है।

इस बार पूर्व पार्षदों की एंट्री के बारे में बात करते हुए लांडगे ने कहा कि यह फैसला निजी लाभ के लिए नहीं बल्कि शहर के विकास के एजेंडे पर आधारित है। दोनों पार्टियों के वरिष्ठ नेता आने वाले समय में तय करेंगे कि किसे क्या जिम्मेदारी दी जाएगी? वहीं, शिवसेना में चल रही स्थानीय गुटबाजी पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि चूंकि शिवसेना आदेशों पर चलने वाली पार्टी है, इसलिए कार्यकर्ताओं को गठबंधन के इस फैसले को स्वीकार करना होगा।

दूसरी ओर, शिवसेना के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने गठबंधन पर प्रतिक्रिया देते हुए कुछ नेताओं पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ समूह पहले से ही भाजपा के लिए काम करने को तैयार हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के पार्टी के प्रति वफादार रहने के महत्व पर जोर दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक डॉ. बालाजी किनिकर, भाजपा नेता गुलाबराव करंजुले-पाटिल, नगराध्यक्ष तेजश्री करंजुले-पाटिल, उपनगराध्यक्ष सदाशिव पाटिल, सुनील चौधरी, अब्दुल शेख, अभिजीत करंजुले-पाटिल सहित कई नगरसेवक और दोनों दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद आनंद परांजपे शिवसेना में शामिल

### 14 साल बाद 'घर वापसी', एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर जताया भरोसा

तरुणमित्र युसुफ पुरी




**ठाणे** : महाराष्ट्र की राजनीति में एक अहम घटनाक्रम के तहत पूर्व सांसद आनंद परांजपे ने 14 साल बाद शिवसेना में वापसी कर ली। राज्य के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए परांजपे ने मुंबई स्थित बाळासाहेब भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिवसेना में प्रवेश किया। इस अवसर पर सांसद श्रीकांत शिंदे मंत्री दादाजी भुसे, मंत्री उदय सामंत, पूर्व सांसद राहुल शेवाळे, शिवसेना सचिव सिद्धेश कदम, रविंद्र फाटक सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। शिवसेना में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में आनंद परांजपे ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) में उनकी कोई नाराज़गी नहीं थी। उन्होंने कहा कि संगठन में काम करने का उन्होंने हमेशा प्रयास किया और जहां भी अवसर मिला, उन्होंने जिम्मेदारी निभाई। परांजपे ने अपने 14 साल के राजनीतिक सफर की तुलना भगवान श्रीराम के वनवास से करते हुए कहा, "प्रभु श्रीराम भी 14 वर्ष वनवास में रहे थे। वनवास हमेशा नकारात्मक नहीं होता, उससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अब मेरी घर वापसी हो गई है।" उन्होंने कहा कि उनका और शिंदे परिवार का संबंध हमेशा आत्मीय रहा है। शिवसेना से उन्हें दो बार सांसद बनने का अवसर मिला और उसमें एकनाथ शिंदे का बड़ा योगदान रहा। "मैं भले ही दूसरे दल में था, लेकिन मेरे अंदर आज भी शिवसेना का डीएनए है। मुख्यमंत्री रहते हुए कॉमन मैन के रूप में काम करने वाले एकनाथ शिंदे की कार्यशैली से प्रभावित होकर मैंने वापस शिवसेना में आने का निर्णय लिया," उन्होंने कहा। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कहा कि आनंद परांजपे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस में रहते हुए भी विभिन्न जिम्मेदारियां ईमानदारी से निभाईं और उनके संगठन कौशल का पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए रोज विभिन्न दलों के कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हो रहे हैं, जिससे पार्टी की ताकत लगातार बढ़ रही है।

इससे पहले आनंद परांजपे ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए अपना पत्र सुनेत्रा पवार को सौंपा था। इस्तीफे में उन्होंने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस में बिताए गए 14 वर्षों के दौरान नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिले प्रेम और विश्वास को वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने पार्टी द्वारा दी गई सभी जिम्मेदारियों के लिए आभार भी व्यक्त किया।

# मानसिक स्वास्थ्य जगत के दिग्गज डॉ. आनंद नाडकर्णी का निधन

### उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दी श्रद्धांजलि, कहा - समाज ने खोया बहुआयामी व्यक्तित्व

तरुणमित्र युसुफ पुरी



**ठाणे** : प्रख्यात मनोविकार विशेषज्ञ डॉ. आनंद नाडकर्णी का शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे निधन हो गया। उनके निधन की खबर से चिकित्सा, साहित्य, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की।

एकनाथ शिंदे ने अपने संदेश में कहा कि डॉ. नाडकर्णी असीम ऊर्जा और प्रसन्न व्यक्तित्व के धनी थे तथा पिछले साढ़े तीन दशकों से मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा कर रहे थे। उन्होंने "सुदृढ़ मन सबके लिए" के उद्देश्य से "इंस्टीट्यूट फॉर साइकोलॉजी" की स्थापना कर हजारों लोगों को मानसिक संबल प्रदान किया।

उन्होंने आगे कहा कि दिवंगत डॉ. सुनंदा अवचट के साथ मिलकर पुणे में स्थापित "मुक्तांगण" व्यसनमुक्ति केंद्र समाज सेवा का आदर्श उदाहरण बना। शिंदे ने कहा कि इन संस्थाओं ने मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया।

डॉ. नाडकर्णी साहित्य और कला जगत में भी सक्रिय थे। उनकी "गद्दे पंचविशी", "वैद्यक सत्ता", "शहाण्यांचा सायकिएट्रीस्ट" और "मनमैत्रीच्या प्रदेशात" जैसी कई पुस्तकें पाठकों में लोकप्रिय रहीं। वहीं "जन्मरहस्य", "त्या तिघांची गोष्ट" और "रंग माझा वेगळा" जैसे नाटकों ने भी विशेष पहचान बनाई।

उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि डॉ. आनंद नाडकर्णी के निधन से समाज ने एक संवेदनशील चिकित्सक, लेखक, नाटककार, कलाकार और सामाजिक कार्यकर्ता को खो दिया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बुरहानी अस्पताल में शुरू हुआ आधुनिक डायलिसिस सेंटर

### गरीब मरीजों को मामूली शुल्क में मिलेगी बेहतर सुविधा

तरुणमित्र सारा पुरी



**मुंब्रा** : आनंद कोलीवाड़ा स्थित बुरहानी अस्पताल में रिलायबल चेरिटेबल ट्रस्ट और बुरहानी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आधुनिक डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ किया गया। किडनी मरीजों को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस सेवा में फिलहाल एक साथ चार मरीजों का डायलिसिस किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह सेवा हिज होलीनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहेब के मार्गदर्शन में शुरू की गई है। आने वाले समय में 10 अतिरिक्त बेड बढ़ाकर सेवा को दिन-रात शुरू करने की योजना है। ट्रस्ट पदाधिकारी शेख युसुफ भाई ने बताया कि जहां अन्य अस्पतालों में डायलिसिस के लिए दो से ढाई हजार रुपये तक शुल्क लिया जाता है, वहीं यहां मरीजों से केवल आवश्यक सामग्री का मामूली खर्च लिया जाएगा। केंद्र में नवीनतम तकनीक की मशीनें लगाई गई हैं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल सके। अस्पताल में डायलिसिस सुविधा के अलावा एनआईसीयू, अत्याधुनिक वेंटिलेटर, आईसीयू तथा पुरुष और महिला वार्ड जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। साथ ही सैफी अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम नियमित रूप से यहां विजिट करेगी।

डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन स्थानीय वरिष्ठ नगरसेवक राजन कीने के हाथों किया गया। इस अवसर पर राजन कीने आभार व्यक्त किया और बधाई दी  रिलायबल चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य सैफी भाई जानी, जूजर भाई, तय्यब भाई और मुर्तुजा भाई बदामी। वहीं बुरहानी अस्पताल के ट्रस्टी शेख युसुफ भाई प्लाटिक, खोजेमा भाई अलवी, मुस्तफा संचा,डॉ. टूंकवाला और मुफद्दल भाई कोठारी सहित सभी सदस्य का अमूल्य योगदान रहा।

# मुंब्रा में कचरा ठेके को लेकर एआईएमआईएम का विरोध, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

तरुणमित्र युसुफ पुरी




**मुंब्रा** : मुंब्रा प्रभाग समिति क्षेत्र में कचरा प्रबंधन का ठेका निजी कंपनी को मुदतवाढ देने के प्रस्ताव का एमआईएम ने तीव्र विरोध किया है। इस संबंध में एमआईएम पार्टी के गट नेता सैफ पठान के नेतृत्व में नगरसेवकों के एक शिष्टमंडल ने ठाणे महानगर पालिका आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर महासभा प्रकरण क्रमांक 308 रद्द करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में कहा कि ठाणे महानगर पालिका की 9 प्रभाग समितियों में से 8 जगहों पर कचरा संकलन और परिवहन का काम मनपा स्वयं कर रही है, जबकि केवल मुंब्रा क्षेत्र में बार-बार निजी कंपनियों को ठेका देकर फायदा पहुंचाया जा रहा है। इसे लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है। एमआईएम ने आरोप लगाया कि क्रिस्टल इंटिग्रेटेड सर्व्हिसेस प्रा. लि. समेत अन्य ठेकेदार कंपनियों के कामकाज को लेकर पिछले कुछ वर्षों में लगातार शिकायतें सामने आई हैं। कई इलाकों में कचरे के ढेर जमा होने से दुर्गंध, ट्रैफिक जाम और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं पैदा हुई थीं। इसके विरोध में नागरिकों, सामाजिक संगठनों और एमआईएम की ओर से आंदोलन, धरना और उपोषण भी किए गए थे। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि मुंब्रा में गंदगी और कचरे के ढेर के कारण टायफाइड, मलेरिया, डेंग्यू और टीबी जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कचरा प्रबंधन का काम मनपा को खुद अपने स्तर पर करना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी उल्लेख किया कि महानगर पालिका ने पहले संबंधित ठेकेदार कंपनियों को नोटिस जारी कर कुछ कचरा संकलन केंद्र बंद करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद उसी कंपनी को फिर से मुदतवाढ देने का प्रस्ताव लाना जनहित के खिलाफ बताया गया है। एमआईएम ने महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम की धारा 63 का हवाला देते हुए कहा कि स्वच्छता और कचरा प्रबंधन मनपा की अनिवार्य जिम्मेदारी है। इसलिए मुंब्रा प्रभाग समिति में भी अन्य प्रभागों की तरह कचरा व्यवस्थापन सीधे ठाणे महानगर पालिका द्वारा किया जाए।

## मनपा जलविभाग के कर्मचारियों के साथ हुज्जत करने वाले चार लोगों पर मामला दर्ज

तरुणमित्र / ब्यूरो



**भिवंडी** : भिवंडी में दूषित पानी की शिकायत के बाद नया नल कनेक्शन देने पहुंचे पालिका के पानी सप्लाई विभाग के कर्मचारियों के साथ हुज्जत करने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पालिका सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रभाग समिति क्रमांक 4 अंतर्गत मौजे नारपोली स्थित शांतीसागर कॉम्प्लेक्स की "एफ" विंग में पीने के पानी की नई लाइन और मुख्य जलवाहिनी बदलने को लेकर एड. अनुप एच. शुक्ला ने शिकायत की थी। शिकायत के बाद पानी सप्लाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दूषित पानी आने और पुरानी जलवाहिनी खराब होने के कारण वहां 2 इंच व्यास की नई पाइप लाइन डालने का काम शुरू किया गया था। इसी दौरान उसी इमारत में रहने वाले दिनेश हनुमंतदास वर्मा, आर. आर. त्रिपाठी, माया वर्मा और एक अज्ञात व्यक्ति ने काम का विरोध करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। इस मामले में पालिका पानी सप्लाई विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर नारपोली पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 221 के तहत चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई-गोवा हाईवे पर टोल के खिलाफ मनसे का हल्लाबोल

### आंदोलन से पहले ही कई कार्यकर्ता हिरासत में

तरुणमित्र/ब्यूरो




**नवी मुंबई**। मुंबई-गोवा महामार्ग पर अधूरे काम और सुविधाओं के अभाव के बावजूद टोल वसूली शुरू किए जाने के खिलाफ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने आक्रामक रुख अपना लिया है. पनवेल के खारपाड़ा नाका टोल प्लाजा पर बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे मनसे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार, मनसे कार्यकर्ता पलसे फाटा के पास एकत्रित होकर खारपाड़ा टोल नाके पर प्रदर्शन करने के लिए आगे बढ़ रहे थे. उनकी मांग थी कि जब तक हाईवे का काम पूरी तरह संपन्न नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली बंद रखी जाए. हालांकि, कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में ही रोक दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया. पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को शांत करते हुए आश्वासन दिया है कि वे इस मामले में संबंधित टोल कंपनी के ठेकेदार को चर्चा के लिए बुलाएंगे. इस दौरान मनसे कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. कार्यकर्ताओं ने सवाल उठाया कि जब मुंबई-गोवा महामार्ग का काम अभी भी कई जगहों पर अधूरा है और सड़कों की हालत जर्जर है, तो बिना किसी सुख-सुविधा के टोल शुरू करने की इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है? मनसे ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही टोल वसूली पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में इससे भी अधिक तीव्र और उग्र आंदोलन किया जाएगा. फिलहाल पुलिस की इस कार्रवाई के बाद इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

# मानसून से पहले अलर्ट मोड पर ठाणे महापालिका

- महापौर शर्मिला पिंपळोलकर ने लिया आपातकालीन कक्ष का जायजा
- प्रभाग स्तर पर भी 24 घंटे इमरजेंसी कंट्रोल रूम तैयार रखने के निर्देश

तरुणमित्र ठाणे



**ठाणे** : आगामी मानसून को देखते हुए ठाणे महानगरपालिका ने आपातकालीन व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में महापौर शर्मिला पिंपळोलकर ने महापालिका के आपातकालीन नियंत्रण कक्ष का दौरा कर संपूर्ण व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय के साथ-साथ सभी प्रभाग समितियों के स्तर पर भी आपातकालीन कक्ष 24 घंटे सक्रिय और सज्ज रहें, ताकि बारिश के दौरान नागरिकों को तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

इस दौरान सभागृह नेता हणमंत जगदाळे, विरोधी पक्षनेता अशरफ उर्फ शानू पठाण, शिवसेना गटनेते पवन कदम, उपायुक्त जी. जी. गोदेपुरे, मनिष जोशी, आपातकालीन व्यवस्थापन अधिकारी तडवी सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर शर्मिला पिंपळोलकर ने कहा कि मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति में मनुष्यबल की कमी नहीं होनी चाहिए। शहर के किसी भी हिस्से से मदद की सूचना मिलते ही संबंधित टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे, इसके लिए प्रभावी नियोजन करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि आपातकालीन कक्ष में आने वाले प्रत्येक कॉल का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से रखा जाए और संबंधित शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी शिकायतकर्ता को समय-समय पर दी जाए। साथ ही सभी आवश्यक उपकरणों और यंत्रणाओं को अद्ययावत रखने के निर्देश भी प्रशासन को दिए गए।

महापौर ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए महावितरण और पुलिस विभाग के समन्वय अधिकारियों को भी आपातकालीन कक्ष में उपलब्ध रखने की योजना बनाने को कहा। इसके अलावा आपातकालीन विभाग के कर्मचारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने की आवश्यकता भी उन्होंने जताई। बैठक के दौरान टीडीआरएफ की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। महापौर ने निर्देश दिए कि किसी भी गंभीर आपात स्थिति की जानकारी तुरंत महापौर, उपमहापौर, पदाधिकारियों और संबंधित क्षेत्र के नगरसेवकों तक पहुंचाई जाए। नव निर्वाचित नगरसेवकों की अद्ययावत सूची भी आपातकालीन विभाग में उपलब्ध रखने को कहा गया।

इस मौके पर सभागृह नेता हणमंत जगदाळे ने जानकारी दी कि महाराष्ट्र शासन के गृह विभाग की ओर से पुलिस विभाग के माध्यम से शहर में 6 हजार 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए पुलिस और महापालिका अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर सभी नगरसेवकों को विश्वास में लेकर उनके प्रभागों में सीसीटीवी लगाने की योजना तैयार करने का सुझाव दिया गया।

उपायुक्त जी. जी. गोदेपुरे ने बताया कि ठाणे महापालिका के आपत्ती व्यवस्थापन विभाग में फिलहाल 10 हंटिंग लाइन और 13 हॉटलाइन कार्यरत हैं। विभाग का संपूर्ण स्टाफ प्रशिक्षित और अनुभवी है। 1 जून से प्रभाग स्तर पर भी आपातकालीन कक्ष शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर में पेड़ों की छंटाई का 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है तथा संभावित बाढ़ की स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए 25 नौकाएं तैयार रखी गई हैं।

अंत में उपायुक्त गोदेपुरे ने नागरिकों से अपील की कि आपातकालीन परिस्थितियों में आपत्ती व्यवस्थापन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# पालघर पुलिस विभाग में पदोन्नति की पहल

### 42 पुलिसकर्मियों को मिला सेवा का सम्मान।

तरुणमित्र-ओमप्रकाश द्विवेदी

**पालघर**। जिला पुलिस विभाग में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। पालघर पुलिस विभाग के कुल 42 अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट सेवा रिकॉर्ड और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति किया गया है। इस पदोन्नति प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करने के लिए एक विशेष स्थापना बोर्ड  का गठन किया गया था। इस बोर्ड ने पदोन्नति के पात्र अभ्यर्थियों के पिछले वर्षों के सेवा रिकॉर्ड,वरिष्ठता सूची, विशेष योग्यता और कार्यक्षमता जैसे सभी पहलुओं का बारीकी से सत्यापन और मूल्यांकन के बाद अंतिम सूची जारी की गई।

**पदोन्नति का आधिकारिक विवरण**ः महाराष्ट्र शासन द्वारा अनुमोदित इस प्रक्रिया में विभिन्न श्रेणियों में पदोन्नति दी गई है।

ग्रेड पुलिस सब-इंस्पेक्टरः 16 सहायक पुलिस सब-इंस्पेक्टरों (ASI) को उनके अनुभव को देखते हुए 'ग्रेड पुलिस सब-इंस्पेक्टर' का दर्जा दिया गया है।

सहा.पुलिस सब-इंस्पेक्टर (ASI):विभाग के 9 पुलिस कांस्टेबलों को पदोन्नत कर सहायक पुलिस सब-इंस्पेक्टर बनाया गया है।

पुलिस कांस्टेबलः 17 पुलिस नायकों और कांस्टेबलों को पुलिस कांस्टेबल (उच्च पद) पर पदोन्नति प्रदान की गई है।

प्रशासनिक प्रभावः इस निर्णय से पालघर पुलिस बल के रिक्त पदों को भरने में मदद मिलेगी और फील्ड पर तैनात अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा।

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित।
RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबाः 09415287970, 7400223777, 9892789606,
ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भिवाड़ी में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का किया उद्घाटन

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**जयपुर, 15 मई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए हर क्षेत्र में प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। गत दो वर्षों से अधिक समय में 35 नीतियों को लागू कर राज्य सरकार ने अनुकूल औद्योगिक वातावरण का निर्माण किया है, जो कि विकसित भारत-विकसित राजस्थान/2047 की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सिरमौर बनाने के क्रम में पवन और सौर ऊर्जा सहित अक्षय ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एमएलडी एसटीपी एवं खैरथल-तिजारा जिले के विभिन्न विकास कार्यों सहित अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) द्वारा हरियाणा के रास्ते दिल्ली से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। वहीं, यमुना जल समझौते के तीव्र क्रियान्वयन के साथ ही, सरकार अलवर के निकट बांदीकुई में एक बड़े इण्डस्ट्रीयल एरिया की स्थापना भी करने जा रही है। उन्होंने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर का जिक्र करते हुए इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने ग्राम और वार्ड के सुनियोजित विकास के लिए विकसित ग्राम-वार्ड अभियान की दूरगामी पहल की है। इसके अन्तर्गत राज्य सरकार सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण और आवश्यकताओं को समाहित करते हुए गांवों के विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण युवाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत पंचायत स्तर पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने का अहम निर्णय भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन आंकाक्षाओं के





अनुरूप राज्य सरकार ने बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में, रामजल सेतु लिंक परियोजना, आईजीएनपी एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण, माही, देवास एवं सोम-कमला-अंबा परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, 24 जिलों में किसानों को दिन के समय में बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 4 लाख भर्तियों को संकल्प को पूरा करने की दिशा में सवा लाख से अधिक युवाओं को नौकरी देने के साथ ही, सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया है। वहीं, 1 लाख 35 हजार से अधिक नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। केन्द्रीय रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर्स एक महत्वपूर्ण इंडस्ट्री है। आज भारत में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट हो गये हैं और विभिन्न उपकरणों की चिप्स का निर्माण हो रहा है। राजस्थान का नाम भी इस इंडस्ट्री से जुड़ गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में देश ने गत 12 वर्षों में बड़ी छलांग लगाई है। आज भारत में 6 गुना वृद्धि के साथ इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग 13 लाख करोड़ रूपये पहुंच गई है। वहीं, मोबाईल भारत से निर्यात होने वाली पहली नम्बर की कमोडिटी बन गई है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रोनिक्स कम्पोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के अन्तर्गत 75 प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी के इलेक्ट्रोनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में 1 हजार 200 करोड़ रूपये का इन्वेस्टमेंट है। इससे लगभग 2 हजार 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्लांट से हर साल 6 करोड़ चिप्स की मैन्युफेक्चरिंग होगी। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के अन्तर्गत पूरे राजस्थान में 85 रेलवे स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है।

जिनमें से 15 रेलवे स्टेशनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसी प्रकार, अलवर का भव्य रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। केन्द्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भिवाड़ी में 61 करोड़ रूपये के 34 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण किया गया है। वहीं, 52 करोड़ रूपये से अधिक की लागत के 34 एमएलडी एसटीपी ट्रीटेड वाटर लाइन का शिलान्यास किया गया है। यह जल भराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि देश के नक्शे पर भिवाड़ी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए हम संकल्पित हैं। भिवाड़ी को ऑटोमोबाईल के साथ-साथ सेमीकंडक्टर्स और इलेक्ट्रोनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने आरआरटीएस और यमुना जल समझौते की तीव्र प्रगति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने भिवाड़ी में सेमीकंडक्टर क्लस्टर सहित विभिन्न विकास कार्यों का वर्चुअली माध्यम से शिलान्यास एवं लोकार्पण कर प्रदेश को बड़ी सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा उपस्थित रहे। वहीं, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक महंत बालकनाथ, सुखवंत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, आमजन वीसी के माध्यम से जुड़े।

## भारत के 85% लोगों के पास आटा खरीदने के पैसे नहीं हैं, मोदी जी लोगों को सोना न खरीदने की सलाह दे रहे हैं - भगवंत समाओ

तरुणमित्र

**मानसा (तरसेम सिंह फरंड)** भारत के 85% लोगों के पास आटा खरीदने के पैसे नहीं हैं, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भारत के लोगों से सोना न खरीदने की अपील कर रहे हैं। ये विचार मजदूर मुक्ति मोर्चा आज़ाद पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष भगवंत सिंह समाओ ने 1 जून को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की संगरूर कोठी के सामने होने वाले मनरेगा रोज़गार बचाओ धरने की तैयारी के लिए अलग-अलग गांवों में मज़दूरों को इकट्ठा करने वाली मीटिंगों को संबोधित करते हुए कहे।



उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की पूंजीवादी नीतियों के कारण देश में बढ़ती बेरोज़गारी और महंगाई ने आम लोगों को कर्ज़ में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की आम आदमी पारटी की सरकार के पास विज्ञापनों के लिए ज़्यादा पैसा है लेकिन मनरेगा मज़दूरों को रोज़गार देने के लिए खजाना खाली है। उन्होंने कहा कि मोदी और भगवंत मान के राज में मज़दूर मनरेगा रोज़गार के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की तेल, गैस के कम इस्तेमाल की अपीलों से यह साबित हो गया है कि बी जे पी की दोधारी विदेश नीति ने भारत के लिए गंभीर संकट बढ़ा दिया है। और एक तरफ़ तो भारत के 85% लोग रोटी के लिए आटा नहीं खरीदते, लेकिन प्रधानमंत्री सोना न खरीदने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पारटी सरकार के राज में किसानों, मज़दूरों, नौजवानों की तरक्की के लिए पॉलिसी की जगह सिर्फ़ खोखले नारे और फिजूलखर्ची ही हो रही है। उन्होंने कहा कि 1 जून को हज़ारों मज़दूर मनरेगा का फंड रिलीज़ करवाने के लिए मुख्यमंत्री मान की संगरूर कोठी के सामने मनरेगा रोज़गार के विरोध में शामिल होंगे। इस मौके पर जमावड़ों को भोला सिंह झब्बर, गुलाब सिंह खीवा, बल्लम सिंह ढपई, वसीरा बेगम अटला खुर्द, लाडी रल्ला, जरनैल सिंह मानसा, कृष्ण सिंह नंगल खुर्द ने भी संबोधित किया।

## मिलावटखोरों पर शिकंजा: बालोतरा में घी, मिर्च और काजू के नमूने फेल; 6 प्रतिष्ठानों के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज

**एजेंसी, बाड़मेर/बालोतरा तरुणमित्र (जिला ब्यूरो चीफ असरफ मारोठी) बालोतरा** | जिले में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने लैब जांच में फेल होने के बाद संबंधित कारोबारियों के खिलाफ न्यायालय में परिवाद (केस) पेश किए हैं। इनमें घी, लाल मिर्च पाउडर, काजू और दही जैसे रोजमर्रा के उत्पाद शामिल हैं।

अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि जांच में जो सामग्री असुरक्षित और अमानक पाई गई है, उनमें प्रमुख रूप से ये शामिल हैं:

माधव एग्रो ओवरसीजः 'नोवा'



ब्रांड घी का नमूना फेल।

रब्बानी किराणा स्टोरः 'टुडे चॉइस' ब्रांड घी में मिलावट।

मैसर्स चम्पालाल कुम्भाराम व मैसर्स मोतीलाल खेतमल खत्रीः लाल मिर्च पाउडर उपभोग के लिए अनुपयुक्त।

बालाजी ट्रेडिंग कम्पनीः सूखे मेवे (काजू) के नमूने फेल।

मां अम्बे रेस्टोरेंटः दही की गुणवत्ता मानक स्तर पर नहीं मिली।

कलक्टर के निर्देश पर एक्शनः अब तक 745 नमूने लिए

सीएमएचओ ने बताया कि जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव और खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी. शुभमंगला के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरधारीराम और उनकी टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। जिले में अब तक 321 इन्फोर्समेंट और 424 सर्विलेंस नमूने लिए जा चुके हैं। छह मामलों में अपील की अवधि समाप्त होने के बाद अब कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डॉ. चौधरी ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग का यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। शुद्ध के लिए युद्धः बालोतरा में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई, नामी ब्रांड के घी और मसालों के नमूने फेल; 6 पर केस।

सावधान! आप जो खा रहे हैं वो जहर तो नहीं? बालोतरा प्रशासन ने कोर्ट में पेश किए परिवाद, मिर्च से लेकर काजू तक निकले मिलावटी।

एक्शन में फूड विभागः बालोतरा में घी और मिर्च बेचने वाले 6 प्रतिष्ठानों पर कानूनी शिकंजा, लैब रिपोर्ट में खाने योग्य नहीं मिली सामग्री।

## सरकारी सेवा से विदाई, अगले वसंत राष्ट्र सेवा में, खत्री

### शिक्षक राधा किसन हुए सेवानिवृत,बधाई देने का तांता,अनेक पुरस्कारों से सम्मानित

ब्यूरो चीफ अखेराज

**फलोदी,बाप** : पोकरण निवासी राधा किसन शर्मा खत्री शिक्षा विभाग से आज सेवानिवृत हो गए।ज्ञात रहे पोकरण मंगलपुरा विद्यालय से 36 वर्ष की सरकारी सेवा से विदाई लेकर खत्री अब शेष बसंत समाज ,देश हित में समर्पित करेंगे।अपने सेवा काल में बड़े सजग,हर गतिविधि में आगे रहने वाले खत्री कई अवार्ड से सम्मानित हुए है।मंगलपुरा स्टाफ ने कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विदाई देते उज्वल भविष्य की कामना की ।



बधाई का लगा तांता, खत्री को पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, पूर्व विधायक शैतान सिंह, सांग सिंह भाटी,भाजपा नेता जुगल किशोर व्यास,रामदेवरा धर्मशाला अध्यक्ष ओम प्रकाश मांधु,संरक्षक मुरलीधर बिछड़ा,मोहनलाल भूत,चिरंजी लाल सोनी, जयकिशन दवे, भगवानदास राठी,अभय कुमार, कुंभसिंह, चंद्र प्रकाश भूत,जयदत्त मांधु ,सेठ तनसुख बाप,एडवोकेट कन्हैयालाल वारडे, सवाई गिराछ जोधपुर,गोपाल धनदे जैसलमेर,पूनमचंद,महेंद्र खत्री बाप, पुखराज रामदेवरा,हंसराज गिराछ, मांगीलाल, हुकमीचंद भूत सूरत, बंसीलाल छुंछा सांचौर, हरि भाई अहमदाबाद, रावतराम गोयला, अमृत बंधु, प्रशांत,मूलचंद,रविकांत छुंछा बाप, अखेराज आदि ने बधाई देकर शुभकामना प्रेषित की।

## कृष्णा धाम गुडा मांगलियान ठाकुर जी और तुलसी-शालीग्रामजी की पूजा आरती का इष्ट- मित्रो एवं सपरिवार सहित सौभाग्य प्राप्त हुआ

दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**सादड़ी।** श्री तुलसी महारानी के वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ उपलक्ष मे आज 15 मई 2026 को श्री कृष्णा धाम गुडा मांगलियान ठाकुर जी और तुलसी- शालीग्रामजी की पूजा आरती का इष्ट- मित्रो एवं सपरिवार सहित सौभाग्य प्राप्त हुआ...

इस दौरान भूराराम प्रजापत, रूपाराम,सुरेश लूणीया, राजू, युवा संगठन अध्यक्ष रमेश प्रजापत, नारायण कपूकरा, गोपाल, भावेश, नीलेश, ध्रुवी सहित मातृशक्ति भी मौजूद रही

(श्री तुलसी विवाह 15 मई 2019 को श्री स्वर्गीय मोनाराम जी पुत्र स्व गलाजी की पड़पोत्री रूपाराम जी की पौत्री ध्रुवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष मे आप सभी सनातन धर्म प्रेमियों की



उपस्थिति में किया गया

इस दौरान शालिग्राम जी के बारात श्री कृष्ण धाम गुड़ा मंगलियान परम पूज्य महेंद्रानंद गिरी जी महाराज के सानिध्य में बैलगाड़ी ढोल ताशा इत्यादि के साथ नाचते घूमते आयोजक लुनिया परिवार मे आयी थी) तुलसी विवाह की 7वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में श्री तुलसी जी की पूजा आरती का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## युवाओं ने किया कृषि मंडी पाली का भ्रमण, खरीद प्रक्रिया व गुणवत्ता की मिली जानकारी

पाली ब्यूरो चीफ भरत शर्मा

**पाली -रानी।** मेरा युवा भारत पाली एवं रसद विभाग पाली के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को युवाओं को कृषि मंडी पाली का भ्रमण करवाया गया। मंडी मैनेजर त्रितेष चारण ने बताया कि किसान को सर्वप्रथम राजस्थान सरकार की क्रय-विक्रय सहकारी समिति में अपने अनाज, जैसे चना, का पंजीकरण करवाना होता है। यह पंजीकरण गांव स्तर पर ई-मित्र या स्वयं के माध्यम से किया जा सकता है। एक हेक्टेयर में किसान अधिकतम 10 क्विंटल तक चना जमा करवा सकता है, इस प्रकार एक किसान औसतन 40 क्विंटल तक चना जमा करवा सकता है। मेरा युवा भारत के लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक भंवर सिंह राजपुरोहित ने बताया कि किसान को निर्धारित तिथि की सूचना दी जाती है, जिस दिन उसे कृषि मंडी में आना होता है। नंबर आने तक किसानों



के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की जाती है। मंडी में किसान के सामने ही अनाज की तौल कर बारकोड लगाया जाता है और पर्ची प्रदान की जाती है। जमा अनाज की राशि 10 से 15 दिनों के भीतर किसान के खाते में जमा कर दी जाती है। कृषि उपज मंडी सचिव भागीरथ प्रजापत ने सरसों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सरसों को देखकर उसके तेल की मात्रा का अनुमान लगाया जाता है तथा यह भी परखा जाता है कि कौन-सी सरसों तेल उत्पादन के लिए उपयुक्त नहीं है। कार्यक्रम के दौरान रसद विभाग के पुखराज पटेल एवं विवेक सिंह ने भी उपस्थित रहकर युवाओं को जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले युवा लक्ष्मी राजपुरोहित, कुसुम सैन, विक्रम वैष्णव, राणु राव, संपना पंवार, उर्वशी टांक, दिनसिखा, आयुष, हिमेश वर्मा, तरुण, भुवनेश तिवाड़ी, योगेश राजपुरोहित एवं बन्नेदान रतनु सहित अन्य ने सहयोग किया।


## महंगाई का तगड़ा झटका: बाड़मेर में पेट्रोल 3.24 और डीजल 3.02 महंगा; दो साल की स्थिरता के बाद तेल कंपनियों ने बढ़ाईं दरें, आमजन बेहाल

बाड़मेर/बालोतरा जिला ब्यूरो चीफ (असरफ मारोठी)

**बाड़मेर।** आमजन पर महंगाई का एक और बड़ा बोझ पड़ गया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने देर रात अचानक पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी है, जिसके बाद शुक्रवार सुबह से ही नई दरें लागू हो गई हैं। सीमावर्ती जिले बाड़मेर में तेल की कीमतों में 3 रुपए से अधिक का बड़ा उछाल आया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब बाड़मेर में पेट्रोल 109.43 रुपए और डीजल 94.74 रुपए प्रति लीटर के सर्वकालिक उच्च स्तर के करीब पहुँच गया है। एकाएक हुई







इस वृद्धि से आम उपभोक्ताओं के बजट पर सीधा असर पड़ेगा और मालभाड़ा बढ़ने से आने वाले दिनों में हर चीज के दाम बढ़ने की आशंका है। माना जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में लगातार हो रही तेजी के कारण तेल कंपनियों ने यह कदम उठाया है। गौरतलब है कि देश में मार्च 2024 से पेट्रोल-डीजल के दाम पूरी तरह स्थिर बने हुए थे। तब लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी, लेकिन दो साल से अधिक समय की इस स्थिरता के बाद अब तेल के दामों में लगी इस आग ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है।

**दामों का गणितः पेट्रोल 3.24 व डीजल 3.02 हुआ महंगा** : बाड़मेर में गुरुवार तक पेट्रोल के भाव 106.19 रुपए प्रति लीटर थे, जो अब 3.24 रुपए बढ़कर 109.43 रुपए हो गए हैं। वहीं डीजल की बात करें तो गुरुवार को इसके दाम 91.72 रुपए थे, जो अब 3.02 रुपए प्रति लीटर की छलांग लगाकर 94.74 रुपए पर पहुँच गए हैं।

**स्थानीय नागरिकों का कहना है:** "तेल की कीमतें बढ़ने से आम जनता की कमर टूटना तय है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने का सीधा मतलब है कि परिवहन लागत बढ़ेगी, जिससे सब्जी, राशन और दैनिक उपयोग की हर वस्तु के दाम बढ़ जाएंगे।"

## श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में उदयपुर की प्रतिभाएं दिखाएगी हुनर

ऋच पानेरी

**उदयपुर, 15 मई।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे 'आरोहण' नेशनल यूथ फेस्टिवल 2026 में इस बार उदयपुर संभाग की प्रतिभाएं राजस्थान का गौरव बढ़ाएंगी। केंद्र सरकार द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कथक आश्रम, उदयपुर की छात्राएं राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनी गई हैं। इस राष्ट्रीय उत्सव में देश के चारों कोनों-उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम-से चुनी गई कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। उदयपुर की इन छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत और कथक व पारंपरिक नृत्यों में अपनी महारत के दम पर इस मंच तक जगह बनाई है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक उदयपुर ने राजस्थान युवा बोर्ड एवं युवा मामले और खेल विभाग को सहमति पत्र



भेजकर टीम की भागीदारी की पुष्टि की है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उदयपुर संभाग की इस टीम ने सामूहिक कथक नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, जिसके आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम में कोच चंद्रकला चौधरी, हीरा लाल चैधरी के साथ शुभांगी जैन, गिनिका सुहालका, प्रियांशी जोशी, सेजल सुहालका और पूजा चौबीसा शामिल हैं। कथक आश्रम की ये बेटियां अब कश्मीर की वादियों में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और कला का परचम लहराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# समाज सेवी व भामाशाह महावीरसिंह मेडतिया को जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता






अमरपुरी गोस्वामी दादाई

**पाली**। दादाई गाँव के आज हमारे परम मित्र, भामाशाह, सरल स्वभाव, जनहितैषी, मिलनसार स्वभाव, हरदिल अजीज, समाज सेवी, भाजपा नेता महावीरसिंह मेडतिया ठिकाणा दादाई को आपके जन्मदिन पर व न्यु क्रेन लेने पर हार्दिक बधाई एवम हार्दिक शुभकामनाऐ मा हिंगलाज व आशापुरा व भगवान शिव शंकर से आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।अमरपुरी गोस्वामी दादाई,आपके जन्मदिन पर आपने सर्व प्रथम मा हिंगलाज व जोखर आशापुरा के दर्शन लाभ लेकर दिन की शुरुआत की इस मौके पर उन्हे बधाई देने वाले मे बाली विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिह जौधा,मा हिंगलाज पुजारी महन्त रतनपुरी ,जोखर आशापुरा उपासक बाबूलाल देवासी,योगी संदीपनाथ महाराज, जिला महामन्त्री दिग्विजयसिंह राठोड भाजपा नाडोल मंडल अध्यक्ष सतीश सोनी,भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री अमरपुरी गोस्वामी ,देसुरी पुर्व मंडल अध्यक्ष अशोकपुरी गोस्वामी,जीएसएस अध्यक्ष जब्बरसिंह सोलकी बडौद प्रशासक गोविन्दपुरी सरथुर,तुलसीदास वैष्णव,ठा सुखराजसिह मेडतिया,भगवानसिंह चम्पावत, जीवराजसिह राजपुरोहित वारका,बुथ अध्यक्ष कैलाश सैन, पुखराज मेघवाल, ललीता गोस्वामी,बाबूलाल मेवाडा,मदन माली,भोपालसिंह चम्पावत, दिनेश चौधरी, यश सैन,भरत चौधरी,राजुसिंह राजपुरोहित, उदयसिह चम्पावत, इन्दरसिह राणावत,किशोरसिह राजपुरोहित, लुम्बाराम चौधरी,रताराम, नगाराम, बदाराम, शेषाराम चौधरी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश चौहान, हिरालाल परिहार, अशोक जागिंड, कपूरचंद राठौड, भीखाराम मेघवाल, दरगाराम छोगाराम, आशुलाल हिरागर, रमेशकुमार प्रजापत, ज्योति छीपा,छत्रराराम देवासी,हितेश गर्ग, मोतीलाल धोका,जगदीश गहलोत,बद्रीदास वैष्णव, जगदीश पुरी गोस्वामी,छोगाराम चौधरी,भाजपा मंडल महामंत्री मोडसिंह कुम्पावत गुडापृथ्वीराज, कानसिह रावणा,विनोद माली,सुरेश माली,भजन कलाकार दलपतसिंह राजपुरोहित विश्वजीत सिह ,करमजीत सिह मेडतिया,, मागीलाल मेघवाल विगंरला, मांगीलाल हिरागर, सहित सैकडो लोगो ने बधाई दी।

## डिप्टी सीएम की 'बस' यात्रा: डॉ. बैरवा ने सरकारी गाड़ी छोड़ी, रोडवेज में आम यात्री बनकर किया सफर; बोले- सादगी के साथ ईंधन बचाना भी जरूरी

तरुणमित्र विशेष ब्यूरो चीफ (असरफ मारोठी की रिपोर्ट)



**जयपुर** | राजस्थान के उप मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा गुरुवार को एक अलग ही अंदाज में नजर आए। अक्सर लग्जरी सरकारी गाड़ियों और सुरक्षा घेरे में रहने वाले डिप्टी सीएम ने सादगी की मिसाल पेश करते हुए सरकारी वाहनों का त्याग किया और आम जनता के साथ रोडवेज बस में सफर किया। डॉ. बैरवा जयपुर के 22 गोदाम बस स्टैंड से फागी के लिए रवाना हुए। उन्हें बस में अपने बीच पाकर यात्री भी हैरान रह गए।

**PM-CM से मिली प्रेरणाः सादगी के साथ दिया ईंधन बचाने का संदेश** : परिवहन मंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सादगी व जनसरोकारों से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पेट्रोल-डीजल की बचत करना न केवल व्यक्तिगत जरूरत है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी आवश्यक है। सार्वजनिक परिवहन (Public Transport) को बढ़ावा देना समय की मांग है और इसी संदेश को जनता तक पहुँचाने के लिए उन्होंने खुद बस से यात्रा करने का निर्णय लिया।

**अधिकारियों ने भी छोड़ी गाड़ियां, बस से पहुंचे चौपाल** : खास बात यह रही कि डिप्टी सीएम ने न केवल खुद सरकारी गाड़ी छोड़ी, बल्कि अपने साथ चल रहे विभाग के अधिकारियों और सहयोगियों को भी बस से ही चलने के निर्देश दिए। डॉ. बैरवा को जयपुर से दूदू विधानसभा क्षेत्र के फागी में आयोजित 'ग्राम विकास चौपाल' कार्यक्रम में शामिल होना था। आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में मंत्रियों का बड़ा काफिला चलता है, लेकिन गुरुवार को पूरा अमला रोडवेज बस में सवार होकर फागी पहुँचा।

**सफर के दौरान यात्रियों से की चर्चा, जानीं समस्याएं** : बस यात्रा के दौरान डिप्टी सीएम ने आम यात्रियों की तरह टिकट लिया और उनके बीच बैठकर संवाद किया। यात्रियों ने परिवहन मंत्री की इस सादगी की जमकर सराहना की। इस दौरान डॉ. बैरवा ने यात्रियों से रोडवेज की सेवाओं और सुविधाओं को लेकर भी फीडबैक लिया।

डिप्टी सीएम की अपीलः 'निजी वाहनों का मोह छोड़ें, संसाधनों का करें विवेकपूर्ण उपयोग' परिवहन मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, "देशहित को सर्वोपरि रखते हुए हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। जहां तक संभव हो, निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। अनावश्यक वाहन चलाकर ईंधन बर्बाद न करें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।"

# आमेट में 'एक विद्यार्थी एक पुस्तक' अभियान, पठन कौशल का होगा विकास

चीफ ब्यूरो किशन पालीवाल



**राजसमंद/आमेट,** शिक्षा विभाग के पुस्तक साथी आदेश की अनुपालना में विद्यार्थियों में पुस्तक पठन कौशल, साहित्यिक स्वाध्याय एवं मौखिक अभिव्यक्ति दक्षता के विकास के उद्देश्य से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नारायण सिंह राव ने आमेट ब्लॉक में 'एक विद्यार्थी एक पुस्तक एवं एक विद्यार्थी एक कविता' अभियान की शुरुआत की है। अभियान के अंतर्गत ग्रीष्मावकाश अवधि के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा स्तर अनुसार पढ़ने हेतु पुस्तक इश्यू की जा रही है। छुट्टियों के बाद विद्यालय पुनः खुलने पर विद्यार्थियों से पठित पुस्तक के संबंध में सारांश रूप में प्रतिवेदन लिखवाया जाएगा, जिसमें पुस्तक के लेखक का परिचय, मुख्य पात्रों का परिचय, कथानक तथा पुस्तक से मिलने वाली सीख का विस्तृत वर्णन शामिल होगा।

इसके साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी की मौखिक अभिव्यक्ति क्षमता के विकास के लिए एक कविता याद करने की जिम्मेदारी भी दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आमेट ब्लॉक के सभी विद्यालयों में क्रियाशील पुस्तकालय एवं रीडिंग कॉर्नर स्थापित किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों में नियमित पठन की आदत विकसित हो सके। आगामी जुलाई माह में किसी भी विद्यालय के किसी भी विद्यार्थी से कविता प्रस्तुति अथवा किसी पुस्तक के परिचय हेतु कहा जा सकता है, और विद्यार्थी अपनी प्रस्तुति दे सकेंगे। इस प्रकार एक प्रोत्साहनपूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्मित किया जा रहा है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नारायण सिंह राव स्वयं साहित्यिक अभिरुचि वाले अधिकारी हैं। वे राजस्थान सरकार की राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर के वर्ष 2004 से नियत अवधि के सदस्य रहे हैं। उन्होंने शासन, प्रशासन, निर्वाचन, शिक्षा विभाग, डाइट नाथद्वारा एवं जनकल्याण तथा समुदाय विषयों पर आधारित तीन दर्जन से अधिक पुस्तकों का संपादन कार्य भी किया है। यह अभियान आमेट ब्लॉक में विद्यार्थियों के पठन, लेखन एवं अभिव्यक्ति कौशल को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जो शिक्षा व्यवस्था में साहित्यिक और बौद्धिक विकास को नई गति प्रदान करेगा।

## आमेट में शिक्षकों का धरना प्रदर्शन मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन

चीफ ब्यूरो किशन पालीवाल




**राजसमंद /आमेट**=शिक्षा व्यवस्था सुधारने और शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षक भाषण में गुरुवार को उपखंड मुख्यालय आमेट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया । प्रदेश कार्यकारिणी के आवाहन पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया और उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर विभिन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग उठाई।

धरना प्रदर्शन उप शाखा अध्यक्ष पवन लाल जाट पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चुंडावत प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व अध्यक्ष मुकेश वैष्णव प्रधानाचार्य प्रतिनिधि देवीलाल खटीक खाकरमाला तथा उपशाखा मंत्री अशोक कुमार खटीक के सानिध्य में आयोजित हुआ। उपशाखा मंत्री अशोक कुमार खटीक ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार बढ़ रही समस्याओं और विभागीय उदासीनता के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। की विभागीय उदासीनता के कारण शिक्षा व्यवस्था बादल हो चुकी है और इसे शीघ्र सुधारने की आवश्यकता है। प्रदेश प्रतिनिधि मुकेश वैष्णव ने कहा कि शिक्षण दिवस बढ़ाने के नाम पर ग्रीष्मकालीन अवकाशों में कमी की गई पूरी तरह वैज्ञानिक है तथा भौगोलिक परिस्थितियों के विपरीत है। उन्होंने संस्था प्रधान के अधिकृत अवकाशों में कटौती को भी व्यावहारिक बताया। धरना प्रदर्शन के बाद महासंघ के पदाधिकारी और शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह रतनू को स्वैच्छिक स्थानांतरण, वेतन विसंगतियां का निराकरण समय बाद पद्धति संविदा कर्मियों को नियमित करने तथा आरजीएचएस सुविधा सुचारू करवाने सहित विभिन्न मांगों को प्रमुखता से रखा गया। उपशाखा अध्यक्ष मोहनलाल जाट ने धरना प्रदर्शन में सम्मिलित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन उप शाखा मंत्री अशोक कुमार खटीक ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक जगदीश चंद्र शर्मा, प्रकाश चंद्र झाला, शिवराम रेगर, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर पारीक ,पूर्ण दास वैष्णव, सत्य प्रकाश मीणा, कुलदीप पारीक, गाइड सिंह चुंडावत, 5अभिमन्यु सिंह शेखावत, शिवराज गुर्जर ,गौरी शंकर, मूलचंद मीणा, भेरूलाल जीनगर ,मनोज कुमार भादु बसंत भाई यादराम जांगिड़ यशवंत कुमार वर्मा धर्मवीर सिंह यादव रोशन लाल अशोक कुमावत कन्यालाल रेगर सहित आमेट ब्लॉक के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने स्पष्ट संकेत दिया है ।कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जा सकता है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यालय परिवर्तन के संवाहक बने : चौधरी









स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**देसूरी 15 मई,** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से विद्यालय की समुदाय में प्रतिष्ठा बनती है। ऐसे विद्यालय समाज परिवर्तन के संवाहक बनते है। विद्यालय का पुस्तकालय अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनेगा।शहीद रामसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ के प्रयास इस दृष्टि से अभिनंदनीय व अनुकरणीय है। उक्त उद्गार विधायक केसाराम चौधरी ने निकटवर्ती शहीद रामसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कांकलावास में भामाशाहों व विद्यालय स्टाफ के सहयोग से निर्मित पुस्तकालय कक्ष के लोकार्पण पर व्यक्त किए। चौधरी ने कहा कि जीवंत व सक्रिय पुस्तकालय से विद्यार्थियों की शैक्षणिक सहशैक्षणिक प्रगति भी बढ़ेगी। उन्होंने सरकार द्वारा शिक्षा के लिए उठाए गए कदमों को सराहा।उन्होंने भामाशाहों, ग्रामीणों व स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसूरी मोहनलाल बलाई ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी है, अतः कोई भी बालक बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए।उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह विद्यालय ग्रामीणों की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिह माली व पीईईओ गणपत सिंह सोलंकी ने भी विचार व्यक्त किए।लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता रानी के पूर्व प्रधान नवरतन चौधरी ने की। संस्था प्रधान इंद्रसिंह कुंपावत,भाजपा नेत्री प्रेम कंवर व एस एमसी अध्यक्ष अहमद खां के नेतृत्व में अतिथियों का भव्य स्वागत के पश्चात विधायक केसाराम चौधरी व पूर्व प्रधान नवरतन चौधरी ने नवनिर्मित पुस्तकालय कक्ष का फीता काट कर लोकार्पण किया। भामाशाह प्रेरक व शिक्षक शैतान सिंह ने चौधरी को पुस्तकालय कक्ष का अवलोकन कराया। चौधरी ने पुस्तकालय कक्ष को सराहते हुए आशा व्यक्त की कि इससे अधिकाधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।इस अवसर पर विधायक केसाराम चौधरी ने स्टाफ व ग्रामीणों की मांग पर समग्र शिक्षा से दो कक्षा कक्ष व विधायक निधि से एक सभागार (हाल) के निर्माण व टीन शैड लगाने की घोषणा की जिसका उपस्थित ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मंच संचालन शिक्षक शैतान सिंह ने किया।इस अवसर पर रमेश कुमार, मनीष मीना,पवन गेदर, अभिलाषा भाटी सहित समस्त स्टाफ सदस्य,ग्रामीण, अभिभावक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात विधायक चौधरी,सीबीईओ बलाई व ऐसीबीईओ माली ने विद्यालय के कक्षा-कक्षों का अवलोकन कर प्रिंट रिच व चाइल्ड फ्रेंडली व्यवस्थाओं के लिए संस्था प्रधान व स्टाफ को सराहा।वातावरण प्रेम कंवर द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए कृष्ण भोग आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि शहीद रामसिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शैतान सिंह की पहल पर कांकलावास के शिक्षकों व ग्रामीणों के सहयोग से पुस्तकालय कक्ष का निर्माण करवाया गया है।

# राजसमंद ऊर्जा रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का श्री करणी माता स्टेडियम देवगढ़ में हुआ शुभारम्भ

चीफ ब्यूरो किशन पालीवाल





**राजसमंद/ देवगढ़** : श्री करणी माता स्टेडियम देवगढ़ में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के तत्वावधान में तीन दिवसीय विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। खेल और कार्यक्षमता के समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में विभाग की विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 16 टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में देवगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पिंटू लाल जाट उपस्थित रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर खेल भावना के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आमेट के अधिशासी अभियंता (XEN) एस.पी. सिंह द्वारा की गई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आसींद के सहायक अभियंता (AEN) गजराज चौधरी ने शिरकत की। इस भव्य आयोजन की कमान मुख्य आयोजनकर्ता एवं देवगढ़ के सहायक अभियंता (AEN) विजयसिंह मीणा ने संभाली है, जिनके नेतृत्व में स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पिंटू लाल जाट ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कर्मचारियों का शारीरिक मानसिक तनाव कम होता है।

बल्कि उनमें आपसी तालमेल और टीम वर्क की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी दिन-रात कठिन परिस्थितियों में जनता की सेवा करते हैं, ऐसे में खेल उनके जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में एस.पी. सिंह ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ मैदान में उतरने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न जिलों से आई टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अजमेर संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों और उपखंडों की विद्युत विभाग की टीमें इस खिताब को अपने नाम करने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट आधार पर मैच खेले जा रहे हैं, जिसका समापन भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा। आयोजनकर्ता विजयसिंह मीणा ने बताया कि देवगढ़ में इस स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होना गौरव की बात है और इसमें भाग लेने वाली सभी 16 टीमें पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरी हैं।

## वरकाणा में 43वां निःशुल्क नेत्र शिविर 16 मई को वरकाणा में

पाली ब्यूरो चीफ भरत शर्मा

**पाली-रानी**। श्री भैरव चेरिटेबल ट्रस्ट, बिसलपुर द्वारा संचालित श्री भैरव आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में वर्ष 2026 की निःशुल्क नेत्र शिविर श्रृंखला का 43वां शिविर 16 मई 2026, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन श्री पार्श्वनाथ जैन विद्यालय, वरकाणा (पाली) में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा।

शिविर में आंखों की जांच एवं निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। भर्ती किए गए मरीजों को बस द्वारा बिसलपुर ले जाकर ऑपरेशन किया जाएगा तथा अगले दिन शिविर स्थल पर वापस छोड़ा जाएगा। आयोजकों ने बताया कि भर्ती होने वाले मरीज सुबह के भोजन की व्यवस्था कर शिविर में पहुंचे। साथ ही शिविर में चश्मों के नंबर निकालने की व्यवस्था नहीं रहेगी। भर्ती मरीज के साथ एक व्यक्ति के ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। शिविर के संबंध में अधिक जानकारी के लिए दिनेशजी चौधरी, हनवंतसिंहजी एवं श्री भैरव आई हॉस्पिटल से संपर्क किया जा सकता है।

# केंद्र की भाजपा सरकार से देश के किसानों को संपूर्ण कर्ज माफी की उम्मीद आज भी

- 12वर्ष पूर्व मोदी ने 100दिनों में देश के धरतीपुत्रों का संपूर्ण कर्ज माफ करने का किया था वादा।
- बीजेपी राज में किसान ठगा सा महसूस कर रहा हे ना डीजल खाद बिजली बीज के भाव कम कर पाए

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**पाली।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन के पाली जिलाध्यक्ष किसान नेता मदनसिंह जागरवाल ने देश के प्रधान मंत्री मोदी को पत्र मेल भेज कर 12 वर्ष पूर्व किए गए देश की जनता के साथ किए वादे को याद दिलाते हुए किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने की मांग की। जागरवाल ने पत्र ओर मेल में लिखा लगभग 12 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कर्ज माफी को लेकर बड़े वादे किए थे और धरतीपुत्रों को सरकार बनने के 100दिनों राहत देने की बात कही थी, लेकिन आज तक इंतजार






करते करते आज भी देश का किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। किसान को अपनी फसल की लागत भी नहीं मिल रही हे रात रात भर जाग कर जंगली जानवर सूअर नीलगाय ओर अन्य जानलेवा जानवरों से फसल की रखवाली कर दो जून की रोटी भी नहीं मिल पा रही देश के किसानों का कहना है कि भाजपा सरकार के लंबे शासनकाल के बावजूद डीजल, खाद, बीज, कीटनाशक और कृषि उपकरणों के दाम लगातार बढ़ते गए हैं, जिससे खेती की लागत कई गुना बढ़ चुकी है। वहीं फसलों के उचित दाम नहीं मिलने से भी किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों पर बैंक और सहकारी समितियों का कर्ज लगातार बढ़ रहा है। बैंक किसानों की जमीनें कुर्क करने पर उतारू हे प्राकृतिक आपदाएं, अतिवृष्टि ओला वृष्टि पाला तूफान सुखा ओर 12 वर्ष केंद्र में बीजेपी सरकार होने के बावजूद सिंचाई की एक भी परियोजना नई नहीं बनाई गई ना ही कोई बांध की भराव शमता बढ़ाई ना ही किसी बांध का कमांड श्रेत्र बढ़ा पाए , किसानी पर बीजेपी सरकार का कोई ध्यान ही नहीं गया धरती में पानी की कमी और बढ़ती महंगाई ने किसानों की स्थिति और कमजोर कर दी है। किसान संगठनों का कहना है कि यदि सरकार वास्तव में किसानों की हितैषी है तो संपूर्ण कर्ज माफी, सस्ती बिजली, डीजल व खाद पर राहत और फसलों का लाभकारी




मूल्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जागरवाल ने कहा आज देश का अन्नदाता अपने अधिकार और सम्मान की उम्मीद में सरकार की ओर देख रहा है। देश की अर्थ व्यस्था किसानों पर निर्भर हे किसान की माली हालत से किसान नहीं बचेगा तो देश कैसे बचेगा, अब गंभीर सोच का विषय बन गया,किसान नेता जागरवाल ने कहा देश में पहली बार पूर्व प्रधान मंत्री किसान नेता देवीलाल चौधरी ने पूरे देश में किसानों अन्नदाताओं का संपूर्ण कर्ज माफ कर किसानों को ऊपर उठाने का काम किया था जो आज पूरे देश का किसान याद कर रहा हे। उसी तर्ज पर प्रधान मंत्री मोदी को पहल कर भारत देश के समस्त किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ कर अपना वादा निभाए इसके अलावा पाली के सांसद पी पी चौधरी ओर राज्य सभा सासंद मदन राठौड़ से भी आग्रह है कि किसान विरोधी नहीं बनकर किसान हितैषी बनकर प्रधानमंत्री मोदी से मिल कर किए गए वादे को पूरा करवाए ।

## विधिक माप विज्ञान विभाग की टीम ने पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण, कम इंधन देने वाले पेट्रोल के नोजल को किया सीज

क्राईम रिपोर्टर माधुरी शर्मा

**उदयपुर।** उदयपुर में पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों के साथ हो रही कथित गड़बड़ियों को लेकर विधिक माप विज्ञान विभाग ने बड़ा अभियान चलाया। खाद्य उपभोक्ता मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर शहर के अलग-अलग पेट्रोल पंपों की जांच की गई। इस दौरान एक पेट्रोल पंप पर कम पेट्रोल-डीजल देने की शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद विभाग ने कार्रवाही करते हुए दो नोजल का बंद कर दिया। वहीं नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना भी लगाया गया।



ग्राहकों को सही मात्रा में पेट्रोल और डीजल मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए विधिक माप विज्ञान विभाग की टीम ने बुधवार को उदयपुर शहर के कई पेट्रोल पंपों पर औचक निरीक्षण किया। खाद्य उपभोक्ता मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में विधिक माप विज्ञान के सहायक नियंत्रक भूपराज जाटव और निरीक्षक हिमानी सिंह सोलंकी शामिल रहे। टीम ने विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 और राजस्थान विधिक माप विज्ञान प्रवर्तन नियम 2011 के तहत सुखेर स्थित आर.के. फ्यूल, फतहपुरा स्थित दिग्गज फ्यूल, पटेल सर्कल स्थित करणी रूप सर्विसेज, बलीचा बायपास रोड स्थित केएसवी फिलिंग स्टेशन और मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सालासर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप की जांच की।

जांच के दौरान पटेल सर्कल स्थित करणी रूप सर्विसेज पेट्रोल पंप पर बड़ी गड़बड़ी सामने आई। टीम को पता चला कि वहां ग्राहकों को निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल और डीजल दिया जा रहा था। शिकायत सही मिलने पर विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के दो नोजल बंद कर दिए। वहीं सुखेर स्थित आर.के. फ्यूल पर भी नियमों का उल्लंघन पाया गया। यहां आवश्यक प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं किए गए थे। इस पर विभाग ने दोनों पंपों पर दो-दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया और कुल चार हजार रुपए की वसूली की गई। निरीक्षक हिमानी सिंह सोलंकी ने बताया कि विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि उपभोक्ताओं के अधिकार सुरक्षित रहें और किसी भी ग्राहक को कम मात्रा में ईंधन न मिले।

# भारत भारती-संस्कारी नगरी वडोदरा में राष्ट्रीय एकता का जीवंत सेतु

कलमः सूबेदार मेजर रमेश सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष – भारत भारती वडोदरा, संस्थापक, आपजी आर्मी अकादमी ब्यूरो चीफ गुजरात, तरुणमित्र दैनिक हिंदी अखबार, M-8511148777.

"प्रांत अलग, राष्ट्र एक" – यही मंत्र लेकर भारत भारती पिछले 35 वर्षों से देशभर में सांस्कृतिक समरसता का अलख जगा रही है। वडोदरा, जिसे लघु भारत कहा जाता है, इस संस्था का एक मजबूत केंद्र बना हुआ है।

भारत भारती क्या है?

भारत भारती एक सामाजिक-सांस्कृतिक राष्ट्रीय संस्था है। इसका उद्देश्य है – नौकरी-व्यापार के लिए अपने गृह राज्य से दूर दूसरे प्रांत में बसे भारतीयों को एक मंच पर लाना। भाषावाद, प्रांतवाद, वेशभूषावाद से ऊपर उठकर "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को मजबूत करना। इसका आदर्श वाक्य है – "सा कला या विमुक्तये" – कला वह है जो बुराइयों के बंधन काटकर






मुक्ति दे। संस्कार भारती से प्रेरित होकर यह ललित कला के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और संस्कार जगाने का काम करती है।

स्थापना और प्रेरणा

विधिवत स्थापनाः अप्रैल 2005 में गुजरात के सूरत में हुई। नाम प्रेरणा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के प्रसिद्ध काव्य 'भारत भारती' से लिया गया है। 1989 में लखनऊ से इसकी नींव रखी गई थी, और 2005 में सूरत में इसे औपचारिक रूप मिला।

मुख्य योगदान – एकता से राष्ट्रनिर्माण तक

सांस्कृतिक एकताः गरबा, भांगड़ा, बिहू, भरतनाट्यम – सभी लोक कलाओं को एक मंच। वडोदरा में केरल, बंगाल, राजस्थान, गुजरात के नागरिक एक साथ अपनी संस्कृति प्रस्तुत करते हैं।

राष्ट्रीय चेतनाः संगीत, नाटक, चित्रकला, काव्य के जरिए राष्ट्रभक्ति और संस्कार जगाना। सांस्कृतिक प्रदूषण रोकना प्रमुख लक्ष्य।

सरदार पटेल स्मृतिः लौह पुरुष सरदार वल्लभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विशेष आयोजन। 562 रियासतों को जोड़ने वाले सरदार के एकता संदेश को घर-घर पहुंचाना।

विस्तार और वडोदरा इकाई

आज भारत भारती देश के 22 राज्यों के 78 शहरों में सक्रिय है। प्रमुख केंद्र – लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, सूरत, वडोदरा, अहमदाबाद, भोपाल, जयपुर, कोलकाता।

वडोदरा इकाई सबसे सशक्त इकाइयों में से एक है। अध्यक्ष श्री अमरेंद्र कुमार मिश्रा जी के नेतृत्व में यह दिन दूनी, रात चौगुनी प्रगति कर रही है। उनके सतत प्रयासों से वडोदरा में भारत भारती का कार्य निरंतर विस्तार पा रहा है।

आपजी आर्मी अकादमी का जुड़ाव

संस्कारी नगरी में हुए हालिया आयोजन में आपजी आर्मी अकादमी वडोदरा के बैनर को मंच पर सुशोभित किया गया। संस्थापक सूबेदार मेजर रमेश सिंह शेखावत को भारत भारती वडोदरा का उपाध्यक्ष पदभार सौंपा गया। फौजी की भाषा में कहें तो – "जैसे सीमा पर जवान देश की रक्षा करता है, वैसे ही भारत भारती संस्कृति की रक्षा कर रही है"। भारत भारती ने सिद्ध कर दिया है कि वडोदरा सचमुच लघु भारत है – जहां हर प्रांत की संस्कृति शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के साथ फल-फूल रही है।

# ग्राम विकास रथ दे रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, बड़गांव पहुंचा विकास रथ, लोगों ने दिखाया उत्साह





ब्यूरो चीफ ऋचा पानेरी

**उदयपुर/** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेशभर के ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में ग्राम विकास रथ यात्रा के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बड़गांव पंचायत मुख्यालय पहुंचने पर ग्रामीणों ने ग्राम विकास रथ का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमोद सामर ने कहा कि पात्र लोग जानकारी के अभाव में राजकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। योजनाओं की जानकारी उन लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशन में विकास रथ यात्रा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर नारायण सिंह चदाना, रथ यात्रा के जिला सह संयोजक सुरेश वैष्णव, रतन लाल गाँछा, कन्हैया लाल, कैलाश शर्मा, दिनेश शर्मा, पन्ना लाल, राहुल श्रीमाली, सुनील पालीवाल, दीपक शर्मा और बड़गांव उपखंड अधिकारी सहित सरकारी अधिकारी एसडीएम सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राजस्थान भील समाज विकास समिति का प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक, अजमेर जिले के सरवाड़ में आयोजित, जाति जनगणना, आरक्षण, सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा

स्थानीय संपादक कर्मपालसिंह सवाली

**अजमेर राजस्थान।** राजस्थान भील समाज विकास समिति का प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक अजमेर जिले के सरवाड़ तहसील के ग्राम सनोदिया में आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि राजस्थान भील समाज विकास समिति संस्थापक श्रीमान छीतर लाल झालावाड़, विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष खेमराज खराड़ी उदयपुर, प्रदेश संरक्षक मोहनलाल देवगढ़, बूंदी जिला अध्यक्ष रामरतन , कोटा से रामनाथ , झालावाड़ जिला अध्यक्ष जमनालाल, जोधपुर से आरक्षण संघर्ष समिति प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह , राजसमन्द से प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम, अजमेर से प्रदेश कोषाध्यक्ष हनुमान प्रसाद, जैसलमेर से डॉक्टर गोवर्धन लाल, ब्यावर से जिला अध्यक्ष रामलाल, केकड़ी से सत्यनारायण शाहपुरा से प्रहलाद , राजसमंद जिला अध्यक्ष उदयलाल, जिला उपाध्यक्ष रामलाल बडारडा , भीलवाड़ा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व आरक्षण संघर्ष समिति प्रदेश उपाध्यक्ष नारुलाल खराड़ी इत्यादि पदाधिकारियों ने मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रदेश संस्थापक श्रीमान छीतर लाल ने भील समाज के युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की अपील की गई , कुलदीप सिंह ने आरक्षण की समीक्षा पर चर्चा कर भील समाज को राजस्थान सरकार से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अतिशीघ्र लागू किए जाने की मांग की बात बताई नारूलाल खराड़ी ने जनगणना ,2027 में जाति आधारित जनगणना में भील दर्ज करवाने तथा धर्म कोड हिन्दू लगाया जाने की बात बताई , मोहनलाल देवगढ़ ने भील समाज के छात्र छात्राओं के लिए छात्रावास बनाने पर जोर दिया गया और बालक बालिकाओं को शिक्षा से जुड़े रहने की अपील की गई। इस दौरान हॉकी खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य स्तर पर भील समाज का परचम फहराने वाली बालिका खुशबू भील का तिलक लगाकर, माला,इकलाई पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व ग्राम पंचायत सनोदिया में भगवान शिव शंकर व माता पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई जिसमें स्थानीय विधायक महोदय द्वारा 15 लाख रुपए का सामुदायिक भवन व चार दिवारी निर्माण करवाये जाने की घोषणा की गई। इस दौरान ब्यावर जिला आरक्षण अध्यक्ष सुरेश चन्द्र , जोधपुर से विक्रम सिंह , सरवाड़ तहसील अध्यक्ष खेमराज, विधायक प्रतिनिधि सावर लाल , सरपंच सीताराम, दिलीप, दिनेश , मुकेश , महेन्द्र सहित कई पदाधिकारियों ने भी अपने उद्बोधन में सामाजिक जागरूकता हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए गए , इस दौरान कई गांवों के पंच पटेलों,गणमान्य नागरिकों महिलाओं बच्चों ग्रामीणों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी गुलाबचंद भील ने दी ।








# जनगणना - 2027 एक भी भवन चिन्हिकरण से नहीं छूटे, शत-प्रतिशत स्वगणना आईडी का हो सत्यापन मल्लिक

ब्यूरो चीफ ऋचा पानेरी

**उदयपुर, 15 मई।** भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना के प्रथम चरण के तहत शनिवार से प्रगणकों द्वारा फील्ड सर्वे का कार्य प्रारंभ होगा। जनगणना निदेशक श्री बिष्णुचरण मल्लिक ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी तथा प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलक्टर गौरव अग्रवाल की उपस्थित में हुई बैठक में श्री मलिक ने 1 से 15 मई तक चली स्वगणना प्रक्रिया की समीक्षा की। 16 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकान गणना फील्ड सर्वे को लेकर तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को




आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक के प्रारंभ में जिला जनगणना अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने जिले में जनगणना को लेकर अब तक संचालित गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। इसमें अवगत कराया कि उदयपुर जिले में स्वगणना के तहत लगभग 25 हजार लोगों ने पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वगणना दर्ज की। फील्ड सर्वे के लिए जिले में कुल शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 22 चार्ज क्षेत्र तय किए गए हैं।

इसमें कुल 3685 प्रगणक ब्लॉक निर्धारित हैं। प्रगणक स्तर तक प्रशिक्षण आयोजित किए जा चुके हैं। निदेशक श्री मल्लिक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य के दौरान कोई भी भवन चिन्हिकरण से नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे भवन आवासीय हो, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, अस्पताल, विद्यालय अथवा अन्य किसी उपयोग का हो, सभी का शत-प्रतिशत सर्वे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 16 मई से 14 जून तक चलने वाले फील्ड सर्वे कार्य के लिए पर्याप्त समय निर्धारित किया गया है, इसलिए कार्मिक जल्दबाजी से बचते हुए पूरी सावधानी और गंभीरता के साथ सही जानकारी दर्ज करें। साथ ही स्वगणना के तहत प्राप्त प्रत्येक आईडी का अनिवार्य रूप से सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। भीषण गर्मी को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश बैठक के दौरान श्री मल्लिक ने वर्तमान भीषण गर्मी को देखते हुए प्रगणकों एवं सर्वे कार्मिकों की सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया।

# माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान, जालौर के सानिध्य मे महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

### श्री क्षेमंकरी माताजी का दसवां वार्षिक महोत्सव सम्पन्न

ब्यूरो चीफ प्रकाश कुमार परमार

**जालौर, 15 मई।** माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान, जालौर द्वारा आयोजित श्री क्षेमंकरी माताजी मंदिर का दसवां वार्षिक महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव के तहत रात्रि में आयोजित भजन संध्या में रमेश लोहार एंड पार्टी ने भक्तिमय प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था मंत्री एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि महोत्सव के दौरान सोजत से महामंडलेश्वर चेतनगिरी महाराज, भेरूनाथ अखाड़े से शेरनाथ महाराज, झरनेश्वर महादेव से साईनाथ महाराज तथा जागनाथ महादेव मठ से विष्णु भारती महाराज सहित कई संत-महात्माओं का सानिध्य प्राप्त हुआ। प्रातःकाल श्री क्षेमंकरी माताजी मंदिर एवं जागनाथ महादेव मंदिर पर विधिवत ध्वजारोहण, आरती एवं भोग का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सभा भवन, भोजनशाला एवं टीनशेड रसोड़े का उद्घाटन भामाशाह परिवारों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं विधायक जोगेश्वर गर्ग, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी तथा जालौर कोतवाल देवेंद्र कच्छवाहा सहित अनेक



गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। बाहर से पधारे हुए अतिथियों, संत-महात्माओं एवं भामाशाहों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में माली समाज की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का मंच संचालन रमेश सोलंकी,पूराराम सोलंकी एवं सुरेश सोलंकी ने किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जुटाराम सोलंकी, गोपाराम, मोहनलाल माली, दिलीप सोलंकी, एडवोकेट सुरेश सोलंकी, कमलेश सोलंकी, छोगालाल, राजूराम, तेजजाराम सोलंकी, धुखाराम, लच्छीराम, पन्नालाल सोलंकी, किशनलाल, भंवरलाल, लादूराम, हुकमीचंद, अशोक सोलंकी, भोमाराम सुन्देशा, रमेश सोलंकी, नितिन सोलंकी, नाथु सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईपीएल सत्र के बाद जा सकती है ऋषभ सहित इन तीन खिलाड़ियों की कप्तानी

**एजेंसी, मुम्बई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में खराब प्रदर्शन के करण तीन टीमों के कप्तानों की कुर्सी खतरे में नजर आ रही है। ये तीनो ही लगातार दो सत्र में कप्तानी करने के बाद भी असफल रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार ये तीन कप्तान है। लखनऊ सुपर जायंट्स के ऋषभ पंत, कोलकाता नाइट राइडर्स के अजिंक्य रहाणे और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल।



ऋषभ पंत : लखनऊ सुपर जायंट्स टीम सबसे पहले टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। टीम के कप्तान ऋषभ और उनकी टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। ऋषभ न तो रन बना पाये और न ही अपनी टीम को प्रेरित कर पाये। टीम केवल तीन मैच जीत पायी और प्लेऑफ से बाहर हो गयी। ऋषभ ने अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन वह दबाव में दिखे। उन्होंने 138 के स्ट्राइक-रेट से केवल 251 रन बनाए और 11 मैचों में सिर्फ नौ छक्के लगाए, जो आधुनिक टी20 मानकों से काफी नीचे है। उनके बल्ले की लय गायब दिखी और टीम संयोजन के कुछ फैसलों ने भी प्रशंसकों को हैरान कर दिया।

अक्षर पटेल : वहीं दिल्ली कैपिल्स के कप्तान अक्षर पटेल भी कप्तान और खिलाड़ी दोनों के तौर पर प्रभावित नहीं कर पाये और 9 पारियों में 112.50 के स्ट्राइक-रेट से केवल 100 रन ही बना पाये हैं। बनाए, जिसमें से 56 रन एक ही पारी में आए और बाकी 44 रन आठ पारियों में बने, जबकि उन्होंने ज्यादातर मैचों में शीर्ष पांच में बल्लेबाजी की। गेंदबाजी में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, 12 मैचों में 36 ओवर में 8.05 की इकोनॉमी से केवल 10 विकेट ही ले पाये। उनके कई फैसलों पर भी सवाल उठे।

अजिंक्य रहाणे : कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी टीम को प्रेरित करने में विफल रहे। वह टीम के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे पर उसे एक भी मैच में तेज शुरुआत नहीं दिला पाये न ही अपने साथी अंगकृष रघुवंशी को तेज खेलने के लिए उत्साहित कर पाये। रहाणे और अंगकृष की धीमी शुरुआत के कारण टीम दबाव में रही। रघुवंशी ने 139 से अधिक के स्ट्राइक-रेट से 340 रन बनाए, जबकि कप्तान रहाणे ने 133 के स्ट्राइक-रेट से 237 रन बनाए। दोनों ने शीर्ष तीन में बल्लेबाजी की, जिससे लगभग हर मैच में शुरुआती गति धीमी रही। इन दोनों ने 11 मैचों में मिलकर सिर्फ 25 छक्के लगाए, जो किसी भी टी20 टीम के लिए चिंताजनक है।

## फिल सॉल्ट शीघ्र कर सकते हैं वापसी : पाटीदार

**एजेंसी, मुम्बई**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा है कि टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट शीघ्र ही टीम में वापसी कर सकते हैं। सॉल्ट करीब एक महीने से उंगली की चोट के कारण टीम से बाहर हैं। पाटीदार के अनुसार साल्ट अब पहले से काफी बेहतर हैं और उनके शीघ्र ही टीम से जुड़ने की संभावना है। सॉल्ट ने आखिरी बार 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला खेला था। इसके बाद उनकी उंगली में चोट लग गई थी, जिसके चलते उन्हें स्कैन और रिकवरी के लिए इंग्लैंड लौटना पड़ा था। साल्ट के बाहर होने से टीम संयोजन प्रभावित हुआ है। सॉल्ट का टीम में होना आरसीबी के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि वह प्लेऑफ में जगह बनाने के करीब है। पिछली कुछ टी20 पारियों में संघर्ष के बाद, सॉल्ट ने आईपीएल के इस सत्र में जबरदस्त वापसी की थी। उन्होंने सत्र में 202 रन बनाए हैं, जिसमें उनका औसत 33.66 और स्ट्राइक रेट 168.33 का रहा है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने दो शानदार अर्धशतकीय पारियां भी खेली थीं, जिससे टीम को अच्छी शुरुआत मिली थी। सॉल्ट की गैरमौजूदगी में युवा जैकब बेथेल को पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी मिली पर वह सफल नहीं रहे। बेथेल छह मैचों में केवल 85 रन बना पाये। उनका औसत 14.16 और स्ट्राइक रेट 121.42 का रहा है, जो टीम के लिए चिंता का विषय रहा है। अब यदि फिल सॉल्ट 17 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाते हैं, तो टीम इंग्लैंड के एक और बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स को उतार सकती है। इसके अलावा, टीम वेंकटेश अय्यर को पारी की शुरुआत का अवसर दे सकती है क्योंकि वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स सलामी बल्लेबाज रहे हैं। एक और संभावना यह है कि देवदत्त पडिक्कल को विराट कोहली के साथ ओपनिंग पर भेजा जाए और नंबर-3 पर वेंकटेश अय्यर या रजत पाटीदार को बल्लेबाजी के लिए उतारा जाए। हालांकि, सॉल्ट की आरसीबी के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प होगा, जो टीम को प्लेऑफ की दौड़ में मजबूती देगा।



## अश्विन ने डीआरएस के डेड बॉल नियम को बदलने की मांग की

**एजेंसी, चेन्नई**

पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स टीम की हार के बाद एक बार फिर निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के डेड बॉल नियम पर सवाल उठाये हैं। अश्विन के अनुसार इसी नियम का नुकसान पंजाब को हुआ है। अश्विन के अनुसार इस नियम को तत्काल बदल दिया जाये।



इस मैच में पंजाब की पारी के अंतिम ओवर में मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पारी की आखिरी गेंद विष्णु विनोद के पैड पर डाली, जिस पर मैदानी अंपायर ने उन्हें तुरंत आउट करार दे दिया। विनोद ने तत्काल रिव्यू लेने का फैसला किया, और टीवी अंपायर ने रीप्ले देखने के बाद मैदानी अंपायर के फैसले को पलट दिया, जिससे विनोद को नॉट आउट घोषित किया गया। हालांकि, अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बाद गेंद को डेड घोषित कर दिया गया था, जिसके चलते पंजाब किंग्स को लेग-बाय का एक भी रन नहीं दिया गया। अश्विन ने इसी डेड बॉल नियम की व्याख्या पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जो उनके अनुसार टीम को अनावश्यक नुकसान पहुंचाता है।

इस घटना से नाराज रविचंद्रन अश्विन ने सोशल मीडिया पर इस नियम को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, गलत फैसले की वजह से पंजाब को एक रन का नुकसान हुआ और इस नियम को जल्द से जल्द बदलना चाहिए।

## ईसीबी ने पहली बार पूर्व महिला क्रिकेटर को बनाया पुरुष टीम का कोच

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पहली बार एक महिला क्रिकेटर को पुरुष क्रिकेट टीम का कोच बनाया है। पूर्व विकेटकीपर सारा टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए इंग्लैंड की सीनियर पुरुष टेस्ट टीम का फील्डिंग कोच बनाया गया है। उन्हें कार्ल हॉपकिंसन की जगह कोच बनाया गया है। हॉपकिंसन अभी आईपीएल करार के कारण उपलब्ध नहीं हैं।ईसीबी के क्रिकेट निदेशक रॉब की सारा को कोच बनाने की घोषणा की। सारा की नियुक्ति क्रिकेट में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सारा महिला क्रिकेट की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रही हैं। उन्होंने अपने शानदार करियर में सभी प्रारुपों में कुल मिलाकर 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह बेहतरीन विकेटकीपरों में से एक रही हैं। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद से ही सारा ने कोचिंग का काम संभाला। उन्होंने पहले एंड्रयू फ्लिंटॉफ के नेतृत्व में इंग्लैंड लायंस (इंग्लैंड ए) टीम के साथ भी कोच के तौर पर काम किया है। इसमें उनके प्रदर्शन की काफी सराहना की गई। इसी को देखते हुए उन्हें सीनियर टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल किया गया है।

## इस बार फीफा विश्वकप जीतना चाहेंगे रोनाल्डो

**एजेंसी, लिस्बन**

पुर्तगाल की फुटबॉल टीम के कप्तान और स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम अब तक कई खिताब है पर वह आज तक फीफा विश्व कप नहीं जीत पाये हैं। ऐसे में अब 41 साल के हो रहे रोनाल्डो के पास विश्वकप जीतने का अंतिम अवसर है जिसका वह पूरा लाभ उठाना चाहेंगे। पांच बार के बैलन डीओर विजेता रहे रोनाल्डो ने अपने करियर में हर बड़ी ट्रॉफी जीती है पर विश्कप में अब तक वह सफल नहीं हुए है। इसलिए वह इस बार इसे हासिल करने का पूरा प्रयास करेंगे। विश्कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा। रोनाल्डो ने अब तक पुर्तगाल के लिए रिकॉर्ड 226 मैचों में 143 गोल किए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में एक विश्व रिकॉर्ड है। यह आंकड़े उनकी अटूट प्रतिबद्धता और असाधारण कौशल को दिखाता है। इस साल की शुरुआत में उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव का पर अगर वह पूरी तरह से फिट हो जाते हैं तो उनका विश्वकप खेलना तय है।



यदि रोनाल्डो विश्व कप 2026 में खेलते हैं, तो वह लियोनेल मेसी के साथ छह विश्व कप खेलने वाले इतिहास के पहले पुरुष फुटबॉलर बन जाएंगे। रोनाल्डो ने पहले ही यह साफ कर दिया है कि यह उनके करियर का आखिरी विश्व कप होगा। इससे इस विश्वकप का महत्व उनके लिए और बढ़ जाता है।

# बिजनेस

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मामूली मजबूती के साथ हुई । हालांकि बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कुछ देर के लिए गिर कर लाल निशान में भी आए, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया। लिवाली के सपोर्ट से इन दोनों सूचकांकों ने रिकवरी कर दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.46 प्रतिशत और निफ्टी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।



आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टीएमपीवी, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, कोल इंडिया और टीसीएस के शेयर 5.28 प्रतिशत से लेकर 2.01 प्रतिशत तक की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एटरनल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अडानी इंटरप्राइजेज 1.89 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,618 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,479 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,139 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर नौ शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 98.38 अंक की मामूली मजबूती के साथ 75,497.10 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक गिर कर लाल निशान में 75,251.15 अंक के स्तर तक आ गया। इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे सेंसेक्स की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली के मामूली झटके भी लगते रहे। इसके बावजूद इस सूचकांक की रफ्तार लगातार बनी रही। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 345.45 अंक की बढ़त के साथ 75,744.17 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 41.80 अंक उछल कर 23,731.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जने के कारण यह सूचकांक फिसल कर लाल निशान में 23,663.35 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके तुरंत बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया और लिवाली शुरू कर दी।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, सर्राफा बाजार में चांदी गिरावट का शिकार हो गया है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 300 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोना के विपरीत चांदी आज शुरुआती कारोबार के दौरान 10,200 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों में 24 कैरेट सोना आज 1,62,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,64,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,48,810 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,50,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

## प्राकृतिक हीरा क्षेत्र के भविष्य पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ खत्म हुआ किम्बर्ली प्रक्रिया अंतरसत्रीय सम्मेलन

**एजेंसी, मुंबई**

भारत की अध्यक्षता में मुंबई में आयोजित किम्बर्ली प्रक्रिया (केपी) अंतरसत्रीय सम्मेलन का प्राकृतिक हीरा क्षेत्र के भविष्य पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ समापन हो गया। इस अंतरसत्रीय सम्मेलन में प्राकृतिक हीरा व्यापार में पारदर्शिता, शासन और परिचालन सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत की अध्यक्षता में मुंबई में आयोजित किम्बर्ली प्रक्रिया (केपी) अंतरसत्रीय बैठक में प्राकृतिक हीरा क्षेत्र के भविष्य से जुड़े विषयों पर केपी प्रतिभागियों, पर्यवेक्षकों, उद्योग हितधारकों और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों ने चार दिनों तक एक मंच पर विचार-विमर्श किया। भारत की अध्यक्षता के मुख्य विषय, विश्वसनीयता, अनुपालन और उपभोक्ता विश्वास (3सी) के तहत आयोजित इस चार-दिवसीय बैठक का मुख्य ज़ोर वैश्विक प्राकृतिक हीरा व्यापार के भीतर पारदर्शिता, सुशासन और परिचालन तंत्र को मज़बूत करने पर था। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अंतरसत्रीय सम्मेलन के समापन अवसर पर कहा कि भारत, हीरा तराशने और पॉलिश करने के मामले में विश्व के अग्रणी केंद्र के साथ-साथ प्राकृतिक हीरों को विश्वास, जिम्मेदारी और साझा समृद्धि का प्रतीक बनाए रखने में केपी की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में, देश विश्वसनीयता, अनुपालन और उपभोक्ता विश्वास (3सी) को बढ़ावा देने और तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक बाजार में केपी की प्रासंगिकता को मजबूत करने के लिए सभी प्रतिभागियों और हितधारकों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। किम्बर्ली प्रक्रिया प्रमाणन योजना, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प 55/56, 2000 के अंतर्गत स्थापित किया गया है, एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य संघर्ष क्षेत्रों वाले हीरों को वैध व्यापार में प्रवेश करने से रोकना और प्राकृतिक हीरे की आपूर्ति श्रृंखला में जिम्मेदार स्रोत को बढ़ावा देना है। हीरा काटने और पॉलिश करने के एक प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में, भारत ने किम्बर्ली प्रक्रिया के उद्देश्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और प्राकृतिक हीरा क्षेत्र में पारदर्शिता, स्थिरता और जिम्मेदार प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।




## पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए संतुलित कदम: खंडेलवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कारोबारी संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि को ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता की दिशा में संतुलित कदम बताया है। यद्यपि इस निर्णय से उपभोक्ताओं पर कुछ अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, लेकिन इसे मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और देश के व्यापक आर्थिक हितों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।



खंडेलवाल ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के बाजार में भारी अस्थिरता उत्पन्न हुई है, जिससे इसकी कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति संबंधी चुनौतियां सामने आई हैं। भारत अपनी आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव घरेलू ईंधन व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि एक संतुलित, व्यावहारिक और जिम्मेदार निर्णय प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश में ईंधन की निर्बाध उपलब्धता बनाए रखना तथा आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना है। यदि लंबे समय तक ईंधन कीमतों को कृत्रिम रूप से नियंत्रित रखा जाए, तो इससे सरकारी वित्तीय व्यवस्था और तेल विपणन कंपनियों पर अत्यधिक दबाव पड़ सकता है, जिसका व्यापक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखते हुए ईंधन कीमतों को संतुलित रखने का प्रयास किया है तथा समय-समय पर राहत भी प्रदान की है।

## आयकर विभाग ने जारी किए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के यूटिलिटी फॉर्म

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-2026 (आकलन वर्ष 2026-27) के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के एक्सेल यूटिलिटीज फॉर्म जारी कर दिए हैं। इनकम टैक्स देने वाले करदाता अब अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। टैक्सपेयर्स अब आयकर विभाग की आधिकारिक ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर अपना रिटर्न डाउनलोड और फाइल कर सकते हैं। विभाग के मुताबिक वेतनभोगी और छोटे व्यवसायी 31 जुलाई तक अपना आईटीआर दाखिल कर सकते हैं। हालांकि, बजट 2026-27 में हुए नए बदलावों के अनुसार छोटे व्यवसायी और फ्रीलांसर (जिनके खातों का ऑडिट नहीं होता) अपना आईटीआर 31 अगस्त तक फाइल कर सकते हैं।आयकर के जानकार और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अमित रंजन ने बताया कि आयकर विभाग ने इन फॉर्मों में कुछ बदलाव किए हैं। अब उसकी यूटिलिटी को अपलोड कर दिया गया है। इसका मतलब है कि अब ये फॉर्म लाइव हो गए हैं। अब करदाता अपना आईटीआर फाइल कर सकते हैं। आयकर रिटर्न (आईटीआर) एक फॉर्म के माध्यम से करदाता अपनी आय, कटौतियों और कर देयता को आयकर विभाग के सामने उजागर करते हैं। इसे प्रत्येक वित्त वर्ष की 31 जुलाई तक दाखिल करना अनिवार्य है।

## भ्रामक विज्ञापनों के लिए दो कोचिंग संस्थानों पर लगा 15 लाख रुपये का जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जेईई और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के नतीजों को लेकर गुमराह करने वाले विज्ञापनों के लिए दो कोचिंग संस्थानों पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ अंतिम आदेश पारित करते हुए 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है, जबकि करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी), सीकर के खिलाफ 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सीसीपीए की ओर से यह कार्रवाई भ्रामक विज्ञापन, अनुचित व्यापार प्रथाओं और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन में लिप्त पाए जाने पर की गई है। सीसीपीए ने कहा कि इन दोनों संस्थानों की ओर से प्रकाशित कराये गए विज्ञापनों में उन कोर्सों के बारे में अहम जानकारी छिपाई गई थी, जिनकी सफलता की कहानियों को उनके प्रचार सामग्री में प्रमुखता से दिखाया गया था। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा द्वारा पारित आदेशों में दोनों संस्थानों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। वे अनुचित व्यापार प्रथाओं और उपभोक्ताओं के अधिकारों के हनन के दोषी पाए गए। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की ओर से यह निर्णय उपभोक्ताओं के अधिकारों को एक वर्ग के रूप में संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए तथा यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है, ताकि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के उल्लंघन में किसी भी वस्तु या सेवा के संबंध में कोई भी झूठा या भ्रामक विज्ञापन न दिया जाए।

